✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 44 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 10 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गुजरात में महिसागर नदी पर बना पुल ढहा



### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फेसबुक पर साझा की अहम घोषणा

# बिहार की डेढ़ लाख से अधिक रिक्तियों में महिलाओं को मिलेगा विशेष अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया है कि राज्य की सभी सरकारी सेवाओं और संवर्गों के सभी स्तरों पर सीधी नियुक्तियों में अब सिर्फ बिहार की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी अपने फेसबुक वाल के माध्यम से साझा की। नीतीश कुमार ने लिखा कि राज्य में इस समय 1 लाख 51 हजार 579 रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति प्रक्रिया विभिन्न चरणों में चल रही है। इन सभी नियुक्तियों में बिहार की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। यही नहीं, संविदा या आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाने वाली नियुक्तियों में भी बिहार की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को यह आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन विभागों में रिक्तियां उपलब्ध हैं, वे शीघ्र भरने की कार्रवाई करें ताकि अधिक से अधिक युवाओं को विशेषकर महिलाओं को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार राज्य में महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की सक्रिय तथा सकारात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रति पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री की इस पहल को महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के इस निर्णय से न केवल नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि यह कदम समाज में लैंगिक समानता और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूती देगा। बिहार में इससे पहले पंचायती राज, शिक्षक नियुक्तियों, पुलिस सेवा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को आरक्षण देकर उनकी भागीदारी को बढ़ाया गया है। अब यह नया निर्णय राज्य में महिला नेतृत्व और सहभागिता के नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने पटना-डीडीयू रेलखंड का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-डीडीयू रेलखंड का गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस के इंजन में लोको पायलट के साथ फुटप्लेट निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही लोको पायलट द्वारा स्टेशन एवं लेवल क्रासिंग गेट से गुजरते समय स्टेशन मास्टर/गेटमैन के साथ सिगनल का एक्सचेंज कर रहे हैं या नहीं, कॉशन ऑर्डर का पालन किया जा रहा है या नहीं तथा लोको पायलट द्वारा स्टेशन से बाहर निकलते समय एवं कर्व से गुजरते समय गाड़ी का लुक बैक किया जा रहा है या नहीं, इन सब पहलुओं का भी महाप्रबंधक द्वारा फुटप्लेट के दौरान जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने फुटप्लेट निरीक्षण के दौरान राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। महाप्रबंधक का फुटप्लेट निरीक्षण डीडीयू जं. तक जारी रहेगा तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलूओं का जायजा लिया जाएगा।

# राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। चारा घोटाले से जुडे एक पुराने मामले में एक बार फिर उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने उनकी सजा बढ़ाने की मांग करते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है जिसे कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। सीबीआई का कहना है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी जैसे गंभीर मामले में साढ़े तीन साल की सजा पर्याप्त नहीं है। यह मामला उस अवैध निकासी से जुड़ा है जिसमें लालू यादव के साथ-साथ दो अन्य अभियुक्त बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य को भी दोषी करार दिया गया था। निचली अदालत ने सभी को साढ़े तीन साल की सजा सुनाई थी। लेकिन अब सीबीआई का कहना है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए अधिकतम सजा दी जानी चाहिए। सीबीआई का तर्क है कि घोटाले ने न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया, बल्कि जनता के भरोसे को भी तोड़ा। ऐसे में निचली अदालत की सजा अपराध की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। एजेंसी चाहती है कि दोषियों को कड़ी सजा देकर एक मजबूत संदेश दिया जाए।

# बिहार में सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों के अध्यक्षों को मिला आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा सब्जी उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में 7 से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया जिसमें राज्य के विभिन्न प्रखंडों से चुने गए प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों (पीवीसीएस) के 30 अध्यक्षों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान अध्यक्षों को सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। कुल 12 सत्रों में पीवीसीएस की कार्यप्रणाली, संगठन संरचना, किसानों के लिए डिजिटल संसाधनों और मोबाइल अनुप्रयोगों का प्रयोग, फसल प्रबंधन तकनीक, कटाई उपरांत प्रक्रियाएं, बाजार से जुड़ाव, मूल्य श्रृंखला, प्रसंस्करण तकनीक, व्यवसायिक दृष्टिकोण और वित्तीय सहायता संबंधी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों और प्रबंध समिति के सदस्यों की क्षमता में वृद्धि होगी और वे वैज्ञानिक पद्धतियों तथा बाजार से जुड़ी बारीकियों को अपनाकर अपने क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। अब तक विभाग द्वारा 139 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जिनके माध्यम से 6607 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त अध्यक्ष अब अपने-अपने क्षेत्रों में वेजफेड द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करेंगे और समिति से जुड़े सभी किसानों को इन योजनाओं का लाभ दिला सकेंगे। बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी महासंघ (वेजफेड) सहकारिता के क्षेत्र में एक प्रभावी संस्था के रूप में उभर रही है। यह संस्था किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, वैज्ञानिक खेती की जानकारी, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योजना की त्रिस्तरीय संरचना में राज्यस्तर पर वेजफेड, क्षेत्रीय स्तर पर चार सब्जी संघ–हरित, तिरहुत, मिथिला और मगध–तथा प्रखंड स्तर पर 519 प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियां कार्यरत हैं। वर्तमान में इस योजना से 48 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के अंतर्गत आलू और टमाटर की प्रसंस्कृत किस्मों की खेती, प्याज भंडारण, रीटेल बिक्री केंद्र, बुनियादी संरचना का विकास और व्यापक प्रशिक्षण जैसे अनेक घटक शामिल हैं।

# जंगलराज की झलक दिखाने के लिए किया था बंद का आयोजन : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि विपक्ष की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध के नाम पर 'जंगल राज' की झलक दिखाने के लिए बंद के नाटक का आयोजन किया गया था। मगर जनता के नकारे जाने से विपक्ष के शक्ति-प्रदर्शन का यह शो पूरी तरह से फ्लॉप रहा। श्री पाण्डेय ने कहा कि राजद और कांग्रेस का मकसद मतदाताओं को गुमराह करना है। मगर बिहार की जनता पूरी तरह से सहयोग कर चुनाव आयोग की पहल को सफल बना रही है। अब तक करीब 47 प्रतिशत मतदाताओं ने पुनरीक्षण फॉर्म भरकर जमा करा चुके हैं। विपक्ष को चुनाव के चार महीने पहले से ही सम्भावित हार का डर सता रहा है। वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का विरोध कर विपक्ष अपने इसी डर को दर्शा रहा है। दरअसल चुनाव आयोग को आरोपित करना विपक्ष की उसी रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह हर चुनावी हार के बाद इवीएम को कोसता है।

# तत्काल सीएमआर नहीं गिरा तो बैंक का 25 सौ करोड़ फंसेगा : रमेश चंद्र चौबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे द्वारा नई दिल्ली में प्रहलाद जोशी, उपभोक्ता कार्य, खाद्य मंत्री एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार से मुलाकात की गई। उनसे मिलकर बिहार राज्य में अधिप्राप्ति मामले में सीएमआर गिराने संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। उनको सारी परिस्थितियों से अवगत कराया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कर सन्तोषजनक रिपोर्ट दिया गया है जिसमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली, परन्तु एफ.सी.आई, पटना के चलते मामला फंसा हुआ है। अगर तत्काल सीएमआर नहीं गिरा तो बैंक का लगभग 2500 करोड़ फंसेगा साथ ही लगभग 6400 पैक्स भी डिफाल्टर हो जायेंगे तथा संस्था समाप्त हो जाएगी। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बिहार में विधान सभा का चुनाव भी होना है जिस पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। मंत्री द्वारा सारी बातों को समझा गया एवं बताया गया कि अगर जांच करना हो तो एक से दो दिन में पुनः जांच करा लें नहीं तो सीएमआर गिराने का पत्र निर्गत करें। कल इस आशय का पत्र पटना जाएगा। उनके साथ विशाल सिंह. एन.सी.सी.एफ के अध्यक्ष महेश राय, उपाध्यक्ष, बिस्कोमान सह-अध्यक्ष, गोपालगंज जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मनोज कुमार सिंह अध्यक्ष, सिवान जिला केंद्रीय सहकारी बैंक सुधी रंजन प्रसाद, अध्यक्ष, वैशाली जिला केंद्रीय सहकारी बैंक एवं रितेश सिंह, अध्यक्ष पाटलिपुत्र जिला केंद्रीय सहकारी बैंक आदि उपस्थित थे। इतने लोगों की समस्या समाधान के लिए मंत्री को दिल से धन्यवाद दिया।

# श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम द्वारा एकादशी द्वादशी को संध्या देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 से 2000 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, भुजिया ग्रहण किए। इस भंडारे के आयोजन में आनन्द डालमिया, संजय भालोठिया, मुकेश हिसारिया, शेखर बागड़िया, जितेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडीया, पवन शर्मा, मोनू, अनुज गुप्ता, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अगरवाल, सज्जन चौधरी, सतीश खेमानी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, गोपी मित्तल, राजेश बजाज ने सहयोग किया। संस्था के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने बताया कि फाल्गुन एकादशी के अवसर पर श्री श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सारे सदस्यों ने भी हिस्सा लेकर श्याम बाबा के इस भव्य आयोजन में भाग लिया।

# 'संपूर्ण बिहार बंद' में राहुल गांधी ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा-आरएसएस के इशारे पर काम कर रहा है और महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी विधानसभा चुनाव को चोरी करने की साजिश रची जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में पटना में इंडिया गठबंधन द्वारा बुलाए गए 'संपूर्ण बिहार बंद' में हिस्सा ले रहे थे। इस दौरान उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, आलोक मेहता, सीपीआई एमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता डी राजा, वीआईपी नेता मुकेश साहनी, सीपीआई (एम) नेता एमए बेबी, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, लोकसभा सांसद तारिक अनवर, राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, लोकसभा सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, लोकसभा सांसद मनोज राम समेत अन्य गठबंधन दलों के नेताओं ने इनकम टैक्स गोलंबर से शहीद स्मारक के बीच उमड़े भारी जनसैलाब का नेतृत्व किया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले वर्ष इंडिया गठबंधन ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी और कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभा के चुनाव में उसे हार मिली। इंडिया गठबंधन ने जांच की तो पता लगा कि आश्चर्यजनक तरीके से लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच लगभग 75 लाख नए मतदाता शामिल हुए। विधानसभा चुनाव में दस प्रतिशत ज्यादा मतदाताओं ने वोट किया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर 12 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी, एमबीए, पीजीडीएम एवं एमसीए पाठ्यक्रम में निःशुल्क नामांकन के साथ स्टाइपेंड भी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अम्बेदकर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना द्वारा मैनेजमेंट के अन्तर्गत एम.बी.ए., पी.जी.डी.एम., पी.जी.सी.एम., बी.बी.ए. तथा एम.सी.ए., बी.सी.ए. एवं बी.जे.एम.सी. पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसे ए.आई.सी.टी.ई., नई दिल्ली, भारत सरकार से मान्यता के साथ ही आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सम्बद्धता प्राप्त है। राज्य में मैनेजमेंट के शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की सुविधा एवं लैब तथा स्मार्ट क्लास से सुसज्जित है। अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन राज्य के मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। प्रबंधन पाठ्यक्रम के छात्रों को शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही संस्थान में अत्याधुनिक डिजिटल लैब और नेटवर्किंग इवेंटस का भी आयोजन किया जा रहा है जो छात्रों को उनके कौशल विकास में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त कॉलेज के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा नियमित रूप से सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है जो छात्रों को बौद्धिक विकास, कैरियर गाइडेंस और वर्कशॉप के माध्यम से अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। संस्थान में नामांकित सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत निःशुल्क नामांकन, प्रशिक्षण एवं आवासीय सुविधा दी जा रही है। नामांकन हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीयन शुल्क 1.75/- जमा कर नामांकन करा सकते है। नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं को द्वितीय वर्ष से रुपया 36/- स्टाइपेंड प्रदान किया जायेगा। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए निजी बस द्वारा यातायात की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए वाई फाई कैम्पस के साथ ही एक लाख क्षमता वाली पुस्तकों की विशाल लाइब्रेरी एवं प्ले ग्राउण्ड, एडवांस कंप्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब, सेन्ट्रलाइज्ड ए.सी. ऑडिटोरियम तथा स्टूडियो संचालित है। साथ ही छात्राओं हेतु परिसर में छात्रावास एवं कैंटीन उपलब्ध है।

यह राज्य का एकमात्र संस्थान है जहां विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के लिए सारी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध है। संस्थान का संचालन अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के द्वारा किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न कॉर्पोरेट, संस्थानों एवं निगमों में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन का प्रधान कार्यालय गोला रोड मोड़, बेली रोड, दानापुर, पटना में स्थित है जहां विद्यार्थी विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अम्बेदकर ग्रुप द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अनेक शिक्षण संस्थानों का संचालन किया जा रहा है जहां प्लेसमेंट शत-प्रतिशत है। संस्थान में नामांकन हेतु छात्राओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उक्त जानकारी संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कौशल कुमार गिरी ने दिया।

# स्वस्थ जीवन और हरित भविष्य के लिए क्लबों ने की सार्थक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र और रोटरी क्लब ऑफ अद्विका ने सामाजिक सरोकार की उत्कृष्ट मिसाल पेश करते हुए दो प्रभावशाली कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। इनमें पहला निःशुल्क अस्थमा स्वास्थ्य जांच शिविर और दूसरा पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी सुरक्षा पर केंद्रित जागरूकता अभियान रहा।

गुरुद्वारा फ्रेजर रोड परिसर में आयोजित चिकित्सा शिविर में श्वसन संबंधी बीमारियों की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ. नील भारद्वाज, डॉ. अदिति कुमारी, डॉ. आद्या सिन्हा और डॉ. जुनैद जौहर ने उपस्थित लोगों की पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) जांच की। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ी अहम जानकारियां भी साझा कीं। इसके साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इस सेवा कार्य में गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह बग्गा और सचिव सरदार नरेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के प्रयासों को निरंतर जारी रखने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की अध्यक्ष शीतू गांधी, रोटरी क्लब ऑफ अद्विका की अध्यक्ष बबीता बिदासरिया, पीडीसी श्वेता सिन्हा, एडिटर रेखा सिंह और पूनम सिन्हा की सक्रिय सहभागिता रही।

# वोटबंदी और गुंडाराज के खिलाफ अभूतपूर्व रहा बिहार बंद

### सूबे की जनता को राजेश राम ने दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया वोटबंदी और गुंडाराज के खिलाफ इंडिया गठबंधन के द्वारा आहूत बिहार बंद के अभूतपूर्व सफलता पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सूबे की जनता और सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों को धन्यवाद दिया है। बंद को अभूतपूर्व बताते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता को विशेष धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने राज्य में चुनाव आयोग के वोटबंदी और गुंडाराज से आम जनता को त्रस्त कर दिया है और इसीलिए जनता ने भी इस बंद का स्वागत कर पूरा समर्थन दिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सूबे की आम जनता ने सभी जिलों में स्वतः स्फूर्त बंद का समर्थन किया और हमारे नेता और कार्यकर्ताओं ने पूरी मुस्तैदी के साथ देश और राज्य की सोई हुई सरकार और चुनाव आयोग को जगाने का काम किया।

# राहुल गांधी पिकनिक मनाने आए थे : सम्राट चौधरी

### लोकसभा चुनाव में जब उन्हें 99 सीट मिली थी, उनको लगा था कि पूरा देश जीत लिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने आए कांग्रेस नेता राहुल पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिकनिक मनाने आए थे। बिहार की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बिहार के विकास में कोई योगदान नहीं है। ये पिकनिक मनाने वाले नेता हैं, आते हैं और जाते हैं। हालांकि उन्होंने बिहार में अच्छी प्रगति को देखा होगा। पटना हवाई अड्डा वो देखे होंगे, जो बहुत अच्छा बन गया है। सम्राट चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जब उन्हें 99 सीट मिली थी, तब राहुल गांधी को लगा था कि पूरा देश जीत लिया। यह लोकतंत्र है जहां वोट लेना पड़ता है, जनता का आशीर्वाद चाहिए। यह राजतंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार का राजतंत्र समाप्त हो चुका है, यह जनता का लोकतंत्र है और जनता तय करेगी। इधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पटना साहेब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों के प्रदर्शन पर कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सड़कों पर उतरे। यह उनका अधिकार है। लेकिन सवाल है कि इस देश में एमपी, एमएलए वही बनाता है जो भारत का नागरिक हो और 18 साल की उम्र से ज्यादा का हो। जहां से वह वोट देता है, वहां का वह रहने वाला हो। कोई पटना से सांसद है तो दिल्ली में वोट नहीं दे सकता है। अगर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य हो रहा है तो उन्हें क्या परेशानी है जबकि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मतदाता सूची की एक व्यवस्था चली आ रही है। ये लोग निर्वाचन आयोग को चुनौती दे रहे हैं।

✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



आईएसएस में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 44 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 10 जुलाई 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। पीएम मोदी को बुधवार को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वितचिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया। मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद से किसी विदेशी सरकार की ओर से उन्हें प्रदान किया गया यह 27वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसके बाद दोनों देशों ने ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने कहा कि नामीबिया के संविधान की ओर से मुझे दी गई शक्ति के तहत मुझे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वितचिया मिराबिलिस' प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने नामीबिया और विश्व स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास और शांति एवं न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



सम्मानित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। मैं राष्ट्रपति, नामीबिया सरकार और नामीबिया की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से विनम्रतापूर्वक यह सम्मान स्वीकार करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत और नामीबिया की मित्रता का साक्षी है। आज इससे जुड़कर मुझे अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। मैं यह सम्मान नामीबिया और भारत के लोगों, उनकी निरंतर प्रगति और विकास तथा हमारी अटूट मित्रता को समर्पित करता हूं। एक सच्चे मित्र की पहचान कठिन समय में ही होती है। भारत और नामीबिया अपने स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारी मित्रता राजनीति से नहीं, बल्कि संघर्ष, सहयोग और आपसी विश्वास से उपजी है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और उज्ज्वल भविष्य के सपनों से पोषित हुई है। भविष्य में भी हम विकास के पथ पर एक-दूसरे का हाथ थामे आगे बढ़ते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर फोर्स का विमान क्रैश, दो की मौत

**जयपुर(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्थान के चुरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर प्रशिक्षक विमान क्रैश हो गया है। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। चुरू एसपी जय यादव ने बताया कि राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मौके पर राजलदेसर पुलिस को भेजा गया है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

भभुआ(नबिटा ब्यूरो)। रामगढ़-नुआंव पथ पर कठवा पुल के पास बुधवार को सड़क हादसे में किसान की जान चली गई। मृतक की पहचान नुआंव थाना क्षेत्र के महरो गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के रूप में हुई है। वे खेत से साइकिल से लौट रहे थे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में उनकी मौत हो गयी।

# जापान वर्ल्ड एक्सपो में भारतीय रेल की धूम

■ **जापान वर्ल्ड एक्सपो 2025 में वंदे भारत, चिनाब ब्रिज का जबरदस्त क्रेज**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में भारतीय रेल की धूम मची है। भारतीय पवेलियन में न केवल भारतीय प्रवासी बल्कि जापानी नागरिकों की भी भारी भीड़ उमड़ रही है। एक्सपो पहुंचने वाले लोगों में वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज को लेकर जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है। लोग इनके बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। कई जापानी आगंतुकों को यह जानकर आश्चर्य हो रहा है कि भारत में इतनी तेज रफ्तार और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ट्रेनें अब आम हो गई हैं। वंदे भारत की एयरोडायनॉमिक डिजाइन, इनबिल्ट सुरक्षा फीचर्स और सेमी हाई-स्पीड क्षमताओं ने तकनीक प्रेमियों को आकर्षित किया है। वहीं चिनाब ब्रिज-जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। भारतीय रेल इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक बनकर उभरा है। हिमालय की घाटियों में बना यह ब्रिज न केवल तकनीकी चुनौती को परास्त करता है बल्कि भारत के उत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद अहम है। जापानी दर्शक, खासकर इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के छात्र, चिनाब ब्रिज के 3क प्रेजेंटेशन और इंटरैक्टिव मॉडल को ध्यान से देख रहे हैं और इसके निर्माण से जुड़े विवरणों को जानने में गहरी रुचि ले रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन और चिनाब ब्रिज आधुनिक भारतीय रेल का (शेष पृष्ठ 7 पर)



# मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बिहार बंद का रहा मिला जुला असर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मतदाता गहन पुनरीक्षण के विरोध में बुधवार को बिहार बंद और केंद्रीय श्रमिक संगठनों के देशव्यापी हड़ताल का राज्य में मिला जुला असर रहा। बिहार में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण के विरोध में प्रदर्शन करने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पटना आए थे। उनके साथ बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और महागठबंधन के सभी घटक दल के नेताओं ने पटना के सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। इनमें भाकपा महासचिव डी राजा, माकपा महासचिव एमए बेबी, भाकपा-माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य शामिल थे। इस दौरान राहुल गांधी ने हाथ में संविधान की किताब लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि बिहार में वोट की चोरी की कोशिश हो रही है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव हुए। महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया गठबंधन को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। मैंने ज्यादा कुछ नहीं कहा पर डेटा पर काम करना शुरू किया। इस बीच, चुनाव आयोग के बुलावे के बावजूद महागठबंधन का कोई भी प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय नहीं पहुंचा। यह उम्मीद जताई जा रही थी कि महागठबंधन के नेता एक ज्ञापन सौंपेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विधानसभा (शेष पृष्ठ 7 पर)



# दम घुटने से तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले में मंगलवार की देर शाम एक हृदय विदारक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बिथान प्रखंड के लरझा घाट थाना अंतर्गत सलहा बुजुर्ग गांव में शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई और एक किशोर पुत्र शामिल हैं। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब राम उमेश साहू अपने आवास परिसर में बने एक पुराने शौचालय टंकी की सफाई के लिए नीचे उतरे। बताया जा रहा है कि पुरानी टंकी से नई टंकी में गैस और पानी का रिसाव हो रहा था। जब राम उमेश काफी देर तक बाहर नहीं आए तो उनके छोटे भाई दया राम साहू उन्हें देखने और बचाने के लिए उसी टंकी में उतरे। दुर्भाग्यवश, वह भी अंदर जाते ही बेहोश हो गए। इसके बाद दया राम का 15 वर्षीय बेटा राधेश्याम साहू अपने पिता और चाचा को बचाने के लिए टंकी में कूदा लेकिन वह भी दम घुटने से वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। जेसीबी और सीढ़ियों की मदद से तीनों को टंकी (शेष पृष्ठ 7 पर)

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World
सत्यमेव जयते

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक

27th MEETING OF THE EASTERN ZONAL COUNCIL

अन्तर राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

Inter State Council Secretariat, Ministry of Home Affairs, Government of India

दिनांक: 10 जुलाई, 2025 रांची, झारखण्ड

झारखण्ड में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री, बिहार और पश्चिम बंगाल के माननीय मंत्रियों तथा भारत सरकार एवं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत और जोहार है।

PR-356936 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# बकरी पालन को प्रोत्साहन देने के लिए जीविका दीदियों को प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं बकरीपालन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सशक्त करने के उद्देश्य से उड़ान जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, नवादा में पशु सखियों के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण 07 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में आगा खान फाउंडेशन के विशेषज्ञ समीर दानिश और जीविका के युवा पेशेवर सौरभ कुमार सिन्हा द्वारा पशु सखियों को बकरियों के आवास, पोषण, प्रजनन, नस्ल सुधार एवं स्वास्थ्य प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बकरीपालन की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ बकरी पालकों की आय में सुधार लाना है।



सौरभ कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण में अकबरपुर, गोविंदपुर, नरहट, रजौली, सिरदला और काशीचक प्रखंडों की कुल 28 पशु सखियाँ भाग ले रही हैं। एक पशु सखी औसतन 120 बकरीपालक जीविका दीदियों को सेवाएं प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि पशु सखी सर्विस मॉडल से न केवल बकरियों की देखरेख में सुधार हो रहा है, बल्कि इससे महिलाओं को स्वरोजगार और आय सृजन के अवसर भी मिल रहे हैं।

वर्तमान में नवादा जिले में कुल 375 पशु सखियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन के जरिए सशक्त बना रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान काशीचक प्रखंड की सामुदायिक समन्वयक सह लाइवस्टॉक नोडल अंजुषा कुमारी भी प्रतिभागियों को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बकरीपालन को वैज्ञानिक और लाभकारी बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल मानी जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# अग्नि सुरक्षा के लिए जागरूकता रथ रवाना डीएम कुंदन कुमार ने दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से अगलगी के जोखिम एवं रोकथाम को लेकर जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में बिहार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी 20 अंचलों और 15 नगर निकाय क्षेत्रों में एलईडी स्क्रीन लगे रथ के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी आबादी को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। अगलगी से होने वाली जन-धन की क्षति को कम करने के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण पहल है। किसी भी अग्निकांड की सूचना तुरंत 101 (दमकल) या स्थानीय प्रशासन को दें और सहयोग करें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (आपदा), जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जन-जागरूकता रथ के माध्यम से जिले भर में आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जाएगा।



# बिहार बंद में राहगीरों से मारपीट की घटना की जदयू ने की निंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। महागठबंधन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध में आहूत बिहार बंद के दौरान विभिन्न इलाकों से झड़प और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। सबसे चर्चित घटना हॉस्पिटल मोड़ की रही, जहां कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने एक वाहन चालक को थप्पड़ मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंद के समर्थन में जबरन वाहनों को रोका जा रहा था, इसी दौरान बहस छिड़ गई जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। इसी तरह सोहसराय के सतरह नंबर इलाके में बंद समर्थकों ने एक राहगीर से मारपीट की। बताया गया कि वह व्यक्ति किसी आवश्यक कार्य से जा रहा था, लेकिन बंद समर्थकों ने उसे जबरन रोका और विरोध जताने पर उसके साथ मारपीट की। इस घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने बिहार बंद के दौरान हुई हिंसक घटनाओं की कड़ी निंदा की है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन आम नागरिकों के साथ मारपीट, जबरन दुकानें बंद कराना और सड़कों पर उपद्रव करना निंदनीय और अलोकतांत्रिक है। जदयू नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि बंद के दौरान हुई सभी हिंसक घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ महागठबंधन का चक्का जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन ने बुधवार, 9 जुलाई को राज्यव्यापी चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। नवादा में यह आंदोलन दो भागों में चला। एक ओर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में शहर की सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की, वहीं दूसरी ओर राजद, भाकपा-माले, भाकपा, माकपा और वीआईपी समेत वाम दलों ने भी जुलूस निकालकर प्रमुख मार्गों को जाम किया।

रालोजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु कुमार ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।



उन्होंने आरोप लगाया कि यह गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के वोट काटने की गहरी साजिश है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस षड्यंत्रकारी निर्णय को अविलंब वापस लेने की मांग की। अभिमन्यु ने कहा कि यह कदम लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है और बिहार की जागरूक जनता इसका जवाब आगामी चुनाव में देगी। रालोजपा ने यह आंदोलन अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के निर्देश पर किया। इधर, महागठबंधन की ओर से नगर भवन से निकला जुलूस प्रजातंत्र चौक होते हुए सद्भावना चौक तक पहुंचा, जहां कई घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। चक्का जाम का नेतृत्व राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव, भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड भोला राम, भाकपा के जयनंदन सिंह, माकपा के दानी विद्यार्थी और वीआईपी के मिथिलेश चौहान ने संयुक्त रूप से किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा और जदयू गरीबों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का कार्य किसी राजनीतिक पार्टी के पक्ष में झुकता प्रतीत हो रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम में भाकपा माले के अजीत मेहता, नरेंद्र प्रसाद सिंह, रजौली जिला परिषद सदस्य मेवालाल राजवंशी, सुदामा देवी, रमेश पासवान, मंटू कुमार, श्रीकांत महतो, संपतिया देवी, भाकपा के उमाशंकर सिंह, अर्जुन सिंह, माकपा के मुकलेश कुमार, बिपिन कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कांवरियों की सेवा करना मेरा संकल्प : अरविन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय प्रखंड के चैरविगहा निवासी परविंदर इंटरप्राईजेज के निदेशक सह समाजसेवी अरविन्द कुमार सिन्हा पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला के मौके पर 11 जुलाई से बांका जिले के कटोरिया में निःशुल्क सेवा शिविर लगाएगें। समाजसेवी श्री सिन्हा ने बताया कि कांवरियों की सेवा करना उनके जीवन का संकल्प है। हर साल इस संकल्प को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ निभाते हैं। श्रावणी मेला में आने वाले भक्तों की सुविधा, उनका सम्मान और स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता है। उन्होने बताया कि यह शिविर 11 जुलाई से शुरू होकर पूरे श्रावणी मास तक कांवरियों की सेवा में समर्पित रहेगा। इस शिविर का संचालन कई वर्षो से लगातार किया जा रहा है। इस बार-शिविर का निर्माण दस हजार वर्ग फीट क्षेत्र में किया गया है। इसमें महिला व पुरुष कांवरियों के लिए अलग-अलग स्नानागार और शौचालय बनाए गए हैं। शिविर में 24 घंटे निःशुल्क नाश्ता चना-गुड़, दोपहर व रात का भोजन जिसमें पनीर की सब्जी, खीर, फल, नींबू चाय, ग्लूकोज, शरबत, गर्म पानी और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध रहेगा।



# संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर एलआईसी और विभिन्न बैंक रहे बंद, कर्मचारियों ने जताई एकजुटता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** संयुक्त ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान पर बुधवार को एलआईसी कार्यालय और विभिन्न बैंकों का कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हड़ताल में एलआईसी के ज्वाइंट फ्रंट में शामिल ट्रेड यूनियनों और फ़ेडरेशनों के सदस्यों ने भाग लिया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, वर्ग 3 और 4 की बहाली, आउटसोर्सिंग का विरोध, श्रम कानूनों में बदलाव का विरोध, और सार्वजनिक उपक्रमों पर हो रहे निजीकरण के प्रयासों का विरोध शामिल रहा। इस अवसर पर एलआईसी नवादा यूनियन के सचिव कॉम आशुतोष, कॉम रमन, कॉम राहुल, तथा फ़ेडरेशन के प्रतिनिधि नरेंद्र वर्मा ने भाग लिया और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार कर्मचारियों के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर, नवादा बैंकर्स कोऑर्डिनेशन कमेटी के संयोजन में बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हुए। बैंक ऑफ इंडिया के सुरेंद्र प्रसाद, प्रभात कुमार (एसबीआई) और सौरभ कुमार (केनरा बैंक) के नेतृत्व में एसबीआई सहित लगभग सभी प्रमुख बैंकों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा।



हड़ताल के कारण ग्राहकों को बीमा और बैंकिंग सेवाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने एलआईसी परिसर और बैंक शाखाओं के सामने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखा। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 61 ग्रामीणों का उपचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां (नवादा)।** प्रखंड की उकौड़ा पंचायत अंतर्गत भगवानपुर गांव में मंगलवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 61 ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर में मरीजों की शुगर, ईसीजी सहित अन्य जांचें की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। हेल्थ कैंप में पहुंचे ग्रामीणों ने सुविधा से संतुष्टि जताते हुए इसे एक जन-हितकारी पहल बताया। शिविर का आयोजन एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से उत्थान शिक्षा समिति द्वारा किया गया, जो कि सीएसआर परियोजना संजीवनी-क्लिनिक ऑन व्हील के अंतर्गत नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के 20 गांवों में संचालित है। यह परियोजना भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चिन्हित आकांक्षी जिला और प्रखंड के चयनित क्षेत्रों में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को मोबाइल ओपीडी, स्वास्थ्य जागरूकता, निःशुल्क दवा वितरण, रेफरल सेवा, स्वच्छता अभियान जैसी सुविधाएं सुलभ कराना है। शिविर के सफल संचालन में कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार पांडेय, डॉ. गौरव कुमार, गौतम कुमार, लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी एवं एमएमयू ओडी रोहित कुमार की अहम भूमिका रही। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से सुदूर गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना बेहद सराहनीय कदम है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में राजद-कांग्रेस ने किया चक्का जाम, नवादा में दिखा व्यापक असर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में महागठबंधन के आह्वान पर बुधवार को नवादा में चक्का जाम का व्यापक असर देखा गया। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। राजद के जिलाध्यक्ष उदय यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर की मुख्य सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रोक दी और कई दुकानों को बंद कराया। वहीं, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार तथा वरिष्ठ नेता मंटन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रदर्शन करते नजर आए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुकानों को बंद कराने के साथ-साथ विभिन्न बाजार क्षेत्रों में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। चक्का जाम के चलते नवादा शहर की प्रमुख सड़कें घंटों बाधित रहीं और बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। दोपहर तक चक्का जाम का असर स्पष्ट रूप से नजर आया, हालांकि इसके बाद धीरे-धीरे दुकानें खुलने लगीं और यातायात व्यवस्था सामान्य होती गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के वोट काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस निर्णय को अविलंब वापस लेने की मांग की।



# भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बुधवार को नवादा के प्रजातंत्र चौक पर बिहार बंद को सफल बनाने हेतु युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में चक्का जाम किया। चक्का जाम कार्यक्रम मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निवर्तमान समन्वयक सह बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि प्रभाकर झा ने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के सहयोग से गरीब, कमजोर, दलित, पिछड़ा और वंचित लोगों के जबरन मताधिकार को छीनना चाहती है तथा भाजपा लोकतंत्र को कुचलना चाह रही है। श्री झा ने कहा कि चुनाव आयोग पहले दिन से ही एसआईआर के माध्यम से बिहार में करोड़ों लोगों का वोटिंग का अधिकार छीनने का मास्टर प्लान तैयार कर रखी है। इसके तहत लगभग 2 से 5 करोड़ लोग वोट देने से वंचित रह सकते है। श्री झा ने कहा कि विपक्ष, जनता और सामाजिक संस्था का दबाव बढ़ा तब चुनाव आयोग आनन फानन में विज्ञापन प्रकाशित कर केवल फॉर्म भरने की बात कह रही है कागज दिखाना जरूरी नहीं। ये जनता को बरगलाने और भ्रमित करने की भाजपाई चाल का हिस्सा है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि वोटर लिस्ट तैयार करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है जनता की नहीं। बिहार लोकतंत्र की जन्मस्थली है। बिहार की जनता लोकतंत्र और संविधान पर इस भाजपाई हमले का जवाब आने वाले विधानसभा चुनाव में जरूर देगी। चक्का जाम कराने में सेवा दल के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पप्पू, विजय कुमार, पूर्व मुखिया महेश सिंह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव मुंद्रिका विश्वकर्मा, संतोष राम, गया यादव, गणेश मांझी, सच्चिदानंद सिंह, कुंदन कुमार, मनोज पासवान, गणेश रविदास, पूषा देवी, मंजू देवी, फूलमती कुमारी, सुनैना देवी, टुनटुन कुमार, टुन्नु राम, बलिराम सिंह, मनीष कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रजौली में महागठबंधन का चक्का जाम, एनएच पर तीन घंटे तक जाम में फंसी रहीं सैकड़ों गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के विरोध में बुधवार को रजौली में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने करीब तीन घंटे तक फोरलेन (एनएच-31) को जाम कर दिया, जिससे ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। चक्का जाम का नेतृत्व राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बबलू यादव, राजद राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं रजौली विधानसभा पर्यवेक्षक नंदकिशोर यादव, प्रखंड अध्यक्ष कारू राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी, उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, कुंदन दीप और अशोक यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने किया। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी हाय-हाय, चुनाव आयोग काला कानून वापस लो, देने का अधिकार वापस दो जैसे नारे लगाते हुए सरकार और चुनाव आयोग पर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी 11 आवश्यक दस्तावेजों की सूची ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए अव्यवहारिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्णय गरीबों, दलितों और ग्रामीण मतदाताओं को वोट के अधिकार से वंचित करने की एक सोची-समझी रणनीति है।



नेताओं ने सवाल उठाया कि यदि यह नियम जरूरी था, तो इसे लोकसभा चुनाव 2024 से पहले या तत्काल बाद लागू किया जाना चाहिए था, न कि बिहार विधानसभा चुनाव से ऐन तीन महीने पहले। इससे स्पष्ट होता है कि यह निर्णय एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। चक्का जाम के दौरान थानाध्यक्ष राजेश कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रण में रखा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक विशेष गहन पुनरीक्षण को वापस नहीं लिया जाता, महागठबंधन का विरोध और उग्र रूप ले सकता है।

# नशा मुक्ति को लेकर जागरुकता बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## ‘जान है तो जहान है’ सरपंच ने की अपील, लोगों ने किया समर्थन

**नारदीगंज (नवादा)।** नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को नारदीगंज पंचायत के वार्ड संख्या 4 और 10 के अनुसूचित टोला स्थित शिव मंदिर परिसर में नशा के खिलाफ जनजागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के सरपंच प्रवेश रविदास ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि नशा किसी भी रूप में जीवन के लिए घातक है। शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्ति मानसिक संतुलन खो बैठते हैं, जिससे वे गाली-गलौज, मारपीट और यहां तक कि हत्या जैसे जघन्य अपराधों तक पहुंच जाते हैं। कई बार आत्महत्या जैसे मामलों की वजह भी नशा बनता है। उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में आने वाले 50 प्रतिशत से अधिक मामलों की जड़ नशा होता है, जो समाज के लिए बेहद चिंता का विषय है। नशा करने वाले न केवल खुद को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी संकट में डालते हैं। सरपंच ने ग्रामीणों से नशा छोड़ने का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा, ‘जान है तो जहान है, नशा को ना कहें और स्वस्थ जीवन को अपनाएं।’ उनके प्रेरक संबोधन के बाद ग्रामीणों ने हाथ उठाकर नशा से मुक्ति का समर्थन किया और इसे जीवन में कभी न अपनाने की शपथ ली। बैठक में कार्तिक मांझी, वासो मांझी, महेन्द्र मांझी, पिंटू दास, राजो दास, मुकेश चौधरी, कृष्णा चौधरी, उदल पासवान समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। यह पहल नशा के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक संदेश बनकर उभरी।

# दरावां पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न 41.4% मतदाताओं ने किया मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के दरावां पंचायत समिति सदस्य पद पर बुधवार को हुए उपचुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न हो गया। मतदान को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे, जिससे मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि पंचायत के तीन सहायक मतदान केंद्रों समेत कुल 17 मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान कराया गया। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे तथा मतदाताओं की पहचान की पूरी व्यवस्था की गई थी। कुल 8,954 मतदाताओं में से 3,857 (41.4%) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के साथ ही दोनों प्रत्याशी प्रमिला देवी और रूपा सिंह की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना 11 जुलाई (शुक्रवार) को सुबह 8 बजे से कौआकोल प्रखंड कार्यालय भवन में शुरू होगी। मतगणना के लिए दो टेबल बनाए गए हैं और सुबह 10 बजे तक परिणाम आने की संभावना जताई जा रही है।

# बाबा मणिराम अखाड़ा पर सात दिवसीय लंगोट अर्पण मेला आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बिहारशरीफ शहर में स्थित बाबा मणिराम अखाड़ा एक बार फिर आस्था और परंपरा के अद्भुत संगम है। पंचाने नदी के तट पर स्थित इस ऐतिहासिक स्थल पर हर साल लंगोट अर्पण मेला का आयोजन होता है, जो इस बार 10 से 17 जुलाई तक बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। यह मंदिर देश का संभवतः इकलौता ऐसा धार्मिक स्थल है जहां भक्त भगवान को लंगोट चढ़ाते हैं। दरअसल, बाबा मणिराम एक महान संत और पहलवान थे, जिन्होंने शरीर और आत्मा की शुद्धता का संदेश देते हुए कुश्ती को अपने जीवन का माध्यम बनाया। उन्होंने 1238 ई. में अयोध्या से नालंदा आकर तपोस्थली के रूप में पिस्ता घाट को चुना और 1300 ई. में यहीं जीवित समाधि ली। बाबा की इसी पहचान को सम्मान देने के लिए भक्तजन उनकी समाधि पर लंगोट अर्पित करते हैं। वर्षों पुरानी इस परंपरा के अनुसार मेला की शुरुआत में सबसे पहला लंगोट जिला प्रशासन की ओर से चढ़ाया जाता है। इस अवसर पर पुलिस बल के जवान शास्त्रों के साथ बाबा को सलामी देते हैं, जो इस धार्मिक आयोजन को और भी गरिमामय बना देता है। मेला की शुरुआत रामनवमी के अवसर पर लंगोट अर्पण से हुई थी, लेकिन 1952 में इसे व्यापक स्वरूप मिला। उस समय के उत्पाद निरीक्षक कपिलदेव प्रसाद ने पुत्र प्राप्ति की मन्नत बाबा से मांगी थी। मन्नत पूरी होने पर उन्होंने काशी से विद्वान पंडितों को बुलाकर आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के दिन विशेष पूजा और लंगोट मेले की शुरुआत की। पहले यह आयोजन पांच दिनों का होता था, लेकिन अब यह आठ दिवसीय हो गया है। इस वर्ष मेले को और भव्य बनाने की तैयारी है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष पंडाल, ठहरने की व्यवस्था, 24 घंटे बिजली आपूर्ति तथा पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

# बिहार सरकार ने 10 लाख लोगों को दी नौकरी : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला गया (पूर्वी) द्वारा जिला अतिथि गृह सभागार में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बिहार सरकार द्वारा बिहार के युवाओं के लिए ''युवा आयोग'' गठन जैसे ऐतिहासिक एवं सराहनीय निर्णय के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा बिहार के युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हैं जिनकी दूरदर्शी सोच के कारण यह ऐतिहासिक पहल संभव हो सकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा अब तक 10 लाख लोगों को नौकरी दी गई है वहीं 24 लाख लोगों को रोजगार दिए जा चुके हैं। आने वाले समय में 14 लाख लोगों को बिहार सरकार रोजगार देगी साथ ही 2 लाख लोगों को नौकरी ऐसे कुल 50 लाख युवाओं को नौकरी बिहार सरकार देगी। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही प्रमुख योजनाएं निम्न है-जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, अंबेडकर विशेष रोजगार योजना। इएलआइ से रोजगार सृजन, खेलो इंडिया, सेना में नौकरी, प्रधानमंत्री युवा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, युवा भारत योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित कई प्रमुख योजनाएं युवाओं के रोजगार और नौकरी के लिए चलाई जा रही है। वहीं बिहार की एनडीए सरकार ने भी कुछ प्रमुख योजनाएं युवाओं के लिए चला रही है। मेडल लाओ नौकरी पाओ, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना, 12वीं पास विद्यार्थी को 4,000 का स्कॉलरशिप, ग्रेजुएट बच्चों को 6,000 का। मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना, रोजगार मेला, खेलो इंडिया, मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क परिवहन योजना, योजनाएं युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बिहार सरकार चला रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा कि युवा आयोग न केवल युवाओं की समस्याओं को समझने और समाधान प्रदान करने में सहायक होगा, बल्कि उन्हें कौशल विकास, रोजगार और नवाचार के क्षेत्र में भी सशक्त बनाएगा।

# लेवल क्रॉसिंग गेटों पर 15 दिवसीय सुरक्षा निरीक्षण अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** ब्लॉक सेक्शनों में लेवल क्रॉसिंग गेटों पर 15 दिवसीय सुरक्षा निरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। अपने पिता के निधन के एक दिन बाद भी व्यक्तिगत शोक और अंतिम संस्कार की व्यस्तताओं के बीच रेल मंत्री ने रेलवे की महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। फोन पर हुई इस समीक्षा में 'लेवल क्रॉसिंग गेट सुरक्षा' के विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया और उन्होंने इस संबंध में 11 महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं- सभी एलसी गेटों पर सीसीटीवी कैमरे तथा रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाए जाएं। बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था सौर पैनल, बैटरी बैकअप, आदि के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। यह कार्य मिशन मोड में पूरा किया जाए। सड़क यातायात के लिए बंद गेटों को सड़क यातायात के लिए खुले गेटों में बदलने के लिए नीति की समीक्षा की जाएगी। एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग कार्यों को मिशन मोड में त्वरित गति से पूरा किया जाएगा। रेलवे पीएसयू को इंटरलॉकिंग कार्यों और निर्माण कार्यों में शामिल किया जाएगा। टीवीयू की सीमा घटाई गई है-अब 10,000 टीवीयू पर ही इंटरलॉकिंग प्रारंभ की जाएगी (पहले यह सीमा 20,000 थी)। 10,000 टीवीयू से अधिक वाले सभी गेटों पर आरओबी/आरयूबी-एलएचएस योजनाओं से भिन्न होकर भी इंटरलॉकिंग अनिवार्य होगी। गैर-इंटरलॉक गेटों पर प्रतिदिन दो यादृच्छिक आवाज रिकॉर्डिंग जांच प्रति डिवीजन की जाएगी। गैर-इंटरलॉक गेटों पर वॉयस लॉगर सिस्टम की कार्यशीलता की पुष्टि सभी डीआरएम द्वारा की जाएगी।

## एक नजर

### आशा कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** बिहार राज्य आशा एवं आशा कार्यकर्ता संघ ने सीएचसी कोंच में एकदिवसीय धरना बुधवार को दिया जिसमें 14 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुणा कुमारी ने किया। आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया और सरकार से मांगों को पूरा करने की अपील की। आशा कार्यकर्ताओं ने अपने मानदेय में वृद्धि की मांग की है, जो वर्तमान में बहुत कम है। आशा कार्यकर्ताओं ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है जिससे उन्हें नियमित वेतन और अन्य लाभ मिल सके। आशा कार्यकर्ताओं ने पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभ की मांग की है जिससे उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। आशा कार्यकर्ताओं ने कोविड-19 महामारी के दौरान काम करने के लिए अतिरिक्त भत्ता देने की मांग की है।

### अंग्रेजी शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** बुधवार को कोंच पुलिस ने दिघी मठिया गांव में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि उन्हें शराब तस्करी की सूचना मिली थी जिसके बाद उन्होंने छापेमारी कर शराब बरामद किया और विकास कुमार को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में की गई वृद्धि का भुगतान डीबीटी से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में की गई वृद्धि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। जुलाई माह से बढ़े हुए दर पर मिलने वाली राशि के भुगतान को लेकर नप क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद प्रशासन द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार क्षेत्र के नौ जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कल यानी शुक्रवार को किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की सफलता को लेकर नोडल पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। नप प्रशासन द्वारा क्षेत्र के देवी स्थान चिरैली, रानीगंज प्राथमिक विद्यालय, काली मंदिर जलालपुर, प्राथमिक विद्यालय दुर्गा स्थान, मखपा मध्य विद्यालय, सामुदायिक विवाह भवन, बुढ़वा महादेव स्थान, सामुदायिक विवाह भवन नगर परिषद, डाकबंगला व मध्य विद्यालय सलेमपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की पूरी मॉनिटरिंग नप इओ राजेश कुमार झा करेंगे।

### टिकारी को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिला अंतर्गत टिकारी को रेल मार्ग से जोड़े जाने को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अरवल जिले के संगठन प्रभारी सह सचिव बेचन प्रसाद चंद्रवंशी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। निर्माण कार्य की मांग की हैं। पत्र में उन्होंने टिकारी के पर्यटन, धार्मिक व शैक्षिक महत्ता का उल्लेख करते हुए गया जी से वाया टिकारी, केसपा, लारी, कुर्था होते हुए जहानाबाद तक रेल मार्ग का निर्माण करवाये जाने हेतु आग्रह किया है।

### बंदी का व्यापक असर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** बुधवार को राजद सहित महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद का व्यापक असर गुरारू बाजार, मथुरापुर बाजार सहित आसपास के छोटे-छोटे बाजारों पर हुआ। सभी बाजारों में मेडिकल की दुकानों को छोड़कर सभी दुकानें बंद रहीं। राजद कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही एस एच 69 सहित गया - रफीगंज मार्ग पर कहीं टायर जलाकर तो कहीं स्वयं दर्जनों की संख्या में खड़ा होकर सड़कों को जाम कर दिया।

# जीविका दीदियों की भागीदारी से मतदाता सूची अभियान को मिल रही गति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत के साथ ही मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया ने जोर पकड़ लिया है। इस संदर्भ में गया जिले के स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न स्थलों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपने विवरणों को सुधार सकें। इस जागरूकता अभियान में जीविका दीदियां सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। गया में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जीविका महिला सामुदायिक संगठन से जुड़ी जीविका दीदियों द्वारा इस अभियान में अहम भूमिका निभाई जा रही है। सभी प्रखंडों में जीविका दीदियों को पुनरीक्षण फॉर्म भरने एवं उससे जुड़ी प्रक्रियाओं की विशेष जानकारी प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी को वे आगे लोगों तक पहुंचा रही हैं। इसके लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। वे पुनरीक्षण फॉर्म भरने लेकर वोट के अधिकार का प्रयोग करने में भी बता रही हैं। दीदियों ने स्वयं अपने मतदाता विवरणों को अद्यतन करने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# बिहार बंद का व्यापक असर, कोंच में सड़कों पर नहीं चले वाहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** बिहार बंद के आह्वान के बाद कोंच में सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बुधवार को ठप हो गई। महागठबंधन द्वारा बुलाए गए इस बंद का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करना है। महागठबंधन ने आरोप लगाया है कि इससे गरीब और वंचित वर्गों के मतदाताओं के नाम सूची से कट सकते हैं। नेताओं ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को जनविरोधी और असंवैधानिक करार दिया है। कोंच में प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष आगजनी कर सड़कें जाम रहीं जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हुई है। गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। वहीं राजद कार्यकर्ताओं ने करमा मोड़ पर विवेक कुमार के नेतृत्व में लगातार सुबह से शाम तक आगजनी की। बंद के दौरान विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए जिसमें महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। बता दें कि बिहार प्रदेश इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देशानुसार ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन एवं भाजपा के इशारों पर चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण (रिव्यू) कार्य में आम जनों को हो रही असुविधाओं के खिलाफ एवं उनके काले करतूतों के विरोध में बिहार बंदी का आह्वान किया गया था। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार, मोहन यादव, सुजीत यादव, मनोज सिंह यादव, शशि कुमार, दिलीप कुमार दिलेर, जयंत यादव, प्रेम शर्मा, दारा सिंह, अशोक यादव, अरुण कुमार, विनोद यादव, विकेश कुमार, लालू यादव, अजीत सिंह, कौशल दास, अवधेश गुप्ता, सुखेन्द्र यादव, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** जब तक यह पृथ्वी सुरक्षित होगी तभी तक हम सुरक्षित रहेंगे और इसलिए इसकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रकृति के तत्व पृथ्वी, जल और वायु में समनव्य बनाए रखने के लिए पेड़ों का संरक्षण भी जरूरी है और हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के अंतर्गत स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के तत्वावधान में आयोजित विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम में कही। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से यह आह्वान किया कि आप सब आज संकल्प लें कि पृथ्वी की रक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं तभी जल, जीवन और हरियाली का लक्ष्य पूरा हो सकता है। प्रो. सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि वे एक पेड़ अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण भी करें। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय पर्यावरण एवं सार्थक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन एसएलजी के अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पवन कुमार मिश्रा, प्रॉक्टर प्रो. प्रणव कुमार, प्रो. किरण कुमारी, डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम, विश्वविद्यालय परिवार के प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं शोध छात्रों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रो. अशोक कुमार ने कुलपति के साथ उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विभाग द्वारा एक संविधान पार्क भी विकसित किया जाएगा।

# हत्यारों को पुलिस जल्द करे गिरफ्तार : डॉ जितेंद्र कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत निवासी राजू रविदास के 24 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को पहाड़ के ऊपर मंगलवार की शाम गोली मारकर निर्मम हत्या किए जाने पर जदयू की वरिष्ठ नेता एवं जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति अनुसूचित जाति/जन जाति अत्याचार निवारण के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर से बात कर मृतक के आश्रित को अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत विभाग द्वारा मिलने वाले सहायता राशि को अविलंब भुगतान करने का आग्रह किया है और साथ ही हत्यारों को वरीय पुलिस अधीक्षक से गिरफ्तार कर स्पीड ट्रायल चलाने की मांग की है। डॉ कुमार ने कहा कि मृतक पढ़ने वाले बच्चे थे उनके पिता झारखंड के कोडरमा जिला में नगर निगम के कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे और मृतक दो भाई है।

# बंद का असर टिकारी में भी, नहीं खुली अधिकांश दुकानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन द्वारा बुधवार को बुलाई गई बन्द का असर टिकारी में भी रहा। टिकारी से गया व कुर्था की ओर जाने वाली सवारी वाहन नहीं चली वहीं अधिकांश दुकानें भी बन्द रही। महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता बेलहड़िया मोड़ के समीप इकट्ठा हुए आयोग व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए खुली दुकानें बन्द करवाई। नेताओं ने जुलूस शहर के प्रमुख मार्ग पर जुलूस निकाल सरकार व चुनाव आयोग के विरोध में जमकर नारेबाजी की। वहीं टिकारी मुख्य बाजार के अलावा क्षेत्र के ग्रामीण बाजार मउ बाजार, अलीपुर बाजार व पंचानपुर बाजार में भी बन्द का असर देखने को मिला। नेताओं ने कहा कि सरकार के इशारे पर आयोग काम कर रही है। आयोग लोकतंत्र की जननी माने जाने वाली मतदाताओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। आयोग के नये-नये फरमान से योग्य मतदाता का नाम भी मतदाता सूची से हटाया जाएगा। बन्द के समर्थन में राजद नेता सुभाष यादव, सुरेश यादव, बंटी यादव, विनोद शर्मा, अवधेश यादव, राम बाबू, सौरव यादव, कांग्रेस नेता सत्येन्द्र नारायण, जगरूप यादव, नाथुन पासवान, भाकपा माले नेता रवि कुमार, हरी मांझी, भोला मांझी, दिनकर मांझी सहित कई लोग शामिल थे।

### ट्रेड यूनियन की हड़ताल को लेकर बन्द रहे बैंक

ट्रेड यूनियन द्वारा बुलाई गई भारत बन्द को लेकर क्षेत्र के कई बैंक बन्द रहे। क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक सहित अन्य बैंक बन्द रहे। बैंक का कामकाज पूरी तरह ठप रहा। बैंक कर्मियों ने बैंक के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

# 11 को जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत एवं वार्ड स्तर तक होगा कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग जनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून 2025 से 400 प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है। ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। उल्लेखनीय है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत गया जिला में कुल 464368 से ऊपर की संख्या में लाभार्थी हैं। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 202564 लाभार्थी, बिहार निशक्तता पेंशन योजना के तहत 43250 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 48981 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन के तहत 1161 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 16751 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 151661 लाभार्थी है। 11 जुलाई को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पटना में कार्यक्रम आयोजित कर जून माह से लाभार्थियों को बढ़े हुए दर पर मिलनेवाली राशि को डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में अंतरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय, पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# महागठबंधन का बिहार बंद पूरी तरह विफल : अवध बिहारी पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को गलत बताकर विपक्ष का बिहार बंद को जनता ने पूरी तरह नकार दिया। पटेल ने कहा कि बिहार की जनता इनके बहकावे में नहीं आयेगी। यहां की जनता सब जानती है और इनके असली चेहरा को अच्छे से पहचानती है। महागठबंधन के उदंड कार्यकर्ताओं ने जबरदस्ती कुछ गाड़ी और दुकानें को बंद कराया जिससे लाचार और बीमार लोगों के साथ-साथ आम लोगों को भी परेशानी उठाना पड़ा। बच्चों को परेशानी न हो इसके चलते स्कूल खुद बंद रहा, पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाकी सभी जगह आम दिनों के तरह आना जाना रहा, प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त नजर आई। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम काफी तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ करा रही है।

# पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आठ माह से वेतन नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गुरारू पिछले करीब दो वर्षों से राजनीति से त्रस्त है। पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ .मो.मजहर हुसैन एवं वर्तमान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मो.शाद के बीच प्रभारी पद को लेकर चल रही तनातनी में अस्पताल का माहौल पूर्णतः बर्बाद हो चुका है। डॉ मजहर का कहना है कि मुझे आठ महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में मुझे रोगी देखना तो दूर, प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। यहां के स्टाफ अंदरुनी रूप में दो खेमों में बंट चुके हैं। अस्पताल का माहौल पूर्णतः विषाक्त हो चुका है। वर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मो.शाद एवं इनकी पत्नी डॉ संजीदा मल्लिक जो इसी अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं। पति -पत्नी सप्ताह में मात्र एक दिन बेगूसराय से संग - संग आकर खानापूर्ति कर रहे हैं। प्रशासनिक व्यवस्था समाप्त हो चुका है। कहने को तो अस्पताल में सात डॉक्टर पदस्थापित हैं, परन्तु मरीजों को मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर करना इनका एकमात्र कार्य रह गया है। मरीजों के लिए भोजन आज तक चालू नहीं किया गया है। रोगी कल्याण समिति भी नाम मात्र का ही कागजों में सिमट कर रह गया है। चिकित्सा विभाग के वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी आज तक इस ओर संज्ञान नहीं लिया गया है।


## समाहरणालय, गढ़वा
## (अनु0ज0जा0, अनु0जा0, अल्पसंख्यक एवं पि0वर्ग, कल्याण शाखा)

**(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं0–02/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों/एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक आदि सामग्रियों का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक– **18.07.2025** को अपराह्न **03:00** बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक–**19.07.2025** को अपराह्न **12:30** बजे क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची** :– पोशाक आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in पर एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic.in) पर भी देखा जा सकता है साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/
उप विकास आयुक्त, गढ़वा

PR 356885 Welfare(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–02/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for Pathway and Miscellaneous work at SC Boy's Residential School Kauakhoh Hariharganj, Palamu for the Year 2024 -25 | हरिहरगंज | 12.555 | 24000.00 | 2500.00 | 3 माह मात्र | 01/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | Estimate for the laying Flooring tiles and app waterproofing At SC Girl's Primary Residential School Dumri, chattarpur, Palamu for the Year 2024 -25 | छत्तरपुर | 24.188 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–16.07.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–18.07.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर, पलामू

PR 356835 NREP (25-26)_D



## कार्यालय
## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
## (आपूर्ति शाखा)

**—:आम सूचना:—**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (JSFSS) अन्तर्गत आच्छादित निम्न राशनकार्ड लाभुकों के द्वारा विगत 6 माह/एक वर्ष/तीन वर्ष एवं पांच वर्ष से भी अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है तथा और न ही **e-KYC** का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, जिसका प्रखंडवार विवरणी इस प्रकार है:–

District :- PALAMU

| Sl No | Block Name | RationCard NotLifted Count (6 Months) (Created 9 months before) | RationCard NotLifted Count (12 Months) (Created 15 months before) | RationCard NotLifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3 months before) | RationCard NotLifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bishrampur | 693 | 543 | 404 | 326 |
| 2 | Bishrampur (NP) | 578 | 484 | 377 | 250 |
| 3 | Chainpur | 2609 | 2118 | 1565 | 1280 |
| 4 | Chhatarpur | 1700 | 1417 | 990 | 702 |
| 5 | Haidernagar | 1103 | 688 | 554 | 477 |
| 6 | Hariharganj | 782 | 636 | 487 | 377 |
| 7 | Hussainabad | 1695 | 1417 | 1120 | 934 |
| 8 | Hussainabad (NP) | 423 | 328 | 241 | 207 |
| 9 | Manatu | 697 | 576 | 421 | 334 |
| 10 | Medininagar (Daltonganj) (Nagar Parishad) | 760 | 600 | 394 | 265 |
| 11 | Medininagar(Daltonganj) | 2282 | 1853 | 1368 | 1040 |
| 12 | Mohammad Ganj | 713 | 577 | 418 | 375 |
| 13 | Nawa Bazar | 450 | 338 | 219 | 176 |
| 14 | Nawadiha Bazar Nawadiha | 994 | 840 | 596 | 424 |
| 15 | Nilambar-Pitambarpur(Lesliganj) | 1089 | 808 | 526 | 426 |
| 16 | Padwa | 675 | 513 | 336 | 300 |
| 17 | Pandu | 974 | 820 | 627 | 509 |
| 18 | Panki | 2327 | 1770 | 1362 | 1173 |
| 19 | Patan | 1781 | 1400 | 990 | 836 |
| 20 | Pipra | 360 | 290 | 210 | 161 |
| 21 | Satbarwa | 584 | 429 | 310 | 261 |
| 22 | Tarhasi | 1060 | 772 | 484 | 389 |
| 23 | Untari Road | 369 | 310 | 238 | 206 |
| Total | | 24698 | 19527 | 14237 | 11428 |

उपरोक्त सभी राशनकार्डधारियों के द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से खाद्यान्न उठाव कार्य नहीं करने तथा अबतक e-KYC नहीं करने के कारण राज्य स्तर पर पलामू जिला का वितरण एवं e-KYC का प्रतिशत काफी कम प्रदर्शित हो रहा है।

''झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश:2024'' की कंडिका 6. (X) (ग) में उल्लेखित है कि यदि राशन का उठाव कार्डधारियों के द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया जाता है, जो जांचोपरांत उनके राशनकार्ड को रद्दीकरण का कार्य किया जायेगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में पलामू जिलान्तर्गत विगत 6 माह/एक वर्ष/तीन वर्ष एवं पांच वर्ष से भी अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशनकार्डधारी को नोटिस निर्गत एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए, साथ–साथ e-KYC भी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह माना जायेगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशनकार्ड के लिए निर्धारित शर्तों के आलोक में पात्रता नहीं रखते हैं। तदुपरांत राशनकार्ड रद्द करने की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
पलामू

PR 356892 District(25-26).D

संपादकीय

# नए दलाई लामा पर विवाद

नए दलाई लामा की नियुक्ति को लेकर चीन और तिब्बती समुदाय के बीच विवाद गहराता जा रहा है। चीन का कहना है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में उसकी भूमिका होनी चाहिए, जबकि दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से तिब्बती बौद्ध परंपराओं और धार्मिक सिद्धांतों के अनुसार होगा, जिसमें चीन का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। दलाई लामा ने कहा है कि उनके उत्तराधिकारी का चयन एक ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा, जिसमें तिब्बती आध्यात्मिक नेता, निर्वासित तिब्बती सरकार और अन्य संबंधित पक्ष शामिल होंगे। तिब्बती समुदाय इससे सहमत है। जबकि चीन का कहना है कि दलाई लामाओं का पुनर्जन्म एक धार्मिक परंपरा है, लेकिन यह एक कानूनी और पारंपरिक प्रक्रिया भी है जिसमें चीन की भूमिका अनिवार्य है। चीन के अनुसार वह दलाई लामा के पुनर्जन्म की पहचान के लिए 'गोल्डन अर्न प्रणाली' का उपयोग करेगा, जो एक पारंपरिक तरीका है जिसमें सोने के कलश में नामों को रखकर चयन किया जाता है। चीन के अनुसार दलाई लामा के पुनर्जन्म में धार्मिक और ऐतिहासिक परंपराओं का पालन करना होगा, और इसमें चीन की केंद्रीय सरकार की मंजूरी लेनी होगी। इस बीच भारत ने भारत ने चीन के दावे का विरोध करते हुए कहा है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन केवल दलाई लामा ही तय करेंगे। भारत के इस रूख पर भारत में चीनी राजदूत शू फेई होंगे ने गहरी नाराजी जताई है। दरअसल वर्तमान दलाई लामा 90 साल के हो चुके हैं, इसलिए उनके उत्तराधिकारी की खोज तेज हो गई है। लेकिन नए दलाई लामा की नियुक्ति केवल उत्तराधिकारी नामजदगी भर नहीं बल्कि यह तिब्बत की पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए एक चुनौती भी है। यह मुद्दा वैश्विक राजनीति में भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने तिब्बत में धार्मिक स्वतंत्रता के लिए समर्थन व्यक्त किया है। उधर दलाई लामा चीन को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि उनके नाम से संचालित सदियों पुरानी आध्यात्मिक संस्था उनकी मृत्यु के बाद भी जारी रहेगी तथा उनके उत्तराधिकारी की पहचान करने का अधिकार केवल उनके करीबी लोगों को होगा, न कि बीजिंग को। गौरतलब है कि चीन ने 1951 में तिब्बत पर कब्ज़ा कर लिया था और तब से इस क्षेत्र पर उसका कड़ा नियंत्रण है। उसने कहा है कि अगले दलाई लामा का चयन सिर्फ़ बीजिंग के पास है और उसने कानून में सभी वरिष्ठ तिब्बती धार्मिक नेताओं के लिए राज्य की सहमति सुनिश्चित की है। उसका कहना है कि स्वर्ण कलश - किंग राजवंश की एक रस्म जिसमें औपचारिक बर्तन से लॉटरी द्वारा नाम निकाले जाते हैं - पुनर्जन्म वाले लामाओं को पहचानने का एकमात्र वैध तरीका है। कम्युनिस्ट पार्टी को अंतिम चयन को मंजूरी देनी चाहिए। बीजिंग ने 1995 में तिब्बत के दूसरे सबसे बड़े आध्यात्मिक अधिकारी, 10वें पंचेन लामा की मृत्यु के बाद, दलाई लामा ने एक छह वर्षीय लड़के को अपना पुनर्जन्म माना। लड़का और उसका परिवार कुछ दिनों बाद चीनी हिरासत में गायब हो गया और तब से उसे नहीं देखा गया। चीन ने अपना खुद का उम्मीदवार स्थापित किया, जिसे तिब्बतियों ने व्यापक रूप से अस्वीकार कर दिया। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार, बीजिंग समर्थित पंचेन लामा ने पिछले महीने ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादारी की शपथ ली। तिब्बती बौद्धों का मानना है कि दलाई लामा, अवलोकितेश्वर का सांसारिक रूप हैं, जिन्हें करुणा के बोधिसत्व के रूप में जाना जाता है। वो एक आध्यात्मिक प्राणी हैं, जो दूसरों को आत्मज्ञान के मार्ग पर मार्गदर्शन करने के लिए दुनिया में रहते हैं। बहरहाल इस विवाद को सर्वसम्मति से ही सुलझाना चाहिए।

# युद्ध, बुद्ध, समाजवाद, सेक्युलरिज्म की छाया में बिहार चुनाव

**ऑपरेशन सिंदूर, ईरान-इजराइल युद्ध संबंधित विवाद अभी ठंडे भी नहीं हुए थे कि आरएसएस के सर कार्यवाहक होसबाले के सन् 1975 में संविधान में संशोधन कर समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्ष शब्दों को जोड़ने को लेकर चर्चा करने के सुझाव से नया तूफान आ गया। कांग्रेस ने इसे लकपने में देरी नहीं की, राहुल गांधी को एक बार फिर संघ के साथ बीजेपी को कठघरे में खड़ा करने का सुनहरा मौका मिल गया। संघ सर कार्यवाहक होसबाले का यह बयान अनुचित नहीं मगर यह कहा जाए कि इसकी टाइमिंग भी अनुपयुक्त है, तो गलत नहीं होगा। संघ बीजेपी की मातृ संस्था है, यदि बीजेपी को नुकसान होता है तो संघ की विचारधारा को चोट पहुंचेगी।**

**अनिल ठाकुर**



भारत बुद्ध का देश है। हम हमेशा शांति समर्थक एवं युद्ध विरोधी रहे है। हमने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया। हमेशा युद्ध थोपे जाने के बावजूद हम सहयोग और शांति के पक्षधर बने हुए है। प्रधानमंत्री मोदी कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों से बुद्ध के संदेश को दोहरा चुके है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति इतनी मजबूत हो गई है कि युद्ध हमारा अपना हो या किन्हीं अन्य देशों के बीच किसी ना किसी तरह हमारी अंतरराष्ट्रीय एवं आंतरिक राजनीति को प्रभावित करता है। धीरे धीरे दुनिया पुनः दो खेमों में विभाजन की तरफ जा रही है। ऐसे में भारत को तटस्थ बने रहने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। युद्ध कही भी हो आंतरिक राजनीति के दो बड़े खेमों में बंट जाने से हमारे चुनाव नतीजों भी प्रभावित होते है। स्थिति यह हो गई है कि लगता है चुनाव नहीं दलों के बीच युद्ध हो रहा है। इन परिस्थियों में बिहार चुनाव नतीजे कितने प्रभावित होगे, यह कौतूहल बना हुआ है।

इसमें कोई दो मत नहीं कि पहलगाम में आतंकी हमलों में धर्म पूछकर की गई हत्याओं एवं ईरान इजराइल के युद्ध से उपजी परिस्थितियों ने हमारी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के साथ आंतरिक राजनीति को भी बहुत हद तक प्रभावित किया है। ऑपरेशन सिंदूर को अचानक रोक देने एवं ईरान इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा में तत्काल युद्धविराम की मांग वाले प्रस्ताव में इजराइल के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पर वोटिंग में अनुपस्थित रहने को लेकर सरकार एवं विपक्ष में घमासान जारी है। पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध उचित कार्यवाही को लेकर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच जो सहमति बनी थी, वह दो दिन में ही तार तार हो गई थी। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि स्थगन, ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत सैन्य कार्यवाही, विदेश मंत्री के बयान, युद्ध विराम में अमरीकी राष्ट्रपति की भूमिका आदि के बारे में इतनी चर्चा हो चुकी है कि उसे दोहराने की जरूरत नहीं है। लेकिन ये सारे मुद्दे बन गए है। कांग्रेस एवं अन्य विपक्ष का मसला सिर्फ यह है कि बीजेपी इसका लाभ बिहार चुनावों में ना ले पाए। इसलिए वह कोई ना कोई बहाना ढूंढकर सरकार को कटघरे में खड़ा कर रही है। विपक्ष का व्यवहार कुछ सवाल जायज होने पर भी टाइमिंग के संदर्भ में अनुचित ही कहा जाएगा। कांग्रेस का हमारे कितने लड़ाकू विमान पाक ने मार गिराए वाले सवाल से उसकी मंशा के अतिरिक्त देश के प्रति निष्ठा पर भी शंका जाहिर करती है। भारत अभी तक पाकिस्तान से दो बार पारंपरिक युद्ध लड़ चुका है। अभी तक सरकार या सेना की और से अधिकृत या अनौपचारिक रूप से कभी नहीं बताया गया कि इन युद्धों में हमें कितने टैंक या लड़ाकू विमानो का नुकसान हुआ था, ना ऐसी कोई परंपरा है। तो फिर इस समय यह सवाल सेना का मनोबल गिराने का प्रयास नहीं तो क्या कहा जाए। जुलाई में संसद का अधिवेशन बुलाया जा चुका है, जहां सरकार इन सवालों से बच नहीं सकती, उसे जवाब तो देना ही है।

इसी तरह संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजराइल की निंदा प्रस्ताव में अनुपस्थिति को लेकर भी विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि ईरान से हमारे सदियों पुराने संबंध है, अतः भारत ने ईरान का खुला समर्थन नहीं कर बहुत बड़ी गलती की है। जबकि सरकार का स्पष्ट मत है कि मतदान में अनुपस्थित रहकर हमने दोनों मित्र देशों के प्रति समान रवैया अपनाया एवं शांतिपूर्ण ढंग से समस्या के निदान का आग्रह किया था। यदि ईरान हमारा पुराना मित्र है तो इजराइल ने भी हर युद्ध के समय सैन्य सहायता एवं समर्थन किया है। ऑपरेशन सिंदूर, ईरान-इजराइल युद्ध संबंधित विवाद अभी ठंडे भी नहीं हुए थे कि आरएसएस के सर कार्यवाहक होसबाले के सन 1975 में संविधान में संशोधन कर समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्ष शब्दों को जोड़ने को लेकर चर्चा करने के सुझाव से नया तूफान आ गया। कांग्रेस ने इसे लकपने में देरी नहीं की, राहुल गांधी को एक बार फिर संघ के साथ बीजेपी को कठघरे में खड़ा करने का सुनहरा मौका मिल गया। संघ सर कार्यवाहक होसबाले का यह बयान अनुचित नहीं मगर यह कहा जाए कि इसकी टाइमिंग भी अनुपयुक्त है, तो गलत नहीं होगा। संघ बीजेपी की मातृ संस्था है, यदि बीजेपी को नुकसान होता है तो संघ की विचारधारा को चोट पहुंचेगी।

बिहार चुनाव में इन मुद्दों का कितना असर होगा यह विश्लेषण करते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि बिहार एवं उत्तरप्रदेश की राजनीति आज भी जातिवाद केंद्रित है। जबकि उत्तर भारत के अन्य राज्यों जैसे मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं गुजरात में नेतृत्व क्षमता एवं मुद्दे प्रमुख कारक होते है। यह भी देखने में आया है कि राज्य चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों के बजाय स्थानीय मुद्दे ज्यादा असरकारक एवं निर्णायक होते है। बिहार चुनाव में यादवों एवं बिहार के कुछ जिलों में मुस्लिमों की घनी आबादी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बिहार में यादवों के एकछत्र नेता लालू यादव है इसमें किसी को कोई शंका नहीं है। कुछ मजबूरियों के चलते उन्होंने पार्टी की कमान अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को सौंप दी थी। यह कहने में भी कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि तेजस्वी एक सशक्त नेता के रूप में उभरे है। कमजोर से कमजोर मुद्दे पर भी नीतीश सरकार को घेरने में वे कोई चूक नहीं करते। बिहार एवं उत्तरप्रदेश में यादव मुस्लिम समीकरण चुनाव में असर कारक होता है। इसीलिए बिहार में कांग्रेस राजद के साथ गठबंधन को आतुर थी, लेकिन कन्हैया कुमार एवं तेजस्वी के बीच वर्चस्व की लड़ाई बहुत बढ़ी बाधा थी।

राहुल ने बिहार के दो तीन दौरे कर किसी तरह अभी तो इस समस्या को सुलझाकर राजद से समझौता कर लिया है। लेकिन देखना होगा कि सीट बंटवारे में कांग्रेस कितनी सीट हांसिल कर पाती है। पिछले चुनाव में अच्छी संख्या में सीट मिलने के बावजूद बहुत कम सीटे जीत पाई थी। तेजस्वी ने पिछले कुछ समय में अपनी लोकप्रियता में बढ़ोतरी की है, इसलिए वे किसी दबाव में आयेंगे, ऐसा नहीं लगता। तेजप्रताप यादव प्रसंग से यादव परिवार में कलह से पार्टी को कोई विशेष नुकसान की संभावना नहीं दिखती। कांग्रेस के कन्हैया कुमार अपनी तर्क एवं कुशल वक्तृत्व शैली के बावजूद मतदाताओं को प्रभावित करने में दो चुनाव हारकर नाकाम ही रहे है। स्वर्ण जाति के होने से पिछड़े वर्ग को वे शायद ही आकर्षित कर पाए।

एनडीए गठबंधन के लिए भी राह आसान नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश बाबू के स्वास्थ्य एवं मानसिक स्थिति को लेकर कई बातें हवा में होने के बावजूद पार्टी में उनकी पकड़ एवं वोट बैंक मजबूत है। चिराग पासवान के बिहार की राजनीति में आने की चर्चा से उनकी मुश्किलें बढ़ी है। चिराग की वजह से ही पिछले चुनाव में उन्हें अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ा था। यह तो बीजेपी ने वक्त की नजाकत एवं नीतीश बाबू के पिछले इतिहास को देखते हुए उन्हें अपने खेमे में बनाए रखा वरना बीजेपी के मुख्यमंत्री लिए पांच वर्ष सरकार चलाना मुश्किल होता। चिराग पासवान की पार्टी कितनी सीटें निकाल पाएगी बिहार में उनका भविष्य उसी अनुसार तय होगा। चिराग के निर्णय से बीजेपी की चिंताएं भी बढ़ना स्वाभाविक है। बीजेपी नेता सम्राट चौधरी अभी तक पूरे प्रदेश में अपनी पकड़ नहीं बना पाए है। बीजेपी किस तरह शक्ति संतुलन साधती है, बहुत कुछ इस पर निर्भर होगा। अमित शाह एवं प्रधानमंत्री हमेशा की तरह बिहार चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की शुरुआत कर चुके है। तेजस्वी एवं पीके जैसे दो सशक्त विरोधियों के होते एनडीए कितने संगठित तरीके से चुनाव लड़ता है सारा दारोमदार उसी पर है। कांग्रेस की स्थिति ऊंट के मुंह में जीरे की तरह है। लेकिन राहुल गांधी का संविधान बचाओ का नारा पार्टी एवं गठबंधन को फायदा पहुंचा सकता है। इसके विपरीत मोदी का राष्ट्रवाद एवं जातीय जनगणना का निर्णय कितना कारगर होगा यह नतीजों से पता चलेगा। नीतीश सरकार के लिए एंटी इनकंबेंसी इस बार कुछ असर दिखाएगी यह संभव है।

एजेंसियों के सर्वे में अभी तो तेजस्वी आगे बने हुए है, लेकिन बीजेपी नेतृत्व अंतिम समय तक अपनी रणनीति एवं मेहनत में कोई कसर नहीं रखता। संघ की भूमिका का बीजेपी में महत्वपूर्ण रोल होता है, बीजेपी नेतृत्व किस तरह संघ से सामंजस्य बना कर लक्ष्य हासिल करता है, यह अहम सवाल है। अभी बिहार चुनाव में करीब तीन माह बाकी है, तेजी से बदलती घटनाओं की श्रृंखला में कब कौन सा नया नरेटिव जन्म ले ले कुछ कह नहीं सकते।

अध्यात्म

## परेशानियां हमारी शक्ति बढ़ाती हैं

पुराने समय में एक राजा के दरबार में एक विद्वान और परिचित संत पहुंचे। संत जीवन के प्रति गहन जीवनदृष्टि रखते थे। राजा संत का बहुत सम्मान करता था और उन्हें अपने निकटतम लोगों में मानता था। संत दरबार में आए तो राजा ने आदरपूर्वक खड़े होकर उनका स्वागत किया। संत ने हाथ उठाकर राजा को आशीर्वाद दिया- आपके शत्रु चिरंजीवी हों।

ये बात सुनते ही सभी दरबारी हैरान हो गए। राजा के चेहरे पर भी हैरानी और असंतोष के भाव थे। दरबार के कई मंत्री, जो उस संत से ईर्ष्या करते थे, ये दृश्य देखकर प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि अब राजा इस संत को दरबार से निकाल देंगे, लेकिन राजा ने अपने गुस्से पर संयम रखते हुए कुछ नहीं कहा। संत ने स्थिति को समझते हुए कहा, महाराज, क्षमा करें। मैंने आपको कुछ दिया, लेकिन आपने उसे स्वीकार नहीं किया। राजा ने आश्चर्यचकित होकर पूछा, आपने मुझे क्या दिया? संत बोले, राजन्, मैंने आपको आशीर्वाद दिया, लेकिन आपने उसे लेने से इनकार कर दिया। राजा ने गंभीर स्वर में कहा, मैं ऐसा आशीर्वाद कैसे ले सकता हूं, जिसमें आपने मेरे शत्रुओं की दीर्घायु की कामना की है? संत मुस्कुराए और बोले- महाराज, यही आशीर्वाद आपके राज्य और आपके लिए कल्याणकारी है। जब तक आपके शत्रु जीवित रहेंगे, आप सदा सचेत रहेंगे। आपकी बुद्धि, पराक्रम और सावधानी बनी रहेगी। आपको हर निर्णय सोच-समझकर लेना होगा। शत्रु आपका सामना करेंगे तो आप अपने सामर्थ्य को और विकसित करेंगे, लेकिन जिस दिन आपके शत्रु नहीं रहेंगे, आप लापरवाह हो सकते हैं। तब कोई अनजान संकट आपको हानि पहुंचा सकता है। राजा इस बात को गहराई से समझ गए। उन्होंने मुस्कराते हुए संत के आशीर्वाद को स्वीकार किया और उनके ज्ञान को नमन किया।

**सीखः** इस कथा में छिपा है एक जीवन सूत्र छिपा है- चुनौतियां ही जीवन की असली शिक्षक हैं। जब तक जीवन में बाधाएं, विरोध, या कठिनाइयां रहती हैं, हम स्वयं को सक्रिय, सतर्क और सीखने के लिए तत्पर रखते हैं। यही मुश्किलें हमारी योग्यता को निखारती हैं, ठीक वैसे ही जैसे आग में तपकर सोना अपनी चमक पाता है। यदि सब कुछ सहज और सरल हो जाए, तो मनुष्य सुस्त हो जाता है। प्रगति वहीं होती है, जहां संघर्ष है। हर कठिनाई हमें बेहतर बनने का अवसर देती है। इसलिए जीवन में जब भी समस्याएं आएं, उन्हें शत्रु न मानें, बल्कि उन्हें अपने विकास का जरिया समझें, क्योंकि सच्ची सफलता उन्हीं को मिलती है, जो अड़चनों से घबराते नहीं, बल्कि उन्हें पार करने का साहस रखते हैं।

# अमेरिकी कृषि उत्पाद बेचने से बचे भारत

**भारत और अमेरिका के बीच 9 जुलाई से पहले व्यापार समझौता होना हैं। यदि भारत अमेरिका की शर्ते नहीं माना है तो 9 जुलाई से टैरिफ यानी अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगाया जाने वाला कर 10 से बढ़ाकर 26 प्रतिशत हो जाएगा। भारत चाहता है कि जल्द अंतरिम व्यापार समझौता हो जाए। लेकिन अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए चाहता है कि भारत में उसे कृषि और डेयरी उत्पाद बचने की अनुमति दी जाए। चीन ने अमेरिकी उत्पात खरीदने से मना कर दिया है। भारत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दबाव के बावजूद अमेरिका के लिए कृषि उत्पाद का बाजार खोलने के पक्ष में नहीं है। दरअसल भारत की 70 करोड़ से भी अधिक आबादी कृषि, दूध और मछली व अन्य समुद्री उत्पादन पर आश्रित है। इन उत्पादों से जुड़े लोग आत्मनिर्भर रहते हुए अपनी आजीविका चलाते हैं। हालांकि भारत सरकार इनकी आर्थिक स्थिति को ओर मजबूत बनाए रखने की दृष्टि से मुफ्त अनाज, खाद्य सब्सिडी और किसानों को छह हजार रुपए प्रतिवर्ष अनुदान के रूप में देती है।**

**प्रमोद भार्गव**

भारत की 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि और उससे जुड़े उत्पाद हैं। अब अमेरिका इस परिप्रेक्ष्य में भारत पर व्यापक दबाव बनाकर द्विपक्षीय बातचीत करने का दबाव बना रहा है। अमेरिका चाहता है कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार तो खुले ही उत्पादों पर शुल्क भी कम करे। यदि भारत कोई समझौता करता है तो ब्रिटेन और यूरोपीय संघ भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए दबाव बनाएंगे। यूरोपीय संघ चीज व अन्य दुग्ध उत्पादों पर शुल्क कटौती की इच्छा जता चुका है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत में इन मुद्दों को द्विपक्षीय वार्ता में शामिल करने की बात कही है। किंतु भारत के लिए कृषि में बाहरी दखल एक संवेदनशील मसला है, क्योंकि हमारे किसान विदेशी पूंजीपतियों से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं।

भारत में कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक सांस्कृतिक तरीका भी है। इसीलिए भारत के जितने भी पर्व हैं, उनका पंचांग कृषि पद्धति पर ही आधारित है। जबकि अमेरिका व यूरोपीय देश कृषि को मुनाफे का उद्योग मानते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 176 अरब डॉलर था, जो उसके कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हैं। बड़े पैमाने पर मशीनीकृत खेती और भारी सरकारी सब्सिडी के साथ अमेरिका और अन्य विकसित देश भारत को अपने निर्यात का विस्तार करने के लिए आकर्षक बाजार के रूप में देखते हैं। जबकि भारत अपने कृषि क्षेत्र को मध्यम से उच्च शुल्क की कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा संरक्षित किए हुए है ताकि अपने किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके। कृषि क्षेत्र को मुक्त बाजार बनाने का मतलब है कि आयात प्रतिबंधों और शुल्कों को कम करना। कृषि को बाहरी सब्सिडी वाले विदेशी आयातों के लिए खोलने का अर्थ होगा, सस्ते खाद्य उत्पादों का भारत में आना, यह खुलापन भारतीय किसानों की आय और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी।

ऐसा ही दबाव भारत पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने जेनेवा में 2022 में हुई बैठक में बनाया था। यहां तक कि अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों ने भारतीय किसानों को दी जाने वाली कृषि अनुवृत्ति (सब्सिडी) का जबरदस्त विरोध किया था। ये देश चाहते हैं कि किसानों को जो सालाना छह हजार रुपए की आर्थिक मदद और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदने की सुविधा दी जा रही है, भारत उसे तत्काल बंद करे। यही नहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देशभर के 81 करोड़ लोगों को जो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है उस पर भी आपत्ति जताई थी। देश की करीब 67 फीसदी आबादी को मुफ्त अनाज मिलता है। इस कल्याणकारी योजना पर 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का खर्च सब्सिडी के रूप में प्रति वर्ष होता है। परंतु भारत ने अपने किसान और गरीब आबादी के हितों से समझौता करने से साफ



इंकार कर दिया था। इसे डब्ल्यूटीओ के तय नियमों का खुला उल्लंघन करार दिया गया था। क्योंकि नियमानुसार अनाजों के उत्पादन मूल्य पर 10 प्रतिशत से ज्यादा सब्सिडी नहीं दी जा सकती है। जबकि भारत इससे कई गुना ज्यादा सब्सिडी देता है। दरअसल इन देशों का मानना है कि सब्सिडी की वजह से ही भारतीय किसान चावल और गेहूं का भरपूर उत्पादन करने में सक्षम हुए हैं। इसी का परिणाम है कि भारत गेहूं व चावल के निर्यात में अग्रणी देश बन गया है। बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, फिलीपींस और नेपाल के अलावा 68 देश भारत से गेहूं आयात करते हैं। भारत दुनिया के कुल 150 देशों को चावल का निर्यात करता है। अमेरिका को भारत की यह समृद्धि फूटी आंख नहीं सुहा रही है।

किसी भी देश की प्रतिबद्धता विदेशी हितों से कहीं ज्यादा देश के किसान, गरीब व वंचित तबकों की खाद्य उत्पादन और सुरक्षा के प्रति ही होनी चाहिए। लिहाजा नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के समय से ही किसानों के हित में खड़े दिखाई दिए हैं। अतएव 2014 में इसी जेनेवा में डब्ल्यूटीओ के हुए सम्मेलन में नरेंद्र मोदी ने भागीदारी करते हुए 'समुचित व्यापार अनुबंध' (ट्रेड फैलिसिटेशन एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस करार की सबसे महत्वपूर्ण शर्त थी कि संगठन का कोई भी सदस्य देश,अपने देश में पैदा होने वाले खाद्य पदार्थों के मूल्य का 10 फीसदी से ज्यादा अनुदान खाद्य सुरक्षा पर नहीं दे सकता है। जबकि भारत खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देश की 67 फीसदी आबादी खाद्य सुरक्षा के दायरे में है। इसके लिए बतौर सब्सिडी जिस धनराशि की जरूरत पड़ती है, वह सकल फसल उत्पाद मूल्य के 10 फीसदी से कहीं ज्यादा बैठती है। दरअसल सकल फसल उत्पाद मूल्य की 10 फीसदी सब्सिडी का निर्धारण 1986-88 की अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर किया गया था। इन बीते साढ़े तीन दशक में मंहगाई ने कई गुना छलांग लगाई है। इसलिए इस सीमा का भी पुनर्निर्धारण जरूरी है। यही वह दौर रहा है, जब भूमण्डलीय आर्थिक उदारवाद की अवधारणा ने बहुत कम समय में ही यह प्रमाणित कर दिया कि वह उपभोक्तावाद को बढ़ावा देकर अधिकतम मुनाफा बटोरने का उपाय भर है।

टीएफए की सब्सिडी संबंधी शर्त, औद्योगिक देश और उनकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के इसी मुनाफे में और इजाफा करने की दृष्टि से लगाई गई है। जिससे लाचार आदमी के आजीविका के संसाधनों को दरकिनार कर उपभोगवादी वस्तुएं खपाई जा सकें। नवउदारवाद की ऐसी ही इकतरफा व विरोधाभासी नीतियों का नतीजा है कि अमीर और गरीब के बीच खाई लगातार बढ़ती जा रही है। दरअसल देशी व विदेशी उद्योगपति पूंजी का निवेश दो ही क्षेत्रों में करते हैं, एक उपभोक्तावादी उपकरणों के निर्माण और वितरण में, दूसरे प्राकृतिक संपदा के दोहन में। यही दो क्षेत्र धन उत्सर्जन के अहम स्रोत हैं। उदारवादी अर्थव्यवस्था का मूल है कि भूखी आबादी को भोजन के उपाय करने की बजाय विकासशील देश पूंजी का केंद्रीकरण एक ऐसी निश्चित आबादी पर करें,जिससे उसकी खरीद क्षमता में निरंतर इजाफा होता रहे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिये। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

**वृषभ**
आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें।

**मिथुन**
मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की सम्भावना बन रही है।

**कर्क**
अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिये जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**सिंह**
आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे।

**कन्या**
नये व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

**तुला**
किसी को उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है।

**वृश्चिक**
नये विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। वैवाहिक सम्बन्ध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा।

**धनु**
आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नयी योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं।

**मकर**
व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यन्त भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है।

**मीन**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

# मसौढ़ी में विपक्ष ने किया विरोध प्रदर्शन, चक्का जाम

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्ष ने तेज की लामबंदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्ष ने लामबंदी तेज कर दी है। ऐसे में बुधवार को महागठबंधन की ओर से बिहार में चक्का जाम का ऐलान किया है। जहां सुबह से ही मसौढ़ी में कर्पूरी चौक, रेलवे गुमटी चौराहा, आनुमंडल चौराहा, धनरूआ में पभेडी मोड, वीर बाजार, बेलदारी चक मोड, पुनपुन में पुनपुन बाजार, अजय चौक के अलावा कुल 12 जगहों पर टायर जला कर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। बिहार बंद में विपक्ष के सभी पार्टियों सड़कों पर उतरकर विरोध कर कर रहे हैं। मसौढ़ी में राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, सीपीएम, और ट्रेड यूनियन भी विरोध प्रदर्शन करते नजर आए हैं। बिहार बंद के दौरान सभी दुकानें बंद रही। दरअसल बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चला रहा है। राजद और कांग्रेस समेत कई दल चुनाव आयोग के इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्ष ने लामबंदी तेज करते हुए। महागठबंधन ने बिहार में चक्का जाम कर विरोध जताया। चुनाव आयोग पर षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया है। सरकार अपने फायदे के लिए दबाव डालकर उनसे नाम हटवा सकती है। बंद के दौरान राजद के प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, राम उचित चौधरी, मनोज कुमार यादव, नरेश यादल, अरूण कुमार, बिट्टू यादव, पालटन सिंह, सदन मांझी, भाकपा माले के कमलेश कुमार, संजय कुमार, कांग्रेस के इंद्रमणी देवी, मृत्युंजय पांडेय, सुरेंद्र साव, जन अधिकार पार्टी के महेंद्र सिंह अशोक, विकास यादव, धनरूआ में प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, प्रखंड उप प्रमुख प्रेम कुमार, चंदन यादव, पैक्रास अध्यक्ष जकुमार, कमलेश प्रसाद, जितेंद्र राम अकलु, विरेंद्र, रिकू देवी, मेघन गोप समेत सैकड़ो की संख्या में समर्थक रहे।

# राजद विधायक के खिलाफ सड़क पर उतरे राजद कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** वोटर वेरीफिकेशन के खिलाफ पूरे बिहार में बुधवार को इंडिया गठबंधन की सभी दलों के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चक्का जाम का ऐलान किया है। मसौढ़ी में जगह-जगह पर सुबह से ही सड़कों पर उतरकर टायर जलते हुए विरोध प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। सभी दुकानें बंद है। लेकिन दूसरी और राजद के ही कार्यकर्ता मसौढी के राजद विधायक रेखा देवी के खिलाफ सड़क पर उतरकर सड़क जाम कर विरोध कर रहे हैं। आक्रोशित राजद कार्यकर्ताओं में शयाम देव उर्फ मथुरा प्रसाद पूर्व मुखिया, छाती पंचायत के पूर्व मुखिया मथुरा की माने तो जिस तरह से पूरे बिहार में नीतीश के खिलाफ गुस्सा फूट रहा है। नीतीश के खिलाफ लोग त्रस्त हैं, उसी तरह से मसौढ़ी में हम सभी राजद कार्यकर्ता मसौढ़ी विधानसभा के राजद के विधायक रेखा देवी से त्रस्त हैं। परेशान हैं। इस इस बार टिकट नहीं मिलना चाहिए, इसके साथ ही सभी आक्रोशित राजद कार्यकर्ताओं ने रेखा हटाओ मसौढ़ी बचाव के बैनर चले विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की है और राजद के आलाकमान से गुजारिश की है की अगर इस बार रेखा देवी को टिकट मिलता है तो मसौढ़ी मे राजद को खामियाजा भुगतान पड सकता है। मौके पर कामेश्वर प्रसाद, अमित कुमार, धर्मराज कुमार, अभिषेक कुमार, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# बंदी : तारेगना स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपी रही मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का विरोध को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से बिहार में चक्का जाम का ऐलान है। सुबह से ही बुधवार को सड़कों पर लोग विरोध प्रदर्शन जाता रहे हैं। ऐसे में रेलवे को भी कई जगह पर निशाना बनाया गया है। जगह-जगह पर ट्रेन रोककर विरोध जाता रहे हैं। वही पटना से सटे पटना गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर रेलवे परिचालन की सुरक्षा को टाइट कर दिया गया है। सुबह से ही प्लेटफार्म पर

## रेलवे स्टेशनों की बढ़ाई गई थी सुरक्षा

आरपीएफ, जीआरपी के जवान कड़ी मुस्तैदी के साथ दिख रही है। प्लेटफार्म पर किसी भी बंद समर्थकों को चढ़ने नहीं दिया जा रहा है। हालांकि रेलवे गुमटी चौराहा के पास में ट्रेन को रोकने का प्रयास किया गया था, लेकिन आरपीएफ ने उन सभी बंद समर्थकों को खदेड दिया है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष राज दुबे ने बताया कि बंद के आह्वान के बाद रेलवे पुलिस सतर्क है और हर ट्रेनों के गतिविधियों पर पैनी नजर बनाई हुई है ताकि कोई भी बंद समर्थक प्लेटफार्म पर आकर ट्रेन को परिचालन को बाधित नहीं कर सकते हैं। सुबह में सभी एक्सप्रेस ट्रेन मेल ट्रेन यहां तक की जनशताब्दी एक्सप्रेस पटना हटिया सुपर एक्सप्रेस, बरकाकाना एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस एवं गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन को कहीं भी बाधा नहीं पहुंची है। ऐसे में शाम की गाड़ियां को भी देखी जाएगी फिलहाल स्थिति अभी ट्रेन परिचालन सामान्य है।

# महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने किया चक्का जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने राज्य व्यापी अभियान के तहत कई जगहों पर चक्का जाम किया। जलगोविंद चौक के पास मिथिलेश यादव के नेतृत्व में चक्का जाम किया गया। बाढ़ कचहरी चौक तथा बेलछी प्रखंड में भी चक्का जाम किया गया। इस मौके पर राजद, कांग्रेस और वामपंथी नेताओं ने शिरकत की। लोहिया जनता दल ने आज विपक्ष द्वारा बिहार बन्द का समर्थन करते हुए लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रणवीर कुमार यादव, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने बताया कि अगर बिहार की सम्मानित जनता के मताधिकार पर हमला करने का प्रयास किया तो लोहिया जनता दल पूरे बिहार में जन आंदोलन चलाकर केन्द्र सरकार एवं चुनाव आयोग से आर पार की लड़ाई लड़नें का काम करेगी। आज आंदोलन को सफल बनाने में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं राज्य पदाधिकारी शामिल हुए विजय यादव, धर्मवीर सिंह संजय कुमार, पप्पू यादव, रणधीर चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया पेट्रोल पंप का वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पटना गया स्टेट हाइवे पर धनरूआ के बरनी स्थित जिओ बीपी मोबिलिटी पेट्रोल पंप का पांचवां वार्षिकोसव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रेखा देवी, नगर परिषद के स्थायी सशक्त कमेटी के शंभू सिंह, पिंकू सिंह, उप प्रखंड प्रमुख पकंज कुमार, पूर्व प्रमुख रामाकांत रंजन किशोर के अलावा एरिया मैनेजर एवं कंपनी के पदाधिकारियों में मयंक पांडे, सौरभ सुमन ने संयुक्त रूप से किये। पंप संचालक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जिओ बीपी ने भारत की ऊर्जा और गतिशीलता क्षेत्र में नया अध्याय शुरू किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीपी के इस प्रतिष्ठित संयुक्त उदयम ने न केवल विश्वस्तरीय ईंधन और सेवाओं को भारतीय उपभोक्ता तक पहुंचाया है। मौके पर डॉ सुधीर कुमार सिंह उपेंद्र यादव, रंजू यादव, मो. सनाउल्लाह, मुखिया साधु पासवान, सरोज भारती, पन्ना लाल सिंह, सुनील कुमार, लखन सिंह चंदेल,विक्की जयसवाल, सुनिल कुमार वर्मा, सरपंच पप्पू पासवान, पालटन सिंह, पवन कुमार, चंद्रकेत सिंह चंदेल समेत कई लोग शामिल रहे।

# भागलपुर में 'बिहार बंद' का रहा मिला जुला असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के खिलाफ महागठबंधन की ओर से आयोजित 'बिहार बंद' का मिला-जुला असर देखा गया। इस दौरान जिला मुख्यालय समेत कहलगांव, पीरपैंती, नवगछिया, सुल्तानगंज आदि जगहों पर महागठबंधन के लोगों ने जुलूस निकाल कर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान को बंद कराया। बंद समर्थकों के साथ जिला राजद अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ परवेज जमाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ जनार्दन साह आदि महागठबंधन के कई नेता चल रहे थे। इसी तरह जिले के औधोगिक क्षेत्र कहलगांव में बंद के दरम्यान राजद के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बासुकीनाथ यादव एवं पूर्व विधायक रामविलास पासवान एवं जिला कंाग्रेस उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार राणा के नेतृत्व में बंद समर्थकों ने करीब पांच घंटे तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग - अस्सी को जाम कर अपना विरोध जताया। वही राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बासुकीनाथ यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य कराया जा रहा है, जो प्रदेश की जनता का मतदाता सूची से नाम समाप्त करने की साजिश है।

# महागठबंधन का चक्का जाम रहा सफल, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** चार लेबर कोड एवं मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ केन्द्रीय मजदूर संगठनों एवं महागठबंधन के दलों राजद, कांग्रेस, भाकपा, सीपीएम, भाकपा (माले) वीआईपी, लोजपा (पारस गुट ) के द्वारा जिले में 9 जूलाई का आम हड़ताल और चक्का जाम सफल रहा। इस आम हड़ताल एवं चक्का जाम का नेतृत्व राजद के जिला अध्यक्ष मोहीत यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह उर्फ सार्जन, भाकपा जिला सचिव पूर्व विधायक अवधेश राय, सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह, भाकपा (माले) के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद कर रहे थे। मतदाता विशेष पुनरीक्षण के आदेश को तत्काल रद्द करने की मांग सभी वक्ता ने की। यह हड़ताल एवं चक्का जाम संघर्ष और बलिदानी से प्राप्त हड़ताल के अधिकार को मोदी सरकार के द्वारा अपराधिक काम घोषित करने की मंशा, तीन शिफ्ट के बदले दो शिफ्ट में काम की घोषणा के जरिए 8 घंटे काम के जगह 12 घंटे काम की पाबंदी की नीति के जरिए मजदूरों के लिए चार दमनकारी काला कानून,बिहार चुनाव आयोग का गैर जनतांत्रिक मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम और मुख्यमंत्री की चुप्पी तथा बरौनी कानपुर तेल पाइपलाइन का निजीकरण, साम्हो - मटिहानी फूल निमार्ण से वादा खिलाफी, संवैधानिक संस्थाओं एवं नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर लागातार हमले, दिनानुदिन बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ तथा किसानों के सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून, असमय वर्षा और बर्फबारी से नष्ट हुए किसानों की फसल क्षतिपूर्ति, बिजली का निजीकरण, प्रीपेड मीटर के जरिए बिजली उपभोक्ताओं की लूट, न्यूनतम मजदूरी 2600 हजार प्रति माह, वास आवास, पूनर्वास, भूमिहीनों को वास के लिए जमीन, मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार और अन्य स्थानीय मांगों को लेकर किया गया। मतदाता संघा पुनः निरीक्षण के आदेश को तत्काल रद्द करने की मांग सभी वक्ताओं ने की। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जुझारूविशाल जुलूस की शक्ल में अंबेडकर चौक, कचहरी चौक, केंटीन चौक, समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय, एसबीआई बैंक, नगर निगम कार्यालय, एवं बाजार बंद कराते हुए पावर हाउस चौक एन एच 31 पर पहुंचे जहां पहुंच कर कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम किया । यहां एक संक्षिप्त सभा का आयोजन किया गया। राजद के शिवजी महतो, बूटन साह, त्रिभुवन कुमार सिंह उर्फ पिन्टू, अभिराम सिंह, कैलाश यादव, सहजानंद यादव, सुमन पासवान, अजय पटेल मोहम्मद सद्दाम, रीना जयसवाल, भाकपा के राजेंद्र चौधरी, उषा सहनी, प्रताप नारायण सिंह, संजीव कुमार सिंह, अनिल अंजान, टुनटुन दास, शंभू देवा, कांग्रेस के रामविलास सिंह, मोहम्मद मतीन, रत्नेश कुमार टूल्लू, लखन पासवान, सुबोध सिंह, माकपा के रत्नेश झा, सुरेश यादव, दयानिधि चौधरी, सूर्य नारायण रजक, रामजी पासवान, अजय कुमार यादव अभिनंदन झा, भाकपा (माले) के बैजू सिंह, नवल किशोर, राजेश श्रीवास्तव, चंद्रदेव वर्मा, सोनू फरनाज, संजय ठाकुर, वी आई पी के जय जय राम सहनी, आजाद सहनी, लोजपा पारस गुट के दासों पासवान, अरविंद पासवान, महिला नेत्री ड सगुफ्ता ताजभर, क्रांति देवी, रानी सिंह, रानी राउत, पूनम रजक, पूनम कुमारी आदि ने सभा को संबोधित किया।

# औद्यौगिक क्षेत्र में दिखा बंद का असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं महागठबंधन के आह्वान पर पूरे भारत में चक्का जाम किया गया। जिले के विभिन्न स्थानों पर इसका असर दिखा। देवना एनएच 31 पर प्रातः 7 बजे से महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम कर सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। मो मासूम खान अध्यक्ष समय की पुकार ने कहा कि यह बंद सरकार की उन नीतियों के खिलाफ है। जो मजदूर, किसान, युवा, दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक के अधिकारों का हनन कर रही हैं।जो सरकार के चार नए श्रम कानून मजदूरों के अधिकारों का हनन करते हैं। सामूहिक सौदेबाजी को समाप्त करते हैं और काम के घंटे बढ़ाते हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गंभीर सवाल उठाते हैं कि वर्तमान में बिहार के 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत मजदूर और नौजवान अन्य राज्यों में कार्यरत हैं। इस प्रकार से संक्षिप्त नोटिस पर दस्तावेज तैयार करना संभव नहीं है। चुनाव आयोग का यह फैसला उनकी नीतियों पर कई सवाल खड़ा करता है। मो हारून राशिद पूर्व सरपंच श्री चुन चुन राय ने अभी अपना विचार रखा। इस अवसर पर मो नूर आलम मो मुर्शिद खान, अशोक शर्मा, रामनंदन यादव, मो जब्बार, मो जावेद खान, मो लल्ला खान, मो गुड्डू खान, मो राजू खान एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

## इंडिया गठबंधन का बंद सफल

**मंसूरचक।** इंडिया महागठबंधन के आह्वान पर प्रखंड क्षेत्र में बंद का व्यापक असर दिखा। मंसूरचक-पिपरा मुख्य सड़क स्थित समसा चौराहे पर भापका नेता शिवचन्द्र महतों, निरंजन कुमार ईश्वर,राजद नेता रोहित कुमार चौधरी, कांग्रेस नेता जावेद अंसारी, दमोदर राय के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया.फाटक चौक पर भाकपा राज्य परिषद सदस्य सत्यनारायण महतों, रामनरेश महतों, विन्देश्वरी महतों, संजय पासवान, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतों सहित अन्य के नेतृत्व में सड़क जाम, सरकारी संस्थान, बाजार को बंद करवाया गया। उक्त लोगों ने कहा कि यह बंद मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पर रोक लगाने, 2024 लोकसभा के मतदाता सूची पर ही विधानसभा का चुनाव करवाने, राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन की मांग को पूरा करने सहित अन्य मांग को लेकर किया गया हैं।उक्त नेतृत्व कर्ता ने कहा अगर मांग पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन पूरे बिहार में बंद का आह्वान किया जायेगा।

## जिप सदस्य ने किया सड़क का उद्घाटन

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वीरपुर पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या 3 में नवनिर्माण हेतु बहुप्रतीक्षित सड़क उमा चौरसिया घर से कृष्णनंदन चौरसिया घर तक नवनिर्मित 10 फीट चौड़ा एवं 520 फिट लंबा पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन बुधवार को वीरपुर के जिला परिषद सदस्य शिल्पी कुमारी ने किया। इस मौके पर सड़क निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले में युवा शक्ति के साथ अभिभावक नवल चौधरी, संजीव चौधरी, मंटू सहनी, संजीत सिंह, राकेश चौरसिया, रामविनय चौरसिया, रामफल चौधरी, राकेश मालाकार, नकुल सहनी आदि थे।

## पेज 1 का शेष

### जापान वर्ल्ड एक्सपो ...

चमकता सितारा है। बदलते भारत की पहचान है। बीते एक दशक में वंदे भारत ने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ रेल यात्रा को नई पहचान दी है। यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ तेज रफ्तार यात्रा की सुविधा मिल रही है। भारतीय रेल ने देश के हर कोने में वंदे भारत के संचालन से कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है। पूरे देश में करीब 140 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसे वरिष्ठ नागरिकों के साथ युवाओं के बीच अपार लोकप्रियता मिली है। इस ट्रेन में वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, बायो टॉयलेट्स, जीपीएस सूचना प्रणाली, ऑनबोर्ड कैटरिंग, वाई-फाई, और सीसीटीवी सुरक्षा जैसी सुविधाएं हैं। ये सुविधाएं यात्रियों को एक प्रीमियम और आरामदायक अनुभव प्रदान करती हैं, जो पहले साधारण ट्रेनों में संभव नहीं था। वंदे भारत ट्रेनें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। विश्व एक्सपो 2025, जो कि 13 अप्रैल से 13 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, भारत के लिए वैश्विक मंच पर अपनी उपलब्धियों और नवाचारों को साझा करने का एक सुनहरा अवसर है। जापान में इंडिया पवेलियन की लोकप्रियता न केवल भारत की बढ़ती वैश्विक साख को दर्शाती है बल्कि यह भी बताती है कि दुनिया भारत की प्रगति को उत्सुकता और सम्मान की नजरों से देख रही है।

### दम घुटने से तीन ...

से बाहर निकाल तत्काल हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालांकि हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने तीनों को रेफर कर दिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए बेगूसराय ले गए जहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। सीएचसी हसनपुर में जब तीनों को रेफर किया गया तो परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। उनका आरोप था कि अस्पताल में ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था नहीं थी, पंखे तक नहीं चल रहे थे और मरीजों की हालत को गंभीर बताकर जल्दबाजी में रेफर किया जा रहा था। परिजनों ने कहा कि अगर अस्पताल में बेहतर प्राथमिक चिकित्सा दी जाती तो शायद तीनों की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है जिससे लोगों में नाराजगी है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण...

के सामने प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी दिल्ली रवाना हो गए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि अब सिर्फ नारों में क्रांति नहीं होगी, नतीजे में क्रांति होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और वाम दलों के नेताओं ने भी बिहार बंद में सहयोग किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग कंफ्यूज है कि क्या करना है, तभी बार-बार नोटिफिकेशन बदल रहा है। हमारे किसी सवाल का जवाब चुनाव आयोग ने नहीं दिया। इसपर इनको मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। तेजस्वी यादव ने विरोध प्रदर्शन में आए लोगों से कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और वे यहां लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। वहीं भाकपा-माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग का फरमान बेईमानी का फरमान है। जबकि वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा पूरी नहीं होने देंगे, जिस वोटर से लोकसभा चुनाव हुआ वो अब गलत कैसे हो गया? सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा।

# बीएमपी 19 की स्थापना हेतु स्थल चिह्नित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिला के मंझौल अनुमंडल अंतर्गत बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-19 वाहिनी के स्थापना हेतु अंचल चेरीयाबरीयारपूर में चिन्हित जमीन का गृह विभाग को निःशुल्क अन्तर्विभागीय स्थायी हस्तांतरण की स्वी.ति दी गई है।अपर मुख्य सचिव भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग द्वारा मंझौल अनुमंडल के चेरियाबरियारपुर अंचल के सोनवर्षा मौजा में कुल 33.44 एकड गैरमजरूआ खास भूमि बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-19 वाहिनी के स्थापना हेतु गृह विभाग को निःशुल्क अन्तर्विभागीय स्थायी हस्तांतरण की स्वी.ति दी गई है। बतातें चलें कि 7 फरवरी को जिला पदाधिकारी, बीएमपी समादेष्टा 19 नवजोत सिम्मी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा मंझौल अनुमंडल अंतर्गत चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया गया था। जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस -19 बेगूसराय वाहिनी के स्थापना हेतु सरकारी भूमि के निःशुल्क अंतर्विभागीय हस्तांतरण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी मंझौल द्वारा जमीन चिन्हित कर भेजा गया था। जिसका प्रस्ताव जिला पदाधिकारी द्वारा आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को भेजा गया। जिसके आलोक में आयुक्त मुंगेर द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को अंतर्विभागीय हस्तांतरण हेतु प्रस्ताव भेजा गया था। यह निर्णय क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ करने और बिहार विशेष सशस्त्र बल-19 के परिचालन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस भूमि हस्तांतरण से बिहार विशेष सशस्त्र बल-19 को अपना स्थायी कार्यालय स्थापित करने में मदद मिलेगी। जिससे उनकी प्रशासनिक और लजिस्टिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस स्वीकृति से विशेष सशस्त्र बल-19 के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जिससे बेगूसराय और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता।

# पटना के डा. बिन्देश्वर प्रसाद तथा मोहिनी प्रिया को मलेशिया में किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भाषा सहोदरी हिन्दी संस्था नई दिल्ली द्वारा हिन्दी का विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के महान उद्देश्य को लेकर आठ दिवसीय 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी अधिवेशन इस बार विगत 2-10 जून को मलेशिया की राजधानी कुलालाम्पुर में आयोजित किया गया। भारत के विभिन्न प्रांतों से लगभग 80 साहित्यकारों ने भाग लिया। बिहार से आए साहित्यकारों में लेखक, कवि, पत्रकार डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता को साहित्य व पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने तथा मोहिनी प्रिया को काव्य पाठ करने हेतु भाषा सहोदरी हिन्दी सम्मान प्रदान किया गया। डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता ने बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, पटना का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर सम्मेलन द्वारा हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रचार और प्रसार से संबंधित किये गए कार्यों तथा गतिविधियों से परिचित कराया। दूसरे दिन, हिन्दी अधिवेशन में मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त/ राजदूत बी.एन. रेड्डी जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता ने राजधानी पटना से प्रकाशित मासिक पत्रिका समकालीन तापमान की एक प्रति मलेशिया के राजदूत / उच्चायुक्त बी.एन. रेड्डी जी को भेंट की। डा. गुप्ता ने राजदूत रेड्डी जी को बिहार से निकलने वाली सर्वश्रेष्ठ एकमात्र राष्ट्रीय स्तर की मासिक पत्रिका समकालीन तापमान की खूबियों से भी अवगत कराया।

# मसौढ़ी में कुल 1,40,593 लाभुकों के खाते में जायेगी पेंशन की राशी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 11 जुलाई को बिहार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुको के खाते में जाएगी, जिसको लेकर राजस्व ग्राम स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जहां पर शिविर में सभी लाभुको को बुलाकर ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में पैसे भेजे जाएंगे। जिसको लेकर प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, वहीं पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव को नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं। मसौढ़ी प्रखंड धनरूआ प्रखंड एवं पुनपुन प्रखंड में राजस्व पंचायत में पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर लाभुको को बुलाया जाना है, जहां पर टीवी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री के द्वारा ऑनलाइन पूरे बिहार में डीबीटी के माध्यम से ट्रांजैक्शन किया जाना है। छह पेंशन योजनाओं से लाभांवित लोगों के खाते में भेजे जायेंगे. यह पहला मौका होगा, जब इन्हें बढ़ी हुई यानी करीब तीन गुनी पेंशन की राशि मिलेगी. जिसे पूरे राज्य में उत्सव की तरह मनाने का सरकार ने निर्णय लिया है। ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड में तकरीबन 58,693 लाभुक, धनरूआ में 65,848 और पुनपुन प्रखंड में 16,052 लाभुको के खाते में डीबीटी से पैसा जाएगा।

CMYK

# महागठबंधन के आह्वान पर बिहार बंद का दिखा असर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राज्यभर में महागठबंधन द्वारा आहूत बिहार बंद का असर बुधवार को जहानाबाद जिले में भी व्यापक रूप से देखा गया। यह बंद राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष वोटर पुनरीक्षण अभियान के विरोध में बुलाया गया था। महागठबंधन का आरोप है कि इस अभियान के जरिए मतदाता सूची से विपक्षी दलों के समर्थकों के नाम हटाए जा रहे हैं। जहानाबाद शहर में सुबह से ही महागठबंधन समर्थक सड़कों पर उतर आए। पटना-गया रेलखंड पर जहानाबाद स्टेशन के पास पटना-गया पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया गया, जिससे रेल यातायात बाधित हो गया। दूसरी ओर, शहर के मुख्य चौराहों पर ट्रकों को रोक कर कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए,





जिससे यातायात ठप हो गया। इस दौरान बाजार, दुकानें, शिक्षण संस्थान और निजी कार्यालय बंद रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बंद समर्थकों ने नारेबाज़ी करते हुए सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया। इधर प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए थे। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हालांकि बंद का असर आम जनजीवन पर साफ़ तौर पर देखा जा रहा था। इस दौरान महागठबंधन के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर वोटर पुनरीक्षण अभियान में धांधली बंद नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। मखदुमपुर प्रखंड संवाददाता के अनुसार मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र में बिहार बंद का व्यापक असर देखा गया। दुकानें बंद रही और सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इस दौरान राजद कार्यकर्ता हाथों में झंडा लेकर पूरे बाजार में जुलूस निकाले और दुकान बंद रखने की अपील किया। बंद समर्थकों ने जमुना नदी के समीप गुजरे एनएच 22 के बाईपास को जाम कर दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार देखी गयी। नेताओं ने चुनाव आयोग से मतदाता पुनरीक्षण को रोक लगाने की मांग किया। वही प्रखंड के टेहटा ,नावाबगंज ,विसुनगंज, कुर्था समेत कई बाजारों में दुकानें बंद रही। वाहनों का परिचालन बंद रहा।

मौके पर मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धर्मराज पासवान, राजद नेत्री शाहीन तारिक, प्रभावती मांझी, कुमारी सिद्धार्थ सुमन, राजेंद्र कुमार, प्रखंड अध्यक्ष राजप्रेम यादव, शारिक फतह, ऋषभ कुशवाहा, ललन यादव, फत्तो खान समेत सैकड़ों की संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं सुरक्षा को लेकर मखदुमपुर थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश, वीडियो मृत्युंजय कुमार, सीओ रंजीत उपाध्याय, टेहटा थाना अध्यक्ष आलोक कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। हुलासगंज प्रखंड में राजद के जिला उपाध्यक्ष सुनील दास के नेतृत्व में बाजार बंद कराया गया। इस दौरान गठबंधन के नेताओं ने चूहड़मल चौक पर सड़क को अवरुद्ध कर सरकार विरोधी नारे लगाए।

## सीए फाइनल परीक्षा में अभिषेक अर्जुन को सफलता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** मीरपुर पंचायत के मालिया टोला निवासी अर्जुन प्रसाद के पुत्र अभिषेक अर्जुन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पूर्वी चंपारण जिले का मान बढ़ाया है। रविवार को घोषित परिणाम में अभिषेक ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास कर दिखा दिया कि मेहनत और समर्पण से हर सपना साकार हो सकता है। मुंबई में पले-बढ़े अभिषेक के पिता टैक्सी चालक हैं। उन्होंने कठिन हालातों में भी बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। अभिषेक ने 12वीं की परीक्षा गुजरात बोर्ड से 85.46% अंकों के साथ और बीकॉम की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को देते हुए युवाओं से मेहनत और लक्ष्य साधने की प्रेरणा दी। विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता, भाजपा जिला प्रवक्ता अमोद सिंह, बीडीओ सरोज सिंह समेत अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## मतदाता पुनरीक्षण और हड़ताल के समर्थन में इंडिया गठबंधन ने कराया रक्सौल बंद

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। बुधवार को इंडिया गठबंधन द्वारा रक्सौल शहर में व्यापक बंदी का आयोजन किया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण और ट्रेड यूनियन की हड़ताल के समर्थन में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया और टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध किया। बंद का नेतृत्व राजद नेता रामबाबू यादव ने किया। उनके साथ सुरेश यादव, कांग्रेस नेता अखिलेश दयाल, कामरेड चंद्रशेखर सिंह, मनोरंजन तिवारी सहित कई नेता मौजूद रहे। बंदी के दौरान शहर में अधिकतर दुकानें बंद रहीं, जबकि प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा के युवा प्रखंड अध्यक्ष बने चंदन प्रजापति

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी ने चंदन कुमार प्रजापति को घोड़ासहन प्रखंड का युवा प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह कुशवाहा द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि श्री प्रजापति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के विचारों को युवाओं तक पहुंचाएंगे। इस मनोनयन पर उमाशंकर जयसवाल, रामपुकार सिन्हा, उमाकांत महतो सहित कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

## चौक-चौराहों पर इंडिया गठबंधन का धरना

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** बुधवार को इंडिया गठबंधन के आह्वान पर आदापुर में विभिन्न चौक-चौराहों को कार्यकर्ताओं ने घंटों जाम कर दिया। कांग्रेस, राजद, माले, सीपीआई, सीपीएम आदि दलों के कार्यकर्ता सुबह से गांधी आश्रम से जुलूस निकालकर शामपुर नहर चौक तक प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शन में हफीज अंसारी, अनिल गुप्ता, मोबारक अंसारी, एताबुल खां, फिरोज आलम सहित अनेक नेता शामिल रहे।

## विभिन्न पंचायतों में उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** कल्याणपुर प्रखंड के गरीबा पंचायत में सरपंच पद का उपचुनाव और अन्य पंचायतों में वार्ड सदस्य व पंच पदों के लिए उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। बीडीओ चंद्रगुप्त कुमार बैठा ने बताया कि कुल 42.26% मतदान हुआ है। मतगणना 11 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय में होगी।

## शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी।** उत्पाद विभाग की टीम को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। मोतिहारी सदर उत्पाद थाना की टीम ने सुगौली थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव में एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

# मतदाता सूची सुधार के नाम पर जनता को वंचित करने की साजिश : अजय कानू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** कानू विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कानू ने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर गहरी आपत्ति जताई है। उन्होंने बुधवार को जहानाबाद में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान इस अभियान को जनविरोधी और भेदभावपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के ठीक बाद इस प्रकार की जल्दबाज़ी में की गई मतदाता सूची सुधार प्रक्रिया आम मतदाताओं के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। अजय कानू ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह चुनाव आयोग का सम्मान करते हैं, लेकिन वर्तमान समय में यह अभियान जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने सवाल उठाया कि चुनाव के दौरान यही मतदाता थे, तब कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं दिखी, लेकिन अब अचानक इतने कम समय में व्यापक सुधार की जरूरत क्यों पड़ गई?

अजय कानू ने दस्तावेजों की अनिवार्यता पर चिंता जताते हुए कहा कि कई जरूरी कागजात आम जनता के पास उपलब्ध नहीं हैं, जिससे हजारों लोग वोटर लिस्ट से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने बिहार के प्रवासी मजदूरों की विशेष चिंता जाहिर करते हुए कहा कि वे रोज़गार के लिए राज्य से बाहर रहते हैं, ऐसे में न तो वे फॉर्म भर सकते हैं, न ही दस्तावेज जमा कर सकते हैं। इससे उनका नाम सूची से हटने की पूरी आशंका है।

# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान को लेकर जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण , नई दिल्ली के निर्देशानुसार 'मिडिएशन फॉर नेशन'– राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के तहत मंगलवार को जहानाबाद जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे देशभर में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों को आपसी समझौते के माध्यम से सुलझाकर न्याय प्रणाली पर बोझ कम करना है। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रजेश कुमार ने की। उन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान अवधि के दौरान अपने-



अपने न्यायालय में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाए, ताकि उनका समाधान संवाद और सहमति के आधार पर प्रशिक्षित मध्यस्थों के माध्यम से किया जा सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार ने कहा कि मध्यस्थता न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और आपसी संबंधों को भी बनाए रखने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थ एक तटस्थ व्यक्ति के रूप में दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर समाधान की राह निकालता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक मुकदमेबाजी की तुलना में कहीं अधिक व्यावहारिक और सहज होती है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल में भी राजाओं के बीच विवादों का समाधान दूतों के माध्यम से मध्यस्थता से ही किया जाता था। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों और समाज के लोगों से आग्रह किया कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से विवाद समाधान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने इसे विवाद मुक्त समाज की ओर एक सकारात्मक पहल बताया।

बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सतीश प्रसाद देव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा, नीरज कुमार, संजय कुमार सिन्हा, एनायत करीम, राजेश पांडेय, कुमार कौशल किशोर, विशाल कुमार, सुनील कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कौशलेंद्र कुमार शुक्ला, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अनीश कुमार, प्रधान दंडाधिकारी (किशोर न्याय परिषद) प्रेरणा सिंह, मुंशीफ अंकित राजन, सचिव रणजीत कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी व प्रशिक्षु न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को बताया 'तालिबानी फरमान', महागठबंधन ने किया बिहार बंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में इंडिया गठबंधन ने बुधवार को संपूर्ण बिहार बंद का आह्वान किया। इस दौरान पूर्वी चंपारण के विभिन्न अनुमंडलों–चकिया, अरेराज और पकड़ीदयाल–में बंद का असर स्पष्ट रूप से देखा गया।

**चकिया:** यहां इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने एनएच-28 पर सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे थे और मतदाता सूची सुधार को 'तालिबानी फरमान' बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग कर रहे थे। बंद समर्थकों ने चकिया बाजार में पैदल मार्च कर दुकानें बंद कराई।



हालांकि, जीवन रक्षक दुकानों को बंद से अलग रखा गया।

बंद का असर सड़कों पर भी दिखा जहां सामान्य दिनों की अपेक्षा वाहनों की आवाजाही कम रही। प्रशासन ने एहतियातन शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की थी। बंद को सफल बनाने में राजद प्रखंड अध्यक्ष माधव मधुकर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, भाकपा के भिखारी गिरी, नवल यादव, अरुण कुशवाहा, जयप्रकाश यादव, अशोक गुप्ता, सन्नी गुप्ता, कपिंदर यादव सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

**अरेराज:** यहां इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मेन चौक पर टायर जलाकर सड़क जाम किया और बीच सड़क पर धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में कांग्रेस नेता कुणाल पांडे उर्फ संटू पांडे, ब्रजेंद्र तिवारी, रामबाबू सिंह, प्रिंस मिश्रा, मोहम्मद मुस्तफा, रंजन सहनी, बाबू नन यादव, ललन यादव, राजद नेता राजू पांडे, महेंद्र राय, युसूफ राय, भूपन पटेल, पंकज ठाकुर, शैलेश ठाकुर समेत अनेक लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया गरीबों, दलितों, पिछड़ों और प्रवासी मजदूरों को वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश है।

**पकड़ीदयाल:** राजद के प्रधान सचिव शाश्वत गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ता चोरमा चौक पर धरने पर बैठे रहे। जमीरुद्दीन खान, चंद्रिका राय, विकास कुमार, देवेंद्र यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार जनभावनाओं की उपेक्षा कर रही है और गंभीर लोकतांत्रिक संकट उत्पन्न कर रही है।

बिहार बंद के माध्यम से इंडिया गठबंधन ने मतदाता सूची सुधार के बहाने लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने के प्रयास का कड़ा विरोध दर्ज कराया है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जनता को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं प्रशासनिक स्तर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे।

# बिहार बंद का असर : सड़कों पर पसरा सन्नाटा, एनएच-22 पर थमा यातायात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** बुधवार को महागठबंधन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आयोजित बिहार बंद का व्यापक असर मखदुमपुर प्रखंड में देखने को मिला। सुबह से ही प्रखंड के सभी प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा और दोपहर बाद तक वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मार्गों पर धरना देते हुए सड़क जाम कर दिया। एनएच-22 पर मुस्सी गांव के समीप कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर आवागमन रोक दिया, जिससे लंबी दूरी तक वाहनों की कतार लग गई। वहीं पाई बिगहा-मखदुमपुर रोड के चातर गांव के पास पेड़ की टहनी रखकर सड़क अवरुद्ध कर दी गई। नवाबगंज रोड, सागरपुर रोड, टेहटाऽसुमेरा रोड समेत कई अन्य मार्गों पर भी बंद का व्यापक असर रहा और पूरे दिन वाहन नहीं चले। इसका सीधा असर एनएच-22




स्थित मिराबीघा टोल प्लाजा पर भी दिखा, जो दिनभर पूरी तरह सुनसान पड़ा रहा। रेलयात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मखदुमपुर स्टेशन और टेहटा स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को वाहनों के अभाव में पैदल ही अपने घरों की ओर जाते देखा गया।

बिहार बंद के कारण जनजीवन प्रभावित रहा और आम लोगों को आवाजाही में खासी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रशासनिक गतिविधियां भी धीमी रहीं, जबकि स्थानीय प्रशासन की ओर से बंद को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती गई।

# वेद व्यास के जन्मदिन पर गुरुओं को सम्मान देने के लिए मनाई जाती है गुरु पूर्णिमा

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो जहानाबाद

सनातन धर्म में गुरु और शिष्य की परंपरा आदिकाल से ही चली आ रही है। तभी तो संत करीबदास लिखते है कि 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाये, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो मिलाये'। सनातन धर्म में गुरु पूर्णिमा का एक खास महत्व है। यह एक ऐसा माह जिसमें पूर्णिमा को अपने गुरुओं के लिए सनातन धर्मावलबियों ने समर्पित कर दिया। ऐसा माना जाता है कि दुनिया के सबसे पहले गुरु बृहस्पति हुए और पृथ्वी पर सबसे पहले गुरु होने का सम्मान महर्षि वेदव्यास को मिलता है। वेदव्यास के जन्मदिन के अवसर पर ही प्रत्येक वर्ष सनातन धर्मावलबी अपने गुरुओं के सम्मान में गुरु पूर्णिमा पर विशेष आराधना अपने गुरुओं की करते हैं। इसलिए ऐसा कह सकते हैं कि गुरु पूर्णिमा अपने गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का विशेष दिवस है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को पड़ रहा है।

वैदिक काल से ही माता पिता के



अलावा गुरु को भी ईश्वर के समान पूजनीय माना गया है। वैसे तो हर दिन गुरु का सम्मान करना चाहिए लेकिन सालभर में एक ऐसा दिन है जो गुरुओं को समर्पित है वो है गुरु पूर्णिमा।आषाढ़ माह की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है।

गुरु' शब्द संस्कृत भाषा से आया है, जिसका अर्थ है- अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला वेदों, पुराणों, और अन्य धार्मिक ग्रंथों में गुरु की महीमा का विस्तार से वर्णन किया है, गुरु के बिना जीवन दिशाहीन होता है, इसलिए संत-महापुरुष और पुराण कहते हैं कि हर व्यक्ति को जीवन में गुरु जरुर बनाना चाहिए, जो आपका मार्गदर्शन कर सकें।

गुरु के महत्व को बताते हुए श्रीमद् भागवत में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, जैसे चारो वर्णों का मेरी भक्ति करना योग्य है ,वैसे ही गुरु की भक्ति करना योग्य है, जैसे गंगा नदियों में उतम है, वैसे ही शुभ कर्मों में गुरु सेवा उत्तम है।सनातन धर्म में जो लोग धार्मिक गुरु बनाते हैं पुराणों के अनुसार उन्हें दीक्षा लेना जरुरी होता है क्योंकि इसके बिना आपके द्वारा किये गए समस्त धार्मिक कार्य निष्फल हैं. कन्या दान, शिवालय निर्माण, देवालय निर्माण, कथा पूजन, व्रत, दान, तालाब निर्माण, कुआं निर्माण ऐसे कई कार्यों से मिलने वाला पुण्य लाभ आपको नहीं मिलता है।

**गुरु पूर्णिमा का शास्त्रों में भी है विशेष महत्व**

गुरु पूर्णिमा का वर्णन शास्त्रों में भी विस्तार से किया गया है बताया गया है कि गुरु की सेवा और भक्ति से बढ़कर इस संसार में कोई भक्ति नहीं इस संबंध में प्रांगकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय हुलासगंज़ के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म के अनुसार एक अति प्राचीन पर्व के रूप में प्रचलित है। वेदव्यास जी महाराज ने वेद की रचना की और उन्हीं के जन्म दिवस के रूप में हम गुरु पूर्णिमा को गुरुओं को नमन करते हैं। इस दिवस को वेदव्यास के जयंती दिवस या अवतरण दिवस के रूप में भी मनाते हैं। आगे आचार्य जी बताते हैं कि वेद परंपरा के अनुसार जो भी शिष्य हम लोगों में अपने ग्रुप के प्रति श्रद्धा भाव समर्पित करने हेतु वेद व्यास की पूजा आज की तिथि में प्रारंभ की थी। आषाढ़ पूर्णिमा को वेदव्यास की जयंती दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान परिवेश में जब कबीर का आगमन हुआ कबीर ने कहा कि गुरु की सेवा से व्यक्ति सबकुछ प्राप्त कर सकता है। गुरु की सेवा शास्त्रों का सार और मोक्ष की प्राप्ति का साधन है। गुरु की महिमा को सभी हिंदू धर्म के संप्रदायों में आज के दिवस को महत्वपूर्ण माना गया है।

## 65 चर्म रोगियों का नि:शुल्क इलाज

**चकिया/नबिटा संवाददाता।** शीतलपुर चौक के निकट एक निजी आवास परिसर में बुधवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शबनम कुमारी ने चर्म रोग से ग्रसित करीब 65 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच किया।

**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 07.07.2025,** वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं.: (i) एमएलडीटी _एसएनटी _24–25_26_ओटीआर2, दिनांक 07.07.2025, कार्य का नाम:** (i) "मालदा मंडल–ट्रैक मशीन साइडिंग्स–27 अदद" के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 6,85,18,604.94, **बयाना राशि:** रु.4,92,600/–, **ई–निविदा सं.: (ii) एमएलडीटी _एसएनटी _24–25_24 _आरटी, दिनांक 07.07.2025, कार्य का नाम:** (ii) निम्नलिखित के संबंध में एस एंड टी कार्य:–**(क)** डीजल शेड, जमालपुर में इलेक्ट्रिक लोको मेन्टेनेंस शुरू करने के कारण डीजल शेड का आधुनिकीरण, **(ख)** मालदा रेलवे अस्पताल में मेडिकल इंस्ट्रूमेंट्स, इमरजेंसी ब्लॉक और ओपीडी का उन्नयन एवं प्रावधान, **(ग)** मालदा मंडल के भागलपुर स्टेशन में टिकट एवं एन्क्वायरी काउंटरों, पार्किंग एरिया, टैक्टाइल गाइडेड ब्लॉक, दिव्यांगजन यात्री के लिए हैंड रेल का प्रावधान, **(घ)** मालदा टाउन में विभिन्न यूनिटों के 05 कार्यालयों, मालखाना और सेंट्रल कोटे बैरक के साथ 40 बेड वाले आरपीएफ कोटे बैरक का निर्माण, **(ङ)** मालदा टाउन में 6 यूनिट टाइप–V क्वार्टरों का निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु.49,14,313.66, **बयाना राशि:** रु.98,300/– **ई–निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 15.07.2025 से 29.07.2025 को 11.00 बजे तक क्रम सं. (i) एवं (ii) हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in** और **वरिष्ठ डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा में।** MLD-111/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/554, दिनांक 08.07.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'–निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/25/25–26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** दमदम कैंट– दमदम कैंटोनमेंट (डीडीसी) स्टेशन पर आउटडोर सिग्नलिंग गियरों का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 2,41,56,488.63, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,70,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 21.07.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 04.08.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 04.08.2025 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** पैनल इंटरलॉकिंग या रूट रिले इंटरलॉकिंग या इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग या आईबीएच या ऑटोमैटिक सिग्नलिंग या एलसी गेट इंटरलॉकिंग एएफटीसी या एसएसडीएसी या एमएसडीएसी। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-115/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# वृद्ध विधवा महिला को मृत बता बंद की पेंशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** उमा देवी सामान्य रूप से अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं लेकिन, सरकार ये नहीं मानती। सरकारी तंत्र की मानें तो वह मृत हैं। मामला प्रखंड क्षेत्र के बीरछपरा पंचायत की है, जहां मझरीया गांव निवासी उमा देवी को हर महीने वृद्धा पेंशन के रूप में चार सौ रुपये मिलते थे। कई साल पहले उनके पति का देहांत हो चुका है। उससे पहले से वह मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाभ ले रही थी। उनकी आजीविका इसी सहायता पर निर्भर थीं। अब सरकार के ई-लाभार्थी पोर्टल पर उन्हें मृत बता कर पेंशन बंद कर दिया गया है। पोर्टल पर लाभार्थी की वर्त्तमान स्थिति के नीचे लिखा आया लाभार्थी का पेंशन स्टॉप किया गया है। उसी के आगे अगले कॉलम में कारण बताया गया है की, सत्यापन/जांच के समय लाभार्थी का मृत पाया जाना। वृद्ध विधवा महिला सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने में असमर्थ हैं। तरस खाइये उस सिस्टम पर जिसे चलती-फिरती एक बुजुर्ग विधवा मृत नजर आ जाती है।

# कोटवा में एनएच-27 जाम, विधायक मनोज यादव धरने पर बैठे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** बिहार में महागठबंधन द्वारा बुधवार को बुलाए गए बिहार बंद का असर पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा प्रखंड में भी व्यापक रूप से देखने को मिला। एनएच-27 के दीपउ मोड़ पर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व राजद जिला अध्यक्ष एवं कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। विधायक स्वयं सड़क पर अपने समर्थकों के साथ बैठ गए और बंद को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पार्टी का झंडा लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी की और लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। धरने की वजह से पिपराकोठी-गोपालगंज मुख्य मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को खासा परेशान होना पड़ा। हालांकि, एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को बाधा से मुक्त रखा गया, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ चक्का जाम करने के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और आम मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के वोटर लिस्ट से नाम योजनाबद्ध तरीके से हटाए जा रहे हैं, जो चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दल की मिलीभगत का परिणाम है। विधायक ने आगे कहा कि यह आंदोलन महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है, लेकिन उससे बढ़कर यह संविधान और वोट की ताकत को बचाने का आंदोलन है। जब सरकार आंखें मूंद ले, जब आरक्षण पर हमला हो, जब युवाओं का भविष्य अंधकार में हो–तो चुप रहना अपराध होता है। इस बार सत्ता नहीं, संविधान बचाना है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और स्थिति को नियंत्रित रखने के प्रयास किए गए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और प्रशासन की निगरानी में बंद समर्थकों ने अपनी बात रखी।

# 13 सितंबर को आयोजित होगी लोक अदालत, तैयारियों में जुटा प्राधिकार

## तैयारियों का लिया गया जायजा, दिये गये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला जज राज कुमार द्वारा व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय द्वारा अबतक किये गये तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जिला जज ने समीक्षा के दौरान अबतक विभिन्न न्यायालयों के द्वारा निर्गत नोटिस और उससे सम्बन्धित तामिला की जानकारी प्राप्त की एवं पक्षकारो के साथ आयोजित होने वाले प्री-काउंसेलिंग प्रक्रिया के संबध में अबतक किये गये कार्यो की समीक्षा की। जिला जज ने आगामी लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया। उनके द्वारा कहा गया कि अबतक जितने भी चिह्नित वाद न्यायालय में किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है उसकी तामिला की अवस्था की जानकारी यथाशीघ्र प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-काउंसिलिंग की प्रक्रिया संबधित न्यायालयो के साथ सामान्जस स्थापित करते हुए करें। जिला जज द्वारा सभी न्यायालय को प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया को और तेज करने के लिए निदेशित किया तथा न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलो में पक्षकारो को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद को निस्तारित करने के लिए लगातार प्रेरित करते रहने के लिए निदेशित किया। इस समीक्षा बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में करने के लिए सोसल मिडिया, प्रेस, तथा पारा विधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से किया जा रहा है और इसके लिए मीडिया का सहयोग लिया जा रहा है और इसमें सभी का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है।

इस बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय विश्व विभूति गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय आन्दिता सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दशम अशोक कुमार गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम लक्ष्मीकान्त मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सप्तम निशित दयाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ आनन्द भूषण, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम उमेश प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अष्टम मनीष कुमार जायसवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नवम पंकज पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय विवेक कुमार सिंह, विशेष न्यायाधीश उत्पाद, प्रथम कन्हैया लाल यादव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लाल बिहारी पासवान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम डॉ दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सप्तम संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ प्रदीप चन्द्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राजीव कुमार, न्यायकर्ता शोभित सौरभ, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभान्कर शुक्ला, परीवीक्षाधीन सिविल जज शिवागी एवं परीवीक्षाधीन सिविल जज निकिता राज सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल उपस्थित रहे।

## 'फायरलेस कुकिंग' का आयोजन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संस्कार विद्या, नॉलेज सिटी के प्रांगण में बुधवार को 'फायरलेस कुकिंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ना केवल बच्चों के रचनात्मक कौशल को सामने लाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, एवं प्राचार्य ए. के. मिश्रा की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ किया। 'फन टाइम' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बिना आग जलाए (फायरलेस) 75 से अधिक व्यंजन तैयार किए। कार्यक्रम में शामिल 75 से अधिक छात्र समूहों ने अपने व्यंजन न सिर्फ स्वाद के लिए, बल्कि उनकी प्रस्तुति और स्वच्छता के लिए भी तैयार किए, जिससे यह आयोजन शिक्षाप्रद, मनोरंजक और प्रेरणादायक बन गया।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर में अधिवक्ता जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के सब्जी मंडी के समीप अनियंत्रित बाइक की टक्कर से एक अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अधिवक्ता की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव निवासी निर्मल कुमार सिन्हा के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल अधिवक्ता ने बताया कि वे शहर के ही नई एरिया में किराए के मकान में अपने परिवार वालो के साथ रहते है। बुधवार को वह अपने रूम से पैदल जमा मस्जिद के समीप एक मेडिकल पर दवा की खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया। इसके घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ के समीप अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के रिशुनपुर गांव निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल राहुल ने बताया कि वह किसी काम से औरंगाबाद गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान जोगिया मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी एक हाइवा का चालक अचानक साइड लेने लगा। इसी दौरान बाइक हाइवा से टकरा गया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### भूमि विवाद में मारपीट, चाचा-भतीजा जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के सईरा गांव में तीन बीघा जमीन के लिए दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में चाचा-भतीजा जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी दूधनाथ तिवारी व भतीजा बंटीश तिवारी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी बंटीश तिवारी ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों के साथ तीन बीघा जमीन के लिए कई वर्षों से विवाद चल रहा है। इसके अपने जमीन पर गांव वाले जबरदस्ती कब्जा कर खेती कर रहे हैं। बुधवार को गांव वालों द्वारा उसके जमीन की जुताई की जा रही थी। बंटीश के चाचा दूधनाथ तिवारी खेत तरफ देखने गए थे। खेत देखकर वापस घर लौटने के दौरान उन लोगों ने अचानक हमला कर दिया। बचाने गए बंटीश की भी जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों चाचा-भतीजा जख्मी हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। किसी तरह ग्रामीणों के समझौते के बाद मामला शांत हुआ। परिजनों ने जख्मी चाचा-भतीजा को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। जानकारी मिली के दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं, फिलहाल घटना की सूचना पौथू थाना की पुलिस को दी गई है।

### गोह में बंदी का रहा मिला-जुला असर

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोह में महागठबंधन के कार्यकताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ राज्यव्यापी चक्का जाम का ऐलान किया। बुधवार की सुबह महागठबंधन के कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय के जगतपति चौक व हमिद नगर मोड़ पर टायर जलाकर लगभग चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। हालांकि गोह प्रखंड क्षेत्र में इसका मिला-जुला असर देखने को मिला। मौके पर विधायक भीम यादव, नंदलाल सिंह, माले प्रखंड सचिव देवरुल पासवान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

### बिहार बंद के दौरान कोइलवर में चक्का जाम

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर के कोईलवर अवस्थित राष्ट्रिय राजमार्ग 922 कायमनगर बाजार पर भी महागठबंधन कि ओर से बिहार बंद का असर व्यापक रूप से देखने को मिला है। बंद समर्थकों ने कायमनगर के पास फोरलेन को जाम कर दिया है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। इसका नेतृत्व बड़हरा के पूर्व विधायक सरोज यादव ने किया।

# प्रखंडों में दिखा बंद का असर, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के प्रखंडों में भी बंद का असर दिखा। सुबह से ही महागठबंधन के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




### मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बाजार बंद और चक्का जाम

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन और ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का असर हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दोपहर तक मिला-जुला रूप में देखा गया। बंद के समर्थन में महागठबंधन के कार्यकर्ता सुबह से ही सड़क पर उतरे, दुकानों और वाहनों को बंद कराने के लिए घुमते नजर आए। हसपुरा बाजार, पचरूखिया, सिहाड़ी समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची गणना पुनरीक्षण वापस लो, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। बंद में सीपीआई नेता अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, भाकपा माले के दिनेश राम, कांग्रेस के मिथलेश सिंह, मानदीप चौधरी, राजद के भोला कुरैशी, जगजीत कांत, अशोक यादव और रामबाबू गुप्ता समेत कई नेताओं ने भाग लिया। पचरूखिया में सोनम कुशवाहा, रविंद्र यादव, नागेश्वर यादव, सतेंद्र कुमार, मनीष कुमार, सचिन कुमार, भोला राम, अरुण कुमार रंजन, रामप्रवेश सिंह, अवध किशोर, राजकुमार, डोमन यादव सहित दर्जनों महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने बंद को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान बाजारों में आंशिक रूप से दुकानें बंद रहीं और दोपहर तक सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि, बाद में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती गई। पुलिस प्रशासन की ओर से भी व्यापक सतर्कता बरती गई। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआई पवन कुमार, पीएसआई सुगंध कुमार, एएसआई मो. इम्तियाज अहमद समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल पूरे आंदोलन के दौरान क्षेत्र में गश्त करते रहे और बंद समर्थकों पर नजर बनाए रखी, ताकि कोई अवांछित स्थिति उत्पन्न न हो।

### एनएच जाम कर मतदाता सूची पुनरीक्षण का किया विरोध

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता बुधवार सुबह सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-19 को सुबह छह बजे से जाम कर आवागमन को पूरी तरह ठप कर दिया। साथ ही मदनपुर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में दुकानें बंद कराई गईं, जिससे पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व इंडिया गठबंधन के प्रमुख स्थानीय नेताओं ने किया। मुखिया संजय यादव, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लालदेव यादव, भाकपा नेता महेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष गया प्रसाद यादव, राजद नेता रवीन्द्र यादव, रामसुंदर यादव उर्फ लंबू यादव, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, रामेश्वर रौशन, राजद प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार, अवधेश यादव, सरफराज आलम, कांग्रेस नेता संजीव कुमार सिंह, राजकुमार यादव, सत्येंद्र यादव, शांति देवी, सुभाष यादव और भोला यादव जैसे नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उनका आरोप था कि यह विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य वापस लो जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में सीओ मो. अकबर हुसैन, बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य, थानाध्यक्ष राजेश कुमार एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस बल ने चक्का जाम के दौरान हालात को नियंत्रित बनाए रखा।

### बिहार बंद का दिखा व्यापक असर

**अंबा (औरंगाबाद)।** ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के आह्वाहन पर मसाल जुलूस एवं संपूर्ण बिहार बंद का कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय में व्यापक असर दिखा। इस दौरान महागठबंधन घटक दल के सैकड़ो कार्यकर्ता हाथों में झंडा, बैनर और पोस्टर लेकर अंबा चौक पर इकट्ठा हुए और चुनाव आयोग एवं बिहार सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को गरीब, दलितों और महादलितों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश बताया। वहीं प्रदर्शन में शामिल महागठबंधन घटक दल के नेताओं ने सरकार की नीतियों को अलोकतांत्रिक करार दिया और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को तत्काल बंद करने की मांग की। प्रदर्शन में राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नीलम सिंह, भाकपा माले प्रखंड सचिव रमेश पासवान, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, कांग्रेस प्रखंड प्रवक्ता रामाकांत पांडेय, मुखिया रविंद्र यादव, मंजीत यादव, मुखिया प्रतिनिधि पुट्टू यादव, संजय तेजा समेत महागठबंधन घटक दल के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

# बकाया पैसे को लेकर हिंसक झड़प, एक ही परिवार के छह सदस्य घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बकाया पैसे को लेकर हुए विवाद ने मंगलवार रात को हिंसक रूप ले लिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नरसिम्हा भुइंया टोला की है, जहां दो पक्षों के बीच मारपीट में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान मिथिलेश कुमार, उपेंद्र कुमार, रीना कुमारी, रीमा कुमारी, शीला देवी और दिनेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात रीना कुमारी पानी भरने चापाकल पर गई थीं, तभी पहले से चली आ रही पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल मिथिलेश कुमार ने अस्पताल में बताया कि उसने विनेश भुइंया की बेटी की शादी के लिए 8000 रुपये उधार दिए थे, जिसे वापस मांगने पर विवाद हुआ। पूर्व में भी इस पैसे को लेकर कहासुनी और हाथापाई हो चुकी थी। घटना की रात मिथिलेश के घर में रखे 10,000 रुपये भी गायब पाए गए, जो उसने करकट लगाने के लिए रिश्तेदार से उधार लिया था। पीड़ित पक्ष ने विलास भुइंया, कमलेश भुइंया, रंजन भुइंया, अजय भुइंया और ललिता देवी पर हमला करने और पैसे गायब करने का आरोप लगाया है। बुधवार सुबह पीड़ित परिवार ने मुफस्सिल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है, दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 12 जुलाई को ठेंगो पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठेंगो पंचायत में 12 जुलाई दिन शनिवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ठेंगो पंचायत में सुबह 10:30 बजे कवला, 11 बजे रजवारिया कला, 11:30 बजे रजवारिया खुर्द, 12 बजे कांदू बीघा, 12:30 बजे खेदन बीघा, 1 बजे गोसलडीह, 1:30 बजे चमराही, 2 बजे काशी तेन्दुआ, 2:30 बजे राटा बीघा, पहलाद बीघा, 3 बजे गोगो दक्षिणी, 3:30 बजे गोगो उतरी, 4 बजे ठेंगो, 4:30 बजे कोईरीडीह एवं 5 बजे नोनिया बीघा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# बिहार बंद पूरी तरह विफल, विपक्ष की नीयत पर उठे सवाल : भाजपा प्रवक्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने सोमवार को जारी एक वक्तव्य में बिहार बंद को पूरी तरह असफल बताया। उन्होंने कहा कि यह बंद केवल जनता और दुकानदारों को परेशान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसका आमजन से कोई वास्तविक सरोकार नहीं था। प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि आम लोग इस बंद से दूर रहे और अपने दैनिक कार्यों में लगे रहे। बाजारों में भी सामान्य गतिविधियां होती रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने जबरदस्ती सड़कें जाम कीं और दुकानों को बंद कराने की कोशिश की, जिससे केवल आम जनता को असुविधा हुई। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब उन्हें जनसमर्थन नहीं मिल रहा है तो वे असंवैधानिक और जनविरोधी तरीकों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे हथकंडों को पहचान चुकी है और अब बहकावे में आने वाली नहीं है। अश्विनी तिवारी ने यह भी कहा कि कुछ सामाजिक मंचों पर ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिनमें बंद के दौरान महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। उन्होंने मांग की कि ऐसे सभी दृश्य चिन्हित कर प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन उसकी आड़ में कानून को हाथ में लेना और जनता को परेशान करना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

# बक्सर जाने के क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव का किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर/भोजपुर।** पटना से बक्सर जाने के दौरान बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव देवेन्द्र यादव को कांग्रेस नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में कोईलवर सिक्सलेन पुल के समीप भव्य स्वागत किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव देवेन्द्र यादव ने बताया कि वोट पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गरीबों के वोट को काटने का साजिश है। इसे हम सभी हर हाल में नहीं होने देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वोट पुनरीक्षण के तहत बिहार में वोट कि चोरी करने कि साजिश रच रही है एनडीए सरकार। इसी को लेकर आज बिहार को पूरी तरह महागठबंधन के लोगों ने बंद रखा। बिहार बंद पूरी तरह सफल रहा। कांग्रेस नेत्री रीता सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक योजना माई बहीन मान योजना लेकर आई और कांग्रेस पार्टी कि जहा भी सरकार है वहां महिलाओं को सशक्त करने के लिए इस योजना को लागू किया है।

# अनुदान में देरी, प्रशासनिक उपेक्षा और मान्यता प्रक्रिया पर जताई चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (अंबा)।** निजी विद्यालयों की समस्याओं को लेकर निजी विद्यालय संघ, औरंगाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, अंबा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अजय पांडेय ने की, जबकि संचालन सचिव रिंकू सिंह ने किया। बैठक में जिले भर के सैकड़ों निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आरटीई कानून, अनुदान में देरी, प्रशासनिक उपेक्षा, मान्यता की जटिल प्रक्रिया और तकनीकी सहयोग की कमी जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। संघ अध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि आरटीआइ के नाम पर विभागीय दबाव तो बना रहता है, लेकिन अनुदान की राशि समय पर नहीं दी जाती, जिससे निजी विद्यालय गहरे आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों को हर सुविधा दी जा रही है, जबकि निजी विद्यालयों को मान्यता, नवीनीकरण और अनुदान जैसे मामलों में बार-बार अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डिजिटल और तकनीकी उन्नयन के नाम पर भी सरकार केवल सरकारी विद्यालयों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि निजी संस्थानों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे निजी विद्यालय बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि कई ऐसे विद्यालय जो वर्षों से गुणवत्ता शिक्षा दे रहे हैं, उन्हें आज तक मान्यता या विद्यालय आईडी नहीं मिल पाई है, जिससे छात्रों का भविष्य अधर में है। संघ पदाधिकारियों ने मांग की कि सरकार निजी विद्यालयों को सम्मानजनक भागीदार माने और उन्हें नीति निर्धारण व संवाद मंचों में भागीदारी दे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि प्रशासन शीघ्र समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं करता, तो संघ चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति अपनाएगा। यह बैठक निजी विद्यालयों की बढ़ती चुनौतियों और उपेक्षा के खिलाफ एक मजबूत संदेश बनकर उभरी, जो शिक्षा व्यवस्था में संतुलन और सम्मानजनक सहयोग की मांग करती है।

# धूमधाम से सजा बाबा दुधेश्वरनाथ महादेव मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** सावन की पवित्रता और भक्ति के रंग में बुधवार को देवकुंड स्थित प्राचीन बाबा दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। यह आयोजन करपी नवयुवक कांवड़िया संघ द्वारा किया गया, जो विगत 25 वर्षों से इस परंपरा को सजीव बनाए हुए है। बिहार-झारखंड विभाजन के बाद से यह संघ लगातार मंदिर की सजावट और जलाभिषेक की जिम्मेदारी निभा रहा है। संघ के संयोजकों ने बताया कि वर्ष 2000 में गठित इस संघ ने संकल्प लिया था कि विभाजन के पश्चात झारखंड की सीमा में स्थित इस प्राचीन मंदिर पर गंगाजल से जलाभिषेक कर भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा जाएगा। इस क्रम में प्रत्येक सावन में संघ के स्वयंसेवक पटना के गायघाट से पवित्र गंगाजल कांवर में भरकर, पुनपुन, मसौढ़ी, जहानाबाद, निहालपुर, झुनाठी, किंजर, शांतिपुरम, इमामगंज और करपी होते हुए देवकुंड पहुंचते हैं और बाबा को जल अर्पित करते हैं। करपी कांवड़िया संघ न केवल यात्रा करता है, बल्कि पूरे मार्ग में कांवरियों के लिए नाश्ता, फलाहार, नींबू पानी, गर्म जल, चाय, चिकित्सा और विश्राम की व्यापक व्यवस्था करता है।

साथ ही करपी उच्च विद्यालय परिसर में हर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु भाग लेते हैं। कार्यक्रम के संयोजक आनंद कुमार चंद्रवंशी व रविंद्र यादव, मार्गदर्शक वेंकटेश शर्मा, संघ के अध्यक्ष टिंकू कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू शर्मा, कोषाध्यक्ष शंकर गुप्ता सहित सैकड़ों स्वयंसेवक इस धार्मिक सेवा में समर्पित भाव से लगे रहे। उनकी निस्वार्थ सेवा भाव और भक्ति ने सावन की इस यात्रा को एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप दे दिया है।

# विद्युत कनीय अभियंताओं ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

## हस्ताक्षर अभियान में लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राज्य भर में विद्युत कनीय अभियंता संघ, बिहार के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों अभियंताओं ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। अभियंताओं ने काली पट्टी और काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए अपनी उपेक्षा, असहनीय कार्य परिस्थितियों और विभागीय अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस अभियान के तहत रफीगंज में भी स्थानीय कनीय अभियंताओं ने सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया और हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। संघ की ओर से प्रमोशन में हो रहे भेदभाव, संशोधित भर्ती नीति के उल्लंघन, 24X7 कॉल ड्यूटी के चलते स्वास्थ्य व पारिवारिक जीवन पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। इसके अलावा अभियंताओं ने ऑनलाइन सामग्री एवं भंडार वितरण प्रणाली लागू करने, फर्जी एफआईआर और विभागीय उत्पीड़न से सुरक्षा हेतु विधिक संरक्षण देने, लंबित भत्तों–जैसे कैशलेस चिकित्सा, क्षतिपूर्ति अवकाश, नाइट ड्यूटी भत्ता–का शीघ्र निष्पादन करने की मांग रखी। साथ ही कार्यों का स्पष्ट बंटवारा, एसटीएफ, रेवेन्यू, मेंटेनेंस व टीआरडब्ल्यू विंग में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति और विभागीय कार्रवाइयों में पारदर्शिता की भी मांग की गई। प्रदर्शन में कनीय विद्युत अभियंता (ग्रामीण) संतोष कुमार, कनीय अभियंता (शहरी) मारुति नंदन प्रियदर्शी, पौथु के अभियंता रविशंकर कुमार तथा राजस्व विंग से जुड़े अभियंता सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# महागठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के विरोध में महागठबंधन के बिहार बंद का असर डिहरी में भी दिखा। महागठबंधन से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडा बैनर लिए पाली पुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क पर उतर आए और कोलकाता-दिल्ली मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम के चलते छोटी-बड़ी कई गाड़ियां घंटों फंसी रहीं जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। महागठबंधन के राजद, भाकपा माले, वीआईपी के नेताओं ने चुनाव आयोग पर केंद्र और राज्य सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की। वीआईपी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात रंजन उर्फ नीरज यादव ने कहा कि चुनाव आयोग एनडीए सरकार के दबाव में आकर एक साजिश के तहत लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो आने वाले दिनों में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बंद के दौरान राजद, कांग्रेस, भाकपा-माले, और वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता झंडा-बैनर लेकर सड़क पर उतरे और बाजारों को भी बंद कराने की अपील की। बुधवार बंदी के कारण अधिकतर दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर यातायात ठप हो गया। इस वजह से स्कूली बच्चों, यात्रियों और मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बंद के दौरान वीआईपी पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष राजु चौधरी ने कहा कि बिहार में विशेष सघन मतदाता पुनरीक्षण महज एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संविधान और मताधिकार पर हमला है। आरोप लगाया कि इसके जरिये गरीबों, दलितों, पिछड़ों, मजदूरों, प्रवासियों और नये युवा मतदाताओं को सूची से बाहर करने की साजिश रची जा रही है ताकि भाजपा-जदयू गठबंधन को लाभ मिले। कहा कि जिस राज्य में सिर्फ 2.8% लोगों के पास जन्म प्रमाण पत्र है, वहां पासपोर्ट और जमीन के कागज जैसे दस्तावेज मांगना वोटबंदी जैसा कदम है। यह मतदाता सूची के सामान्य सुधार की आड़ में नागरिकता साबित करने की नयीव्यवस्था थोपने की कोशिश है, जिसकी कोई संवैधानिक वैधता नहीं है। तथा सवाल उठाते हुए कहा कि जब आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड और वोटर आईडी सरकारी योजनाओं के लिए मान्य है, तो मतदाता प्रमाण के लिए इन्हें खारिज क्यों किया जा रहा है। इस मौके पर मनीष कुमार, धीरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भोला यादव, रिंकी यादव, जय नाथ वर्मा, सोनू यादव,राजद नगर अध्यक्ष शशि यादव, देवराज चौधरी, अश्विनी कुमार, नरेश यादव, सुनील शर्मा, दिनेश यादव, असलम कुरैशी पीर मोहम्मद राईन, गुड्डू कुशवाहा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राजभाषा हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग हो : मंडल रेल प्रबंधक

## डीडीयू मंडल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने की। बैठक में मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा हिंदी में कार्य की गुणवत्ता एवं मात्रा बढ़ाने हेतु विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श हुआ। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को सरकारी कार्य में अधिकाधिक हिंदी के प्रयोग हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग होना चाहिए। इस अवसर पर बीती तिमाही के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग को प्रोत्साहित करते हुए चल राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। यह शील्ड कार्मिक विभाग को प्रदान की गई जिसे मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) श्रीजैश कुमार ने प्राप्त किया।
बैठक में मंडल के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का समन्वयन अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार द्वारा किया गया। संचालन राजभाषा अधिकारी सह मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार द्वारा किया गया।

# रोहतास के कुल 4065 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी

## जिले के नोखा, करगहर, कोचस एवं दिनारा प्रखंड होंगे लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बक्सर और रोहतास जिलों को 'धान का कटोरा' कहा जाता है, परंतु हाल के वर्षों में यहां की पारंपरिक सिंचाई व्यवस्था में आई कमी ने किसानों के सामने खरीफ सीजन में नई चुनौतियां खड़ी कर दी थीं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए विभाग द्वारा सोन नहर प्रणाली अंतर्गत चौसा शाखा नहर एवं इसके निसृत कोचस-इंदौर वितरणी का पुनर्स्थापन कार्य का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत पुर्नस्थापन हेतु नहर की कुल लंबाई 62.67 किलोमीटर है और इसकी अनुमानित लागत 79.53 करोड़ (उन्नासी करोड़ तिरपन लाख अड़तीस हजार रुपये) है। योजना का 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है और वर्तमान खरीफ सिंचाई हेतु नहर उक्त नहर प्रणालियों में अंतिम छोर तक पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन से रोहतास जिले के नोखा, करगहर, कोचस एवं दिनारा प्रखंडों के कुल 4065 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगा। यह पहल न केवल सिंचाई सुविधा को बहाल करेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, फसल उत्पादकता और किसानों की आमदनी में भी वृद्धि लाने में सहायक होगी।

# 41 प्रतिशत मतदान के साथ उपचुनाव संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरिहट (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दरिहट पंचायत में सरपंच पद के लिए हो रहे उप चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। विदित हो कि तत्कालीन सरपंच सुनीता देवी के निधन होने पर सरपंच का पद दरिहट पंचायत में खाली था। चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार के दिन शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। चुनाव में दो प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया और जीत के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं का अपने पक्ष में मत मांगा था। चुनाव में दो प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया था जिसमें प्रीति सिंह का चुनाव चिन्ह मोटरसाइकिल छाप तथा किरण देवी का चुनाव चिन्ह स्टॉप छाप मिला था। बुधवार के दिन मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। प्रत्याशियों की जीत और हार इवीएम में बंद हुआ। डिहरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि 41 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच प्रखंड सभा घर में इवीएम को रखा गया है। शुक्रवार 11 तारीख को प्रखंड कार्यालय पर मत की गिनती होगी। चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत की दावा कर रहे हैं।

# आनंद सिंह द्वारा अधिवक्ताओं को दिया गया सम्मान प्रशंसनीय : राम मूर्ति सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के प्रांगण में डिहरी अनुमंडल एवं बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी का सम्मान समारोह स्कूल के निदेशक आनंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल जज अर्चना कुमारी, सब रजिस्टर योगेंश कुमार त्रिपाठी, अंचलाधिकारी संजय कुमार मेहता, निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, रोहतास जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम मूर्ति सिंह, स्कूल के निदेशक आनंद सिंह तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस सम्मान समारोह में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम कर आये हुए अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सिविल जज अर्चना कुमारी ने बच्चों के इस कार्यक्रम की सराहना की साथ ही निदेशक आनंद सिंह को आये हुए अतिथि और अधिवक्ताओं ने जम कर तारीफ किया। वरिष्ठ अधिवक्ता व रोहतास बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राममूर्ति सिंह ने कहा कि लोग पॉलटिकल सभा कर नेताओं को बुलाने का काम करते हैं, लेकिन आर एस के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने अधिवक्ताओं को बुलाकर जो सम्मान देने का काम किया है इसकी तारीफ की जाए वो भी कम होगा। हमारे समाज में ऐसे महान सोच वाले और व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को जरूरत है। ताकि समाज में समानता का भाव आ सके। इस सभा में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया। साथ ही बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी तथा पदाधिकारी व सदस्यों को स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने गुलदस्ता व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी ने कहा कि शिक्षा के इस मंदिर में सम्मान पाना हमारे लिए गौरव की बात है। अधिवक्ताओं ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा से निर्वहन करुंगा। कार्यक्रम का संचालन रवि श्रीवास्तव ने किया। मौके पर आर एस के स्कूल के उप निदेशक रंजन कुमार सिंह, प्राचार्य राज नारायण सिंह, प्रिंसिपल शिक्षक प्राइवेट स्कूल एंड राष्ट्ररत्न एसोसिएसन के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अरविंद भारती, डीपीएस स्कूल निदेशक समीर कुमार, सोनराइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुप सिंह, अंगेश सिंह, गोपाल राम, मिथिलेश सिन्हा, हरिद्वार सिंह, रामाकांत दूबे, रितेश कुमार, अजय कुमार, अमरनाथ यादव, प्रकाश गोस्वामी, समाजसेवी पंकज गुप्ता, रामनाथ पासवान, रवि कुमार, प्रकाश गोस्वामी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ सड़क जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन के नेताओं ने बुधवार को बिहार बंद का असर कुदरा में भी रहा। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शहर के कुदरा-भभुआ मोड़ के पास फोरलेन सड़क घंटों जाम कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता ने कहा कि मतदाता का पुनरीक्षण बिहार मतदान को प्रभावित करने के लिए कराया जा रहा है। इसे चुनाव आयोग को तुरंत वापस लेना चाहिए। जाम के चलते सड़क पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। जाम व प्रदर्शन में सचिदानंद सिंह, सुरेंद्र पाल, नंद कुमार यादव, कमाता पासवान, अनिल सिंह, शेषनाथ सिंह यादव, छेदी लाल यादव, सुदर्शन यादव, वीर बहादुर सिंह यादव, सहरियार अंसारी समेत महागठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यात्री इ-रिक्शा शो रूम का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मोहन बिगहा रोड में यात्री इ-रिक्शा शो रूम के डीलर अंकीत कुमार की उपस्थिति में विद्वान पंडित के द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण व पूजा पाठ करने के उपरांत शो रूम का उद्घाटन इंडसइंड बैंक के ब्रांच मैनेजर राजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी द्वारा फीता काट कर किया। उन्होंने वाहन की जानकारी लेने के उपरांत कहा कि यात्री इ-रिक्शा भारत का नंबर वन ब्रांड है। वहीं बैंक के शाखा प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह कंपनी हमारे बैंक से टाइअप है इसमें कम से कम ब्याज तथा कागजात भी कम लगता है, हमारे यहां सभी प्रकार की गाड़ियों का फाइनेंस होता है। प्रोपराइटर अंकित कुमार ने कहा कि हमारे शोरूम में मात्र 25 हजार रुपए जमा करने पर इ-रिक्शा दिया जा सकता है। इस मौके पर तुषार चंद्रवंशी, मनोज श्रीवास्तव, देवराज चौधरी, मंटू चौधरी, सनी कुमार, कृष्ण कुमार, राजू गुप्ता, बैंक के मार्केटिंग पदाधिकारी नीरज पाठक सहित कई उपस्थित थे।

# युवा आयोग की मंजूरी मिलने पर लोजपा रा में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** लोक जनशक्ति पार्टी आर जिला अध्यक्ष कमलेश राय ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हमारे नेता युवाओं के साथी केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संसद में युवा आयोग बनाने का मांग किए थे जो बिहार सरकार के मुख्यमंत्री ने उनकी आवाज को धरातल पर पहुंचने का कार्य किया। इसके लिए एनडीए गठबंधन की तमाम शीर्ष नेताओं को लोक जनशक्ति पार्टी रा के कार्यकर्ता ने बधाइयां दी है।

# भूमि विवाद में मड़ई में लगाई आग, युवक को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** भूमि विवाद के मामले में थाना क्षेत्र के गजराढ़ी गांव के बधार में असमाजिक तत्वों ने मड़ई में आग लगा दी। विरोध करने पर युवक को गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना में स्थानीय निवासी अजय कुमार पिता जयप्रकाश राम गंभीर रूप में घायल हो गया। लहूलुहान स्थिति में ग्रामीणों ने इलाज के लिए कुदरा पीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित के बहन व रिश्तेदारों ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि भूमि विवाद में तीन दिन पूर्व एक पक्ष जमीन दखल करने आया था। अजय कुमार ने दखल नहीं करने दिया। रात को दो की संख्या में आये असामाजिक तत्वों ने मड़ई में आग लगा दिया। विरोध करने पर अजय कुमार को गोली मारी दी। गोली उसके पैर में लगी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है। पीड़ित पक्ष के तरफ से दो लोगों को घटना में आरोपी बनाया गया है। पीड़ित के बयान के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पुराने स्वीकृत लंबित पड़े आवास को पूर्ण करने से संबंधित अतिमहत्त्वपूर्ण सूचना :–

विभागीय पत्रांक 1708 दिनांक 23.12.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में वैसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अपने अधूरे/लंबित/निर्माणाधीन आवासो को दिनांक 31 दिसम्बर 2025 के भीतर निश्चित रूप से पूर्ण कर एक सगज, जागरूक एवं सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। उक्त अवधि के बाद आपको अपने संसाधनों से आवास को पूरा करना पड़ सकता है, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। उक्त अवधि बाद विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना संभव नही होगा।

साथ ही उक्त के आलोक में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, आमजनों से भी सहयोग एवं भागीदारी की अपेक्षा रखते हुए अनुरोध है कि ऐसे लाभुकों को निर्धारित समयावधि (दिनांक 31 दिसम्बर 2025) के भीतर आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित एवं सूचित करने की कृपा की जाय।

इसे अति–महत्त्वपूर्ण समझा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 356915 Urban Development(25-26)D


# डीआरएम ने रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

## सभी को संरक्षा सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने को किया प्रोत्साहित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्णतः संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) निरंतर रूप से प्रतिबद्ध है। मंडल में संरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रेलकर्मियों को नियमित रूप से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाता है। इसी क्रम में मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा विद्युत (परिचालन), यांत्रिक (कैरिज एंड वैगन) तथा परिचालन विभाग के कुल 10 चयनित रेलकर्मियों को माह मई - 2025 में अपनी सतर्कता, कार्यकुशलता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संरक्षा विभाग के समन्वय से किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने सभी पुरस्कृत रेलकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पूर्ण संरक्षा बनाए रखने में जमीनी स्तर पर कार्यरत रेल कर्मियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी रेलकर्मियों को आगे भी इसी तरह सतर्क एवं सजग रहकर कार्य जारी रखने तथा मंडल में पूर्णतः संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित बनाए रखने के प्रति प्रेरित किया।

# आरपीएफ ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार साथ प्रधान आरक्षी सुरेंद्र चौधरी, आरक्षी अभिमन्यु सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन एवं सीआईबी गया के आरक्षी नवीन पांडेय तथा स्थानीय थाना डिहरी नगर के पुलिस अवर निरीक्षक अंजनी कुमार साथ स्टाफ सभी संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में ग्रस्त व अपराधी गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 1 के पूरब स्थित ऊपरगामी पुल के पास संतोष प्रसाद साह, उम्र 38 वर्ष, पिता सुरेश प्रसाद साह, ग्राम धरहरा, दरीहट, थाना दरीहट, जिला-रोहतास (बिहार) को कुल 13 लीटर 200 एमएल ब्लू लाइम देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया। जब्त सभी देशी शराब की अनुमानित कीमत 5000 रुपए है जिसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते स्थानीय थाना डिहरी नगर को उपरोक्त गिरफ्तार सुदा अभियुक्त, जब्त शराब मय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया जहां उक्त व्यक्ति एवं जब्त देशी शराब के विरुद्ध संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया।


## उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
(आपूर्ति शाखा)

–ः नोटिस ः–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले में NFSA एवं JSFSS योजनान्तर्गत आच्छादित निम्न राशन कार्ड लाभूकों द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि मे खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और न ही e-KYC किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| S. No. | Block Name | Ration Card Not Lifted Count (6 Months) (Created 9 Months before) | Ration Card Not Lifted Count (12 Months) (Created 15Months before) | Ration Card Not Lifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3Months before) | Ration Card Not Lifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 Months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bardiha | 409 | 327 | 194 | 160 |
| 2 | Bhandaria | 1747 | 1399 | 945 | 800 |
| 3 | Bhawnathpur | 1057 | 927 | 737 | 675 |
| 4 | Bishunpura | 376 | 337 | 240 | 186 |
| 5 | Chinia | 675 | 593 | 500 | 460 |
| 6 | Danda | 106 | 83 | 57 | 45 |
| 7 | Dandai | 899 | 775 | 620 | 468 |
| 8 | Dhurki | 1072 | 940 | 787 | 590 |
| 9 | Garhwa | 2993 | 2649 | 2090 | 1448 |
| 10 | Garhwa NP | 854 | 793 | 621 | 573 |
| 11 | Kandi | 1125 | 949 | 713 | 547 |
| 12 | Ketar | 906 | 792 | 591 | 551 |
| 13 | Kharaundhi | 612 | 524 | 433 | 430 |
| 14 | Majhiaon | 731 | 642 | 488 | 395 |
| 15 | Majhiaon NP | 291 | 263 | 170 | 136 |
| 16 | Meral (Pipra Kalan) | 2141 | 1853 | 1453 | 1090 |
| 17 | Nagar untari | 1244 | 1062 | 804 | 667 |
| 18 | Ramkanda | 1481 | 1291 | 1100 | 941 |
| 19 | Ramna | 711 | 616 | 493 | 353 |
| 20 | Ranka | 1270 | 1090 | 903 | 766 |
| 21 | Sagma | 553 | 478 | 369 | 238 |
| Total | | 21253 | 18383 | 14308 | 11519 |

उपरोक्त लाभूकों द्वारा खाद्यान्न उठाव नहीं करने तथा e-KYC नहीं करने के कारण राज्य स्तर पर गढ़वा जिले की स्थिति खराब प्रदर्शित हो रही है।

झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024 की कण्डिका 6(x)(ग) में उल्लेख है कि यदि राशन कार्डधारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दूकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी सामग्री का उठाव नहीं किया गया है, तो जाँचोपरान्त उनके राशन कार्ड का रद्दीकरण किया जायेगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में गढ़वा जिला अन्तर्गत विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि मे खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशन कार्डधारी नोटिस निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दूकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए e-KYC भी कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते हैं। तदोपरान्त उक्त लाभूकों का राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई कर दी जाएगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 356856 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)#D


# अकोढ़ीगोला में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने किया सड़क जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** बिहार में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण पर रोक की मांग को लेकर महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने बिहार बंद को लेकर बाजार स्थित आरा कैनाल पुल पर मंगलवार को चक्का जाम किया। सड़क जाम के दौरान भाकपा माले के प्रखंड सचिव कामता सिंह यादव, सीपीआई प्रखंड सचिव धर्मेन्द्र कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष बेशलाल सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता एकजुट होकर बाजार स्थित आरा कैनाल पुल पर पहुंच कर डबल इंजन एनडीए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्का जाम कर दिया जहां वाहनों की लम्बी कतार लग गई। लगभग दो घंटे सड़क जाम रहने से यात्रियों व राहगीरों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता, उधम सिंह, निजाम अंसारी, धन्नजी सिंह यादव, भिखारी महतो, साकिर खालिफा, मैनूदिन अंसारी, भोला यादव सहित कई कार्यकर्ता चक्का जाम में शामिल थे।

# मजदूरों की हड़ताल के समर्थन में एक्टू ने सरकार की नीतियों के खिलाफ लगाये नारे



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** देशव्यापी मजदूरों के हड़ताल के समर्थन में एक्टू से संबद्ध नगर पार्षद डिहरी डालमियानगर कर्मचारी मजदूर संघ ने बुधवार की सुबह छह बजे से ही काम बंद कर सरकार की नीतियों के खिलाफ नारे लगाये। केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ आंदोलन में मुख्य तीन बिंदू में आठ घंटे के बदले 12 घंटे काम करने की प्रस्ताव वापस लो, तमाम मजदूरों को स्थायी करो, मतदाता गहन पुनरीक्षण के नाम पर गरीब व दलितों को वोटर लिस्ट से नाम काटने की साजिश बंद करो, यह तीन मुद्दे पर आंदोलन हो रहा है। आंदोलन के नेतृत्वकर्ता संघ के महामंत्री अशोक सिंह, उपसचिव जुगनू राम, मनोज राम, दुर्गा राम, नरेंद्र राम, राजकुमार राम, जवाहर राम, कमली देवी, राधिका देवी, मंजू देवी, परमेश्वर राम, सुशील सिंह आदि कर रहे थे। एक्टू के जिला सचिव सह के महामंत्री अशोक सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीब दलित एवं मजदूर विरोधी नीति को लाकर देश के आम जनता को संकट में ला दिया है। इसके खिलाफ मुक्कमल लड़ाई करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेतिया में खुला केयर फोर्ड रिपब्लिकन हॉस्पिटल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के बैंक रोड में बेतिया व्यवहार न्यायालय केसामने केयर फोर्ड रिपब्लिकन सुपर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उदघाटन वयोवद्ध चिकित्सक डा. बकरीदी एवं डा. मोबीन हाशमी ने किया। हॉस्पिटल के निदेशक डा. फिरोज आलम ने बताया कि बेतिया समेत जिले के निवासियों के लिए उम्दा स्तर का हॉस्पीटल का निर्माण कराया गया है। यहां 24 गुणा 7 सेवा उपलब्ध रहेगी। विभिन्न विभागों के चिकित्सक यहां कार्यरत रहेंगे। मौके पर समाजसेवीआलमगीर अशरफ ने बताया कि इस इलाके में आपातकालीन सेवा या ऐसे भी सामान्य सेवा के लिए यह ऑस्पीटल मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर एनामूल हक, कुमार गौरव उर्फ रिंकी गुप्ता, पंकज चौधरी, डा. जे ए खान, डा. प्रशांत, डा. नोमानूर रशीद, डा. आरती कुमारी, डा. हसाम अहमद आदि भी मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर लेखन प्रतियोगिता

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अभाविप नगर इकाई लौरिया द्वारा 77 वे स्थापना दिवस के अवसर पर चंपा कुंवर उच्च माध्यमिक विद्यालय में झांसी की रानी और लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित लेखन प्रतियोगिता युवा एवं भारत विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विभाग संयोजक सुजीत मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रहित में अपने आसपास साफ सफाई एवं सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया साथ ही लेखन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आगामी दिनों में सम्मानित करने का कार्य अभाविप करेगा। संगोष्ठी को जिला सह मीडिया संयोजक सौरव शुक्ला ने भी संबोधित किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सफदर हुसैन रोहित सिंह , प्रियेश राकेश पूजा कुमारी आरती नेहा सोनी ,अंजली अंतिमा ,आरती ,राधा दीपमाला सानिया सलोनी सहित कई अन्य शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

### अपहृत महिला को पुलिस ने किया बरामद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने एक अपहृत महिला को बुधवार को नरकटियागंज से बरामद कर लिया है। महिला तीन जुलाई की सुबह से गायब थी। मामले में महिला के पति ने शिकारपुर थाना में सात जुलाई को एफआईआर दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल के क्रम में पता चला कि महिला नरकटियागंज में आई हुई है। सूचना पर छापेमारी कर उसे बरामद कर लिया गया है। महिला को मेडिकल जांच और बयान के लिए बेतिया भेज दिया गया है। न्यायालय में बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बंद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था रही है। शहर के मुख्य चौक-चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व महिला-पुरुष पुलिस जवान तैनात रहे। सदर एसडीपीओ वन-विवेक दीप,यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह,नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अवनिश कुमार तैनात रहे। साथ ही आपत्तकालीन वाहनों के परिचालन को सुचारु कराते रहे,ताकि किसी तरह की परेशानी नहीं हो। वही स्टेशन पर ट्रेन रोकने में आंदोलनकारी किसी तरह से सफल नहीं हो, इसको लेकर भी पुलिस की ओर से पुख्ता व्यवस्था की गई थी।

### लौरिया सीओ के खिलाफ परिवाद दायर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया अंचल के कंधवलिया में अतिक्रमण हटाने के दौरान 25 में मात्र एक घर तोड़े जाने के खिलाफ लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां वाद दायर किया गया है। इस संबंध मेंसज्जाद हुसैन ने डीपीजीआरओ के यहां आवेदन देते हुए सीओ पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी से संबंधित लोकप्राधिकार से प्रतिवेदन की मांग की है। आवेदन में सज्जाद ने बताया है कि लौरिया सीओ ने सितंबर 2024 में बगही पंचायत के कंधवलिया गांव में अतिक्रमणवाद के खिलाफ 25 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिश दिया था। लेकिन केवल एक मात्र रइस अहमद के घर पर ही बुल्डोजर चलाया गया। शेष 24 अतिक्रमणकारियों को जस का तस छोड़ दिया गया। इस पर बाकी अतिक्रमणकारियों ने सीओ पर अपनी पकड़ का धौस जमाते हुए रइस अहमद पर ताना कसना शुरू कर दिया। इस सदमा को रईस अहमद बर्दास्त नही कर पाये तथा हार्ट अटैक से रइस अहमद की मौत हो गयी।

### आम आदमी पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय रामजानकी मंदिर के बगल मे आम आदमी पार्टी कार्यकताओं की विधानसभा स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष अरुण कुमार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे सर्वसम्मति से लालेश्वर प्रसाद को विधानसभा अध्यक्ष, फागु पंडीत को उपाध्यक्ष, सुधीर ठाकुर को महासचिव, उपेंद्र ठाकुर को संगठन मंत्री तथा संतोष गुप्ता को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। मौके पर जावेद अंसारी, सलीम मिया, उषा देवी, संजीव गुप्ता, जलील मियां, टुन्ना शर्मा, धनन्जय शर्मा, मोहम्मद नईम अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना परिसर से मशाल खेल प्रतियोगिता के तहत साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड स्तरीय विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक संजय कुमार सिंह, सरपंच बिनोद प्रसाद, रहमत अली मंसूरी, विजय कृष्ण त्रिपाठी समेत अन्य शामिल रहें। साइकिल रेस प्रतियोगिता में छात्रों के लिए थाना परिसर से चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज और छात्राओं के थाना परिसर से चैनपुर महावीर मंदिर परिसर तय किया गया था। शिक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि साइकिल रेस प्रतियोगिता में अंडर -14 में बालिका वर्ग में प्रथम स्नेहा कुमारी,बालक वर्ग में प्रथम पुरूषोत्तम कुमार और बालक वर्ग में अंडर - 16 में प्रथम बालिका वर्ग से रितिका कुमारी, बालक वर्ग में सोहिल अली घोषित किए गए।

### एसबीआई में पेंशनर समाज की बैठक

**मशरक(सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के चैनपुर में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बैंक के पदाधिकारियों के साथ पेंशनर समाज की बैठक हुई। इसमें पेंशनर्स को शाखा प्रबंधक शशी शेखर ने बैंकिंग के प्रोडक्ट की जानकारी दी गई और उन्हें नई तकनीक की भी जानकारी दी गई। बैठक में पेंशनधारियों को डिजिटल इंडिया और लोन की जानकारी दी गई। मौके पर पेंशनर द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब बैंक कर्मियों द्वारा दिया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक शशी शेखर ने सभी पेंशनरों का स्वागत किया। वहीं बैंक की तरफ से क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार, लेखापाल अभिषेक कुमार, सीनियर क्लर्क विपिन सिंह,पाकीजा समेत पेंशनर सेवानिवृत्त प्राध्यापक राम जीवन सिंह जीवन, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा,शुभनारायण सिंह, शम्भू नाथ सिंह, सुरेन्द्र नाथ सिंह,नवलीन ठाकुर, धीरेन्द्र सिंह, रामेश्वर तिवारी,संजय आर्मी, प्रियांशु कुमार, आदित्य तिवारी, त्रिभुवन सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामजीवन सिंह जीवन ने कहा कि बुजुर्ग पेंशनरों का विशेष ख्याल बैंकों में रखा जाए।

# इंडिया गठबंधन की बंदी का दिखा असर







## जेपी चौक से लेकर गांवों तक इंडिया कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर इंडिया गठबंधन द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का सीवान में जबरदस्त असर देखा गया। शहर से लेकर गांव तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, बाजार पूरी तरह बंद रहे। सुबह 6:30 बजे से ही गठबंधन के कार्यकर्ता जेपी चौक पर जुटने लगे। राजद, कांग्रेस, माले, एम, और लोजपा (पारस) सहित तमाम दलों के कार्यकर्ताओं ने झंडा-बैनर और नारेबाजी के साथ सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**शहर के प्रमुख चौराहों पर किया चक्का जाम**

गोपालगंज मोड़, बबुनिया मोड़, हॉस्पिटल चौक और तरवारा मोड़ पर कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टुकड़ियों ने जाम लगाया। प्रदर्शनकारी हाथों में नारों की तख्तियां लिए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

**गांवों में भी कार्यकर्ताओं का दबदबा**

सीवान के ग्रामीण इलाकों — वैशाखी, तरवारा, मालमलिया, भगवानपुर, मदारपुर, मैरवा, गुठनी और बड़हरिया में भी कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर जाम लगाया। बंद समर्थक पूरी तरह सक्रिय नजर आए और स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की।

**वरिष्ठ नेताओं ने संभाली कमान, एक सुर में की चुनाव आयोग की आलोचना**

बंदी के नेतृत्व में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, हंसनाथ राम, राजद के विपिन कुशवाहा और अजय भास्कर, निवास यादव, तारकेश्वर यादव, एम के फूल महम्मद अंसारी और लोजपा (पारस) सूरज गुप्ता शामिल रहे। सभा को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सीवान सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी, विधान पार्षद विनोद जायसवाल, जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा, बड़हरिया विधायक बच्चा पांडेय और पूर्व विधायक अमरनाथ यादव ने संबोधित किया।

**चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बना, नेताओं ने लगाए गंभीर आरोप**

नेताओं ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है, और बहुसंख्यक जनता के वोटिंग अधिकारों से छेड़छाड़ की साजिश रची जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया को लोकसभा चुनाव से पहले लागू क्यों नहीं किया गया? इतनी जल्दी 25 जुलाई तक प्रक्रिया पूरी करना न सिर्फ असंभव है, बल्कि एक पक्षपातपूर्ण प्रयास भी है। नेताओं ने सवाल किया कि 'आधार कार्ड, वोटर, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और जॉब कार्ड को प्रक्रिया से बाहर क्यों किया गया?' और अब यह कहना कि ईआरओ तय करेगा, जनता की आँखों में धूल झोंकने जैसा है।

**सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद, पूरे जिले में दिखा संगठनात्मक मजबूती का प्रदर्शन**

बंद के दौरान सीवान में कैलाश चौहान, लीलावती गिरी, डॉ. विधु शेखर पांडेय, अरुण गुप्ता, सोहिला गुप्ता, अशोक सिंह, हन्नी वर्मा, शिवनाथ राम, इरफान अहमद, जयशंकर पंडित, रमेश उपाध्याय, सुरेंद्र तिवारी, शाहबाज अख्तर, राकेश कुमार सिंह, आलोक मिश्रा, जावेद अशरफ, माया देवी, लवलीन चौधुरी, प्रिंस पासवान, रिजवान अहमद, कमल किशोर ठाकुर, गुफरान अहमद सहित सैकड़ों लोग प्रदर्शन में शामिल रहे।

**ये प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भी रहे सक्रिय**

इस आंदोलन में सीपीआईएम जिला सचिव फूल मोहम्मद अंसारी, अर्जुन यादव, मार्कंडेय, अरुण कुमार सिंह, परमा चौधरी, कन्हैया चौधरी, प्रोफेसर उपेंद्र नाथ यादव, गणेश राम, सुशील कुमार, डॉ. जगन्नाथ प्रसाद, डॉ. दयानंद सिंह, रविंद्र सिंह (अधिवक्ता), योगेंद्र सिंह, राजेंद्र मांझी, दशरथ राम, विपिन बिहारी सिंह, तुफैल अहमद, अनूप कुमार, मुनि मांझी, योगेंद्र मिस्त्री सहित सैकड़ों सीपीआईएम कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर सक्रिय भूमिका निभाते नजर आए।

## बंद का बेतिया में रहा मिला-जुला असर








**बेतिया/नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महागठबंधन की ओर से बिहार बंद का जिले में मिला-जुला असर रहा। ऐहतियात के तौर पर शहर के कई विद्यालय बंद रहे है। सामान्य दिनों की तरह वाहनों का परिचालन होता रहा। शहर के लाल बाजार,जंगी मस्जिद रोड,जनता सिनेमा रोड आदि जगहों पर कुछ दुकानें बंद रही,तो कुछ दुकानें खुली रही है। बंद समर्थक जगह-जगह पर दुकानों को बंद कराते व वाहनों को रोकते हुए नजर आए। करीब 11 बजे महागबंधन के नेता शहर के स्टेशन चौक पर पहुंचे। जहां सिकटा विधायक वीरेंद्र गुप्ता,एमएलसी सौरभ कुमार, पूर्व मंत्री रामप्रसाद यादव,पूर्व जिप अध्यक्ष अमर यादव,राजद जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, माकपा के प्रभुराज नारायण राव,माले के सुनील राव,कांग्रेस प्रमोद सिंह पटेल,पूर्व जिलाध्यक्ष भारतभूषण दूबे,राजद के प्रभु यादव,संजय यादव आदि ने सड़क जाम कर दिया। जिसके कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। इस दौरान महागबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री व चुनाव आयोग के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। करीब डेढ़ घंटा सड़क जाम करने के बाद महागबंधन के नेता समाहरणालय पहुंचे। जहां धरना-प्रदर्शन दिया। नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार नरकटियागंज में राजद ,कांग्रेस पार्टी सहित अन्य घटक दलों के समर्थकों ने शांतिपूर्ण तरीके से चौक-चौराहों पर बंद कराया।

इस दौरान कार्यकर्ता झंडा-बैनर लेकर सड़कों पर उतर कर एनडीए खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। राजद एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नगर के फ्लाई ओवर ब्रिज पे यातायात को बाधित किया जिससे लम्बी दूरी तक गाड़ियों की कतार लग गई। घंटों तक मुख्य सड़क पर जाम की समस्या लगी रही। हालांकि सुरक्षा को लेकर शिकारपुर पुलिस भी पूरी तरह चुस्त दुरस्त दिखी। राजद के प्रदेश महासचिव इफ्तखार अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग मिलकर बिहार में बोटर लिस्ट में फजीर्वाड़ा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार के सभी मतदाता का पुनरीक्षण क्यों नहीं किया गया अगर उस समय सभी सही हैं तो फिर बिहार चुनाव के दौरान पुनरीक्षण की बात गलत हैं। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता पुनरीक्षण को वापस नहीं लिया जाता हैं तो आंदोलन और तेज होगा।

### सड़क पर उतरे एटक,सीटू व संयुक्त मोर्चा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ट्रेड यूनियन के आम हड़ताल के समर्थन में एटक,सीटू व संयुक्त मोर्चा अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे।इसमें आशा, रसोईया, सेविका-सहायिका, एम्बुलेंस कर्मी, खेत मजदूर, किसान, एआईवाईएफ कार्यकर्त्ता शामिल हुए। उन्होंने स्कीम वर्कर्स की सेवा स्थायी करने, 26 हजार रुपये मानदेय देने, ठेका प्रथा खत्म करने, निजीकरण पर रोक लगाने, संविदा कर्मियों की सेवा स्थायी करने, किसानों को फसल का लाभकारी मूल्य देने, कर्ज माफ करने, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को 17 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व एटक नेता ओम प्रकाश क्रांति, लालबाबू राम, रंजना, पुष्पा, देवेंद्र पांडेय, सुमेश्वर सिंह, सुनील राम, किसान नेता राधामोहन यादव, अशोक मिश्र, केदार चौधरी, अहमद अली, नौजवान नेता तारिक, इदू, गंगा वर्मा, अंजारूल, खेत मजदूर नेता राजेंद्र साह, अच्छे लाल, ध्रुव नाथ तिवारी, संजय सिंह, कैलाश प्रसाद और राजीव रंजन झा ने किया। उधर भारत की संयुक्त केंद्रीय मजदूर संघर्ष समिति जिसमें अधिकांश किसान संगठन भी शामिल है। जिसमें अधिकांश मजदूर यूनियन, किसान संगठन और दूसरे प्रगतिशील, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी दलों के लोग भी शामिल हैं। तीन और चार श्रम संहिताओं का इतना बड़ा खौफ है कि इसमें भारतीय मजदूर संघ के लोग भी शामिल हो गए हैं।

## चुनाव आयोग की कथित तुगलकी फरमान के विरोध में एकमा बंद, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाईः सुभाष यादव**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चुनाव आयोग द्वारा जारी कथित तुगलकी फरमान के खिलाफ बुधवार को एकमा बाजार में राजद कार्यकताओं समेत महागठबंधन में शामिल दलों के कार्यकताओं द्वारा बंदी और चक्का जाम का आयोजन किया गया। इस बंदी का नेतृत्व राजद एकमा प्रखंड अध्यक्ष वकील यादव ने की। इस अवसर पर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि यह लड़ाई केवल विरोध की नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के वोटर लिस्ट से बाहर करने की साज़िश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। श्री यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आज नहीं जागे तो कल आपका वोट भी नहीं बचेगा। लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिशें चल रही हैं, हमें मिलकर इसका विरोध करना होगा। इस बंदी में राजद के पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर यादव, सुभाष प्रसाद यादव, अवधेश यादव, कन्हैया यादव, जीतेंद्र यादव, पूर्व मुखिया अशोक राय, पूर्व सरपंच दीपक प्रसाद, अनिल यादव, रवि कुमार महतो, मनोज कुमार, गोरख प्रसाद, संतोष महतो, लखन राम, पंचायत अध्यक्ष राम अवतार महतो, भिखारी यादव, कमल यादव सहित सैकड़ों राजद व महागठबंधन कार्यकर्ता शामिल रहे। बंद के दौरान एकमा बाजार में व्यवसायिक आंशिक रूप से प्रतिष्ठान बंद रहे और छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर यातायात कुछ देर के लिए प्रभावित रहा।

## हत्याकांड में छह को आजीवन कारावास

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाने के बारवा निवासी शेख कयामुद्दीन की तीन वर्ष पूर्व गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिजेंद्र कुमार ने छः अभियुक्त को दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं प्रत्येक के ऊपर सत्तर हजार रुपया अर्थदंड भी लगाया है। सजायाफ्ता रवि पासवान, साधु पासवान, रंजन पासवान, लालू पासवान, इद्रीश मियां तथा अवधेश पासवान इनरवा थाना क्षेत्र के बरवा गांव के रहने वाले हैं । अपर लोक अभियोजक शीला मिश्रा ने बताया कि घटना 10 मार्च 1922 की है। घटना की सुबह मृतक अपने भाई ,मां एवं अन्य के साथ अपने नवनिर्मित मकान के पास बैठा था। तभी अभियुक्तगण वहां आए तथा अपनी जमीन घेरने की बात कहने लगे। इस पर कयामुद्दीन ने कहा कि पहले अमीन बुलाकर जमीन का नापी कर लीजिए तब जमीन घेरिएगा ।इतना सुनते ही अवधेश पासवान उसे पकड़ लिए साधु पासवान तथा लालू पासवान अपने हाथ में लिए तलवार से उसके दोनों पैर काटकर जख्मी कर दिया। इसके बाद रवि पासवान ने अपने हाथ में लिए बंदूक से उसके दाहिने तरफ सीने में गोली मार दी। जिससे कयामुद्दीन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। रंजन पासवान बंदूक से फायर कर रहा था तथा इदरीश मियां हाथ में लिए फरसा चला काटने की बात कह रहे थे। इस संबंध में मृतक के भाई मोहम्मद इम्तियाज ने तीन महिलाओं समेत नौ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## डीएम ने की गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



**नरकटियागंज/मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय में बुधवार को जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 को लेकर निर्वाचन कार्य मे लगे अधिकारियो व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य मे पारदर्शिता, समयबद्धता, और गुणवक्ता का सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गणना प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुसंशित दस्तवेजो के साथ ही प्राप्त किये जाय। यदि किसी कारणवश दस्तावेज उपलब्ध नही हो पाए है। तो वैसे मतदाता के हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र के माध्यम से सत्यापन कर अपलोडिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने दावा एवं आपत्ति के दौरान दस्तावेजो की जांच पूरी सतर्कता से करे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गहन पुनरीक्षण कार्यो की विस्तृत जानकारी की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण डेटा को ऑनलाइन अपलोड की बेहतर स्थिति पर संतोष जताया। मौके पर डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, नप ईओ उपेंद्र कुमार सिंहा, सीडीपीओ सोहेल अहमद, एमओ अमरेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।मैनाटांड प्रतिनिधि के अनुसार डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बुधवार को मैनाटांड प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। डीएम ने बीएलओ को फार्म अपलोड की गति बढ़ाने का निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। मौके पर बीडीओ दीपक राम,बीपीआरओ गोवींद कुमार,सीओ आशीष आनंद मौजूद रहें।

### नरकटियागंज में पंचायत उप चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप चुनाव को लेकर प्रखंड के भेड़िहरवा पंचायत में बुधवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ हालांकि दोपहर में कड़ी धूप व उमस भरी गर्मी को लेकर मतदाताओं में उत्साह थोड़ा कम दिखा। हालांकि सूरज ढलने के साथ मतदाताओं का हुजूम बढ़ने लगा। मतदान केंद्रों पर मतदाता पहुचने लगे और कतारबद्ध होकर अपना मतदान किया। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारी व दंडाधिकारी तैनात रहे। उप चुनाव के आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया की प्रखंड के एकमात्र भेड़िहरवा पंचायत में सरपंच पद के लिए मतदान किया गया। यह 15 बूथ बनाये गए थे। सभी बूथों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हुआ। इस दौरान औसतन 46.52 प्रतिशत मतदान रहा।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम को लेकर सिवान न्यायालय में विशेष बैठक

**राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक पदाधिकारियों ने की बिंदुवार चर्चा**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिवान की ओर से 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान के तहत एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मोतीश कुमार सिंह ने की। इस दौरान सिवान व्यवहार न्यायालय के समस्त न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। लोक अदालत के माध्यम से होंगे वैवाहिक विवाद से लेकर भूमि अधिग्रहण के मामले तक का निपटारा

**विशेष अभियान चलाकर किया जाएगा वादों का निष्पादन**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत निम्नलिखित वादों का निपटारा किया जाएगा, जिसमें वैवाहिक विवाद, दुर्घटना मुआवजा दावा, घरेलू हिंसा से जुड़े मामले, चेक बाउंस के वाद, वाणिज्यिक विवाद एवं सेवा मामलों के वाद, अपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली और निष्कासन, भूमि अधिग्रहण से जुड़े वाद और अन्य उपयुक्त सिविल वाद।

**सभी न्यायिक पदाधिकारियों को दिया गया जिम्मेदारी के साथ निर्देश**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोतीश कुमार सिंह ने सिवान व्यवहार न्यायालय में कार्यरत सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर NALSA द्वारा दिए गए निर्देशों पर गहन चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को विशेष रुचि लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का निर्देश दिया।

**बैठक में प्रमुख रूप से शामिल रहे न्यायिक पदाधिकारी**

मनोज कुमार 2 (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय), विजय कृष्ण सिंह (एडीजे 1), सुशील कुमार त्रिपाठी (एडीजे 2), संतोष कुमार (एडीजे 3), सलीम राजा (विशेष उत्पाद न्यायाधीश प्रथम), राजेश रंजन द्विवेदी (विशेष उत्पाद न्यायाधीश द्वितीय), श्रीमती मोनिशा कुमारी (एडीजे 4), उमाशंकर (एडीजे 5), श्रीमती प्रतिभा (एडीजे 6), राकेश कुमार पांडे (एडीजे 7), शशि भूषण कुमार (एडीजे 8), सुशांत रंजन (एडीजे 9), राजेश त्रिपाठी (एडीजे 10), संजीव कुमार पांडे (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी)। इसके अलावा न्यायिक पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, मनोज कुमार, बबीता सिंह, रवि कुमार, कमलेश कुमार सिंह, अजयेंद्र कुमार, अजय मिश्रा, कोमल शांडिल्य, महेंद्र मिश्रा (प्रधान न्यायाधीश, किशोर न्याय परिषद), विकास कुमार, शुभम कुमार, शिवम प्रताप सिंह, आशुतोष गौतम, चांदनी गुप्ता, मिस कुमारी सौम्या, एडवोकेट गणेश राम उर्फ ज्ञान रत्न भी बैठक में मौजूद रहे।

### स्पॉट ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने और कला के प्रति उनके जुनून को जगाने के उद्देश्य से नगर के मेहंदियाबारी स्थित संत माइकल्स एकेडमी में रोमांचक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग तीन से वर्ग दसवीं तक के 278 छात्र छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों जैसे अपना परिवार, इंद्रधनुष, अपना प्रिय कार्टून कैरेक्टर, पर्यावरण रक्षा, मेरा सपना, सामाजिक सौहार्द पर अपनी कलाकृतियां प्रस्तुत की. निर्णायक मंडल में शामिल बालकृष्ण सर, काजल मिश्रा, तस्मिया खानम ने प्रत्येक कलाकृति का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की कल्पना और रचनात्मकता देखकर बहुत खुशी हुई.

### निष्कासन पर बिफरे भाजपा के जिला प्रवक्ता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित होने के बाद भाजपा जिला प्रवक्ता विजय ठाकुर ने पलटवार किया है। कहा है कि उनका निष्कासन चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह के दबाब में हुआ है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी में अन्य कई लोग है जो अपना बैनर लेकर पार्टी के झंडा तले कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे है। लेकिन अभी उनके द्वारा पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को एकजुट करने के उद्देश्य से बुलायी गयी सभा की घोषणा से हीं कई लोग अपनी सता छिन जाने की आशका जताने लगे है। उन्होंने कहा कि मै 80 के दशक से हीं भाजपा का समर्पित सिपाही रहा हूं और आज भी हूं। मेरा संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि पार्टी ने जब भी जो जिम्मेवारी सौंपी है, बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन किया। श्री ठाकुर ने कहा कि संगठन मजबूति के उद्देश्य से आगामी 20 जुलाई को चनपटिया के पैतृक आवास बरोहिया में कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित की योजना बनी है। लेकिन चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह को इससे खतरा महसूस होने लगा। इस कारण जिलाध्यक्ष पर दबाव डलवा कर उन्हें पार्टी से निष्कासित करवा दिया।

**Affidavit**

I, hitherto known as Sheru Khaton, wife of Hadish Miya vill-Bhamopali , post-Rachho Pali, Distt-Siwan, Bihar, PIN-841427 have changed my name and shall hereafter be known as KHARAITOON. Affidavit no 2 date 9.7.25

# महागठबंधन ने किया चक्का जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ आज इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के बिहार बंद का असर औरंगाबाद में नजर आया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहीं सड़क पर वाहनों को खड़ी कर तो कहीं आगजनी कर आवागमन को बाधित कर दिया। कार्यकर्ताओं ने जमकर चुनाव आयोग और एनडीए के खिलाफ नारेबाजी की। इन लोगों की एकमात्र मांग चुनाव आयोग द्वारा लिए गए फैसले पर पुनर्विचार कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को वापस लेने की थी। उनका आरोप है कि गरीबों का हक छीनने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कभी सफल नहीं होने देंगे। पहले सरकार ने नोटबंदी कर गरीबों को परेशान किया और अब वोटबंदी के जरिए उन्हें मतदान से वंचित करना चाहती है। इस विरोध प्रदर्शन में राजद, कांग्रेस, वाम दल, वीआईपी पार्टी और युवा शक्ति (पप्पू यादव) सहित महागठबंधन के सभी घटक दल शामिल रहे। महागठबंधन के कार्यकर्ता सुबह से औरंगाबाद शहर के रमेश चौक, अंतराष्ट्रीय राजमार्ग-19 ओवर ब्रिज, कामा बिगहा, ओबरा, दाउदनगर, गोह, रफीगंज, देव मदनपुर, अंबा, बारून सहित अन्य जगहों पर बंद कराते दिखे। वक्ताओं ने कहा कि जैसे महाराष्ट्र के चुनाव में चोरी किया गया, वैसे ही बिहार के चुनाव में चोरी करने की कोशिश हो रही है। बिहार के गरीबों के हक छीनने की कोशिश की जा रही है। हमलोग लोकतंत्र का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में रफीगंज विधायक मो. नेहालुद्दीन, पूर्व विधान परिषद सदस्य अनुज कुमार सिंह, राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, राजद के प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, वरीय राजद नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, वरीय राजद नेता विनय प्रसाद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, अरविंद सिंह, माले के जिला सचिव मुनारिक राम, सीपीएम नेता रामचन्द्र यादव, वीआईपी के जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# 270 नये मतदान केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में आज समाहरणालय स्थित सभागार में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। बैठक में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में औरंगाबाद जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2009 मतदान केन्द्र संचालित हैं। आयोग के मानकों के अनुरूप 1200 से अधिक मतदाताओं वाले 381 केन्द्रों की पहचान की गई है जिनमें से 111 केन्द्रों पर मतदाताओं का स्थानांतरण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त 270 नए मतदान केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया गया है ताकि मतदान व्यवस्था को और अधिक सुविधाजनक, समावेशी एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। बैठक में युक्तिकरण प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की गई तथा उनसे मूल्यवान सुझाव भी आमंत्रित किए गए। यह प्रक्रिया पारदर्शिता, समन्वय एवं निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए संचालित की जा रही है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# ट्रक लूटकांड का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रक लूटकांड में फरार अभियुक्त को दाउदनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान लखीसराय जिले के तेतरहाट थाना क्षेत्र के शर्मा निवासी रामाशीष सिंह के पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ लखीसराय थाना में चार और तेतरहाट थाना में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। दरअसल 06.09.2016 को दाउदनगर थाना क्षेत्र के जिनोरिया के पास से एक ट्रक लूट लिया गया था। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन पूर्व में किया गया था। गठित एसआईटी के द्वारा पूर्व में इस कांड में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा जा चुका हैं जबकि एक अन्य अभियुक्त ने पुलिस दबिश पर न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इसी क्रम में तकनीकी विश्लेषण, आसूचना संकलन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष टीम के लगातार प्रयास से उक्त कांड के अभियुक्त मनीष कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि ट्रक लूटकांड के अभियुक्त को नौ साल बाद गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

# औरंगाबाद में खाद की नहीं है कमी : डीएओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में उचित मूल्य पर उर्वरकों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज के निर्देशानुसार सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत समन्वयकों को अपने प्रभार क्षेत्र में उपलब्ध उर्वरकों का समुचित वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वर्तमान में औरंगाबाद जिले के सभी 11 प्रखंडों में डीएपी, एनपीके तथा यूरिया की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। श्री राज ने बताया कि औरंगाबाद प्रखंड में 339.85 मीट्रिक टन डीएपी, 1211.775 मीट्रिक टन एनपीके तथा 2597.4 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। वहीं बारून प्रखंड में 186.50 मीट्रिक टन डीएपी, 521.3 मीट्रिक टन एनपीके तथा 858.42 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण किया गया है। इसी प्रकार ओबरा प्रखंड में 96.35 मीट्रिक टन डीएपी, 506.5 मीट्रिक टन एनपीके तथा 952.462 मीट्रिक टन यूरिया, दाउदनगर में 269.975 मीट्रिक टन डीएपी, 475.5 मीट्रिक टन एनपीके तथा 926.635 मीट्रिक टन यूरिया, रफीगंज में 170.90 मीट्रिक टन डीएपी, 177.55 मीट्रिक टन एनपीके तथा 551.07 मीट्रिक टन यूरिया, गोह में 168.65 मीट्रिक टन डीएपी, 383.95 मीट्रिक टन एनपीके तथा 881.06 मीट्रिक टन यूरिया, मदनपुर में 132.55 मीट्रिक टन डीएपी, 313.45 मीट्रिक टन एनपीके तथा 803.42 मीट्रिक टन यूरिया, देव में 129.85 मीट्रिक टन डीएपी, 185.5 मीट्रिक टन एनपीके तथा 778.995 मीट्रिक टन यूरिया, कुटुंबा प्रखंड में 94.00 मीट्रिक टन डीएपी, 148.5 मीट्रिक टन एनपीके तथा 783.73 मीट्रिक टन यूरिया एवं नवीनगर प्रखंड में 260.95 मीट्रिक टन डीएपी, 368.95 मीट्रिक टन एनपीके तथा 988.338 मीट्रिक टन यूरिया की व्यवस्था की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1947.23 मीट्रिक टन डीएपी, 4684.3 मीट्रिक टन एनपीके तथा 10832.215 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है। किसानों को सूचित किया जाता है कि सभी अधिकृत विक्रय केंद्रों पर उर्वरकों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। यदि किसी किसान को उर्वरक प्राप्त करने में कठिनाई होती है तो वे अपने संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं अथवा जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06186-469430 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधिकृत खुदरा विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों की बिक्री पारदर्शी एवं नियमानुसार सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या कृत्रिम अभाव की स्थिति न उत्पन्न हो।

## युवक घायल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के ओवरब्रिज के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर ट्रक टेलर पलट जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के तिवारी बिगहा गांव निवासी सत्येंद्र तिवारी के पुत्र गौरव तिवारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि वह बुलेट गाड़ी का सर्विसिंग कराने योद्धा ऑटोमोबाइल सेंटर गया हुआ था।

# बिहार बंद को राज्य की जनता ने नकारा : गोपाल शरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजद, कांग्रेस एवं उनके समर्थित दलों द्वारा बुलाए गए बिहार बंद को बिहार की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि बिहार में कई स्थानों पर राजद-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गुंडागर्दी कर व्यवसायियों, आम नागरिकों, बीमार लोगों और राहगीरों को नुकसान पहुंचाने का निंदनीय कार्य किया है। इनके विरोध कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि बिहार की जनता मतदाता सूची के गहन पुनर्निरीक्षण का पूरी तरह समर्थन करती है और यह बिहार के हित में आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की सरकार देश के सभी तबकों के हितों के लिए काम करती है और सभी लोगों के लिए बिना भेदभाव के योजनाएं बनाती है जिससे सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। यदि बिहार में घुसपैठिए अवैध नागरिक बनकर गरीबों का हकमरी करने का काम करते हैं और उन्हें सत्तालोलुप राजनीतिक दल के लोग समर्थन देते हैं तो बिहार की जनता इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। आज के बंद की विफलता इस बात का जनादेश है।

# मांगों को लेकर आशा व फैसिलिटेटरों ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर/दाउदनगर(औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में बुधवार को आशाकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ व चिकित्सा संघ के आह्वान पर बिहार राज्य आशाकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर संघ और भैक्सिन कुरियर संघ से सम्बद्ध बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और सीटू प्रखण्ड शाखा इकाई मदनपुर शामिल हुए। फैसिलिटेटर ममता कुमारी ने प्रदर्शन की अध्यक्षता की। आशाकर्ता और आशा फैसिलिटेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को रद्द करने, ठेका, संविदा, आउटसोर्सिंग की सेवा नियमित करने, एनपीएस, यूपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करने, संविदा कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने, 18 माह का फ्रिज किए गए महंगाई भत्ते का भुगतान करने, रिक्त पदों पर नियमित बहाली करने, आशा कार्यकर्ताओं के लिए वैधानिक मजदूरी, बकाया भुगतान में पारदर्शिता, वेलनेस सेंटर पर उचित व्यवस्था, नियमितीकरण, स्वास्थ्य पर सकल घरेलू उत्पाद का छह फिसदी खर्च करने, आशा कार्यकर्ताओं को 26 हजार रूपये प्रतिमाह की सरकारी मजदूरी देने और आशा एवं फैसिलिटेटरों के बकाया भुगतान का अविलंब भुगतान करने की मांग की। इस दौरान चिकित्सा संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रखंड मंत्री बृजनंदन सिंह, कुरियर संजय कुमार, सावित्री कुमारी, कांति देवी, संजू कुमारी, मनोरमा कुंवर, प्रेमा कुमारी, आरती कुमारी, नील कुमारी, कुसुम रानी, कलावती देवी, श्रीमती कुमारी, सुशीला देवी, लीलावती कुमारी, संजू देवी, शकुन्तला देवी, निर्मला देवी, उषा कुमारी, पिंकी देवी, रिना कुमारी, सुनिता देवी, संगीता देवी, सरोज देवी शामिल थी।

## चार दिवसीय यूनिटी रंग महोत्सव संपन्न

**दाउदनगर(औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** यूनिटी व कला संस्कृति और युवा विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से चार दिवसीय यूनिटी रंग महोत्सव के अंतिम दिन उच्च विद्यालय एकौनी के खेल मैदान में आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए संघर्ष पर आधारित नाटक बिरसा का जंगल का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन काराकाट के सांसद राजाराम सिंह, पटना के प्रख्यात रंगकर्मी परवेज अख्तर, राजद नेता व पूर्व मुखिया सोनम कुशवाहा, दाउदनगर उत्तरी के जिला पार्षद अमरेंद्र उर्फ अरविंद यादव, जनवादी लेखक संघ के जिला सचिव अलखदेव प्रसाद अचल, रामाकांत सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर दिया गया। सांसद ने कहा कि यूनिटी का यह कार्य देश में विविधता के एकता में संकट के दौर में गहरा संदेश दे रहा है।

# उत्पाद टीम पर हमला, दारोगा व चालक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार-झारखंड बॉर्डर इलाके में कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा के पास स्थित धोबनी गांव के पास असामाजिक तत्वों ने उत्पाद विभाग की टीम पर मंगलवार की रात हमला कर दिया जिसमें एसआई और वाहन चालक समेत 4 लोग जख्मी हो गए। घायलों में उत्पाद विभाग के दारोगा कृष्णनंदन कुमार और चालक सुमंत कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल है। जानकारी के मुताबिक नशे में धुत शराबियों को स्कॉर्पियो में बैठाकर उत्पाद विभाग की टीम अपने साथ ले जा रही थी। किसी तरह इसकी भनक शराबियों के परिजनों और ग्रामीणों को लग गई। इसके बाद एक पिकअप से परिजन पहुंचे व उत्पाद विभाग के स्कॉर्पियो में टक्कर मारने के साथ ही एसआई, चालक और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की। परिजन शराबियों को छुड़ाकर अपने साथ ले गए। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कुटुंबा थाना की पुलिस और उत्पाद विभाग के अन्य पदाधिकारी व जवान घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मियों को इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने एसआई कृष्णनंदन कुमार व चालक सुमंत की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस की टीम वहां पहुंची थी। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण फरार हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल, उत्पाद विभाग की टीम ने कोई आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर मामले में एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि शराब एवं शराब धंधेबाजों को पकड़ने के क्रम में पुलिस पर हमला कोई नई बात नहीं है। दो महीने पूर्व एक मई को भी टंडवा इलाके में बारातियों ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला किया था।

## सरपंच पद के लिए उपचुनाव संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के गोरडीहा पंचायत में सरपंच पद का उपचुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। इसके लिए 15 बूथ बनाये गये थे। सरपंच पद के लिए पांच अभ्यर्थियों ने नामांकन किया था। वहीं गोरडीहा एवं दुगुल पंचायत में वार्ड सदस्य के लिए दो-दो अभ्यर्थी मैदान में हैं। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी उपेंद्र दास ने बताया कि 15 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया। पंचायत में 7257 कुल मतदाता हैं। इनमें 47% मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया है। मतगणना 11 जुलाई को होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269







ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल : मोहनियां (कैमूर)
की ओर से आप सभी को नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
उपलब्धियां/ संकल्प
- प्रमुख ग्रामीण सड़कों को बेहतर करने की दिशा में लगातार प्रयासरत
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अनुरक्षण नीति के तहत निर्धारित समय पर ग्रामीण सड़कों की मरम्मति
- ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन की बेहतर सुविधा

ई. चंदू बैठा
कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल : भागलपुर (बिहार)
की ओर से नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
- बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के अनुरूप ग्रामीण सड़कों की मरम्मत तथा उसके रख-रखाव की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि ग्रामीण सड़कों पर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया जा सके।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कार्य प्रमंडल, शेखपुरा के अंतर्गत दर्जनों सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे सैकड़ों गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जा सकता है और अभी आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध है।
- महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों की लंबाई-चौड़ाई बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील।

ई. प्रताप पासवान
कार्यपालक अभियंता